# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

# धरना-प्रदर्शन के कारण 15 एक्सप्रेस समेत 20 ट्रेनें निरस्त

गोरखपुर (एसएनबी)। धरना-प्रदर्शन के कारण 20 गाड़ियों के निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन तथा रिशिड्यूलिंग निम्नवत हैः-

**निरस्तीकरण : एक्सप्रेस गाड़ियां- कुल 15 गाड़ियाँ :** 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस 19 जून, 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस 21 जून, 22411 नाहरलगुन-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस 21 जून, 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस 19 एवं 20 जून, 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 19 जून,15049 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस 19 जून, 15027 हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस 19 जून, 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 19 जून, 14006 आनन्द विहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस 19 जून, 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 21 जून, 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस 19 जून, 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस 19 जून, 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस 19 जून,19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस 21 जून, 19165 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 19 जून, 2022

**विशेष गाड़ियां- कुल 4 विशेष गाड़ियां**
01028 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी 21 जून, 01027 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी 19 जून, 03131 सियालदह-गोरखपुर विशेष गाड़ी 19 जून, 03132 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी 20 जून, 2022।

**सवारी गाड़ियां- कुल 1 गाड़ी**
05449 नरकटियागंज-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 19 जून, 2022।

**शार्ट टर्मिनेशन :** 3 गाड़ियों के शार्ट टर्मिनेट किये जाने का विवरण निम्नवत है-11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस 18 जून, छपरा, 12791 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस 19 जून, पं दीनदयाल उपाध्याय जं, 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस 19 जून, गोरखपुर।

**शार्ट ओरिजिनेशन :** 3 गाड़ी के शार्ट ओरिजिनेट किये जाने का विवरण निम्नवत है। 12792 दानापुर-सिकन्दराबाद एक्सप्रेस 21 जून, पं दीनदयाल उपाध्याय जं., 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 22 जून, गोरखपुर, 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून 20 जून, गोरखपुर।

**रि-शिड्यूलिंग :** 1 गाड़ी रिशिड्यूल कर चलाई जाने वाली गाड़ी का विवरण निम्नवत है : 12791 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस 19 जून, सिकन्दराबाद से। उपरोक्त निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन तथा रिशिड्यूलिंग 18 जून, को समय 20.00 बजे जारी बुलेटिन संख्या-2 के अतिरिक्त हैं। यह जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने एक विज्ञप्ति में दी।



रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत गश्त करते आरपीएफ के जवान व ट्रेन के इन्तजार में बैठे यात्री। फोटो : एसएनबी



जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज जाने वाली ग्रीन कोरीडोर एम्बुलेन्स को झंडी दिखाकर रवाना करते एसएसपी डॉ. विपिन ताडा। फोटो : एसएनबी

# पथराव करने वाले तीन गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। पीपीगंज रेलवे स्टेशन और कस्बे में अग्निपथ योजना को लेकर कुछ उपद्रवी युवकों द्वारा पथराव और तोड़फोड़ की गयी थी। इस मामले में सीसीटीवी से मिली फुटेज के आधार पर चिन्हित तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने अपना नाम मिथुन चौरसिया पुत्र बेचूलाल चौरसिया निवासी जंगल अगही टोला बड़ी सेन्दुरी थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर, मनीष चौरसिया पुत्र रमेश चन्द्र चौरसिया निवासी जंगल अगही टोला बड़ी सेन्दुरी थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर व सोनू साहनी पुत्र पन्ने साहनी निवासी जसवल बाजार थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर बताया।

**इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित :** गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ और फोटो के आधार पर अन्य फरार वांछित अभियुक्तों रामस्वरूप पुत्र राजकिशोर निवासी बरहट्टा थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर, अभिषेक गुप्ता पुत्र मजधार गुप्ता निवासी वार्ड नं0 2 पीपीगंज कस्बा थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर, तुफानी यादव पुत्र अज्ञात निवासी भरवल थाना पीपीगंज, धीरज यादव पुत्र अज्ञात निवासी सरहरी थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है।

फरार उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित किया गया है। पुलिस टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। इन पर गैंगस्टर और एनएसए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध एक अन्य मुकदमा आरपीएफ द्वारा पंजीकृत कराया गया है। जिले में धारा 144 लागू है। बिना अनुमति किसी भी प्रकार का प्रदर्शन करने वालों के विरूद्ध आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने युवकों से अपील की है कि बेवजह किसी के उकसावे में आकर अपना भविष्य न खराब करें। भर्तियां शीघ्र होने वाली हैं लिहाजा उन्हें अपनी तैयारी पर ध्यान देना चाहिए।

**डॉ. विपिन टाडा, एसएसपी**

# पुलिस पर फायर झोंक भाग रहे वाहन लिफ्टर गिरफ्तार

**वाहन लिफ्टर की निशानदेही पर उसके तीन अन्य साथी भी पकड़े गए**

**चोरी की बाइक, पिकअप, तमंचा और गांजा बरामद**

**एसएसपी ने गुडवर्क टीम को दिया 25 हजार का ईनाम**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिले की चिलुआताल, एसओजी, स्वाट और सर्विलांस टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। टीमों ने पुलिस टीम पर फायर झोंककर भागने का प्रयास कर रहे वाहन लिफ्टर गैंग के एक सरगना को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर उसके तीन और साथी भी पकड़े गए। पुलिस के मुताबिक बदमाशों के कब्जे से चोरी की 03 मालवाहक चार पाहिया गाडी (पिकअप), 01 मोटरसाइकिल, 01 गैस कटर, अवैध गांजा एवं तमंचा बरामद किया गया।



एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि चिलुआताल थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शर्मा सहयोगी वरिष्ठ उप निरीक्षक सोनेंद्र सिंह व हमराहियों के साथ बीती रात मुखबिर की एक सूचना पर स्पोर्टस कालेज चौराहा व मुगलहा पेट्रोल पंप के पास से मुठभेड़ के दौरान चार शातिर चोरों को पकड़ा। पूछताछ में चोरों के सरगना ने अपना नाम श्याम दूबे पुत्र त्रियुगी दूबे निवासी पकवाझार डुमरी थाना कसया जनपद कुशीनगर, अखिलेश कुमार पुत्र नगीना शाह निवासी कैलाशनगर थाना बगहा जिला पश्चिम चम्पारण बिहार, गुड्डू सिंह पुत्र कैलाश सिंह निवासी बसन्तपुर थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया व हरेराम राजभर पुत्र शिव राजभर निवासी पकवाझार परसोनिया टोला थाना कसया जनपद कुशीनगर बताया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह गाड़ियो को चोरी करके, उन्ही चोरी की गाड़ियो से अवैध गांजा एवं मादक पदार्थ की तस्करी करते हैं। पकड़े जाने से बचने के लिये, गैस कटर की मदद से चोरी की गाड़ियो को काटकर कबाड़ी को बेच देते हैं। इसके पहले भी हम लोगो द्वारा दर्जनो गाड़ियो को पार्टस्पार्ट में काटकर कबाडी के हाथों बेच चुके है।

## गुडवर्क टीम को मिला 25 हजार का ईनाम

गुडवर्क टीम में प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल प्रदीप शर्मा, वउनि सोनेंद्र सिंह, एसआई घनश्याम उपाध्याय, एसआई बालगंगार शुक्ल, का सोनू यादव, का धर्मेन्द्र यादव थाना चिलुआताल, एसओजी प्रभारी एसआई मनीष यादव मय फोर्स, सर्विलास प्रभारी एसआई धीरेन्द्र राय मय फोर्स और स्वॉट टीम शामिल रही। गुडवर्क टीम को एसएसपी डा. विपिन टाडा ने 25 हजार रुपए ईनाम दिए जाने की घोषणा की।



अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के दृष्टिगत गोरखनाथ क्षेत्र में एसएसपी विपिन टाडा की उपस्थिति में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल के जवानों को दिशा निर्देशित करते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई। फोटो : एसएनबी

# सेडिका प्राचार्य के गिरफ्तारी का वारंट जारी

गोरखपुर (एसएनबी)। चर्च ऑफ इंडिया की सचिव मधुलिका ज्वायस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ को पत्रक भेजकर सेंट एंड्रयूज कालेज के प्रिंसिपल डा. जेके लाल की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है। डा. लाल के विरूद्ध कैंट थाने में जालसाजी के मामले में एक केस दर्ज है। कोर्ट ने इस मुकदमे में एनवीडव्ल्यू जारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश ढाई माह पूर्व दिया है वावजूद अभी तक पुलिस गिरफ्तार कर संवंधित न्यायालय में पेश नहीं कर सकी है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए अपने पत्रक में सचिव ने लिखा है कि सेंट एंड्रयूज कालेज का संचालन चर्च आफ इण्डिया किया करता था। चर्च आफ इण्डिया ने ही डा. जेके लाल को इस कालेज का प्रिंसिपल नियुक्त किया था लेकिन कालेज और उसकी संपत्ति पर कव्ज़ा करने की नियत से डा. लाल ने कुछ लोगो के साथ मिलकर 1970 में एक नई संस्था चर्च आफ नार्थ इण्डिया के नाम से वना ली। कुछ साल वाद रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटी के यहाँ से फर्जी दस्तावेज लगाकर अपनी कमेटी को एप्रूव करवा लिया। जव इसकी जानकरी चर्च आफ इण्डिया के हेड के सैम्युल प्रकाश को हुई तो उनकी तरफ से इसमें आव्जेक्शन रजिस्ट्रार आफ सोसाइटी के यहाँ दाखिल किया गया। इसी वीच 2017 में डा. जे के लाल के खिलाफ कैंट थाने में आईपीसी की धारा 419, 420, 467 ,468 के तहत फर्जी तरीके से कालेज पर कव्ज़ा करने का मुकदमा दर्ज किया गया। करीव पांच साल तक पुलिस की विवेचना चलती रही और डा. लाल पुलिस की मिली भगत से वचते रहे। इसी वीच 20 जनवरी, 2022 को रजिस्ट्रार ने डा. जे के लाल की 2003 की कमेटी को ख़ारिज करते हुए के सैम्युल प्रकाश की चर्च आफ इण्डिया की 1941 की नियमावली को मंजूर करते हुए कालेज का प्रवंधन चर्च आफ इण्डिया की कमेटी को सौंप दिया। 31 मार्च, 2022 को मुख्यं दंडाधिकारी की कोर्ट ने कैंट पुलिस को वारंट जारी करते हुए आदेश दिया कि डा जे के लाल को गिरफ्तार करके कोर्ट में प्रस्तुत किया जाय लेकिन डा. लाल की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। चर्च आफ इण्डिया की सचिव मधुलिका ज्वायस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखकर डा. लाल को गिरफ्तार कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्रक के माध्यम से मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया है कि अभी कुछ दिन पहले डा. लाल ने गलत तरीके से विना नक्शा पास कराये कालेज की जमीन पर दुकानें वनवा रहे थे जिसकी जानकारी होने पर चर्च आफ इण्डिया की तरफ से विकास प्राधिकरण के वीसी से मामले की शिकायत की गई थी। प्राधिकरण की टीम ने गलत तरीके से डा. जे के लाल द्वारा वनवायी जा रही दुकानों को गिरवा दिया था।

# भाई की गड़ासे से गला काट कर हत्या

गोरखपुर (एसएनबी)। पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरामुगलान में रविवार की दोपहर में मकान में गेट लगाने के दौरान विवाद वढ़ने पर वड़े भाई ने गड़ासे मझले भाई के गले पर प्रहार कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में ले लिया। पुलिस शव को कव्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। लोगों का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में यदि पिपराइच पुलिस ने सक्रियता दिखाई होती तो घटना को रोका जा सकता था।

**भूमि विवाद का सामने आ रहा मामला**



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। फोटो : एसएनबी

पिपराइच प्रतिनिधि के मुताविक पिपरामुगलान गांव निवासी श्रीकांत शर्मा (70 वर्ष) के तीन वेटे हैं। वड़ा वेटा व्यासमुनि शर्मा पिता से अलग रहता है। मझला श्यामसुंदर शर्मा व छोटा पूरन शर्मा पिता के साथ रहते हैं। रविवार को मझला वेटा श्यामसुंदरशर्मा निर्माणधीन मकान में लोहे का गेट लगवा रहा था। जिसका विरोध व्यासमुनि शर्मा करने लगा। इस दौरान वाद विवाद के वीच दोनों पक्षों में लाठी-डंडे से मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि व्यासमुनि शर्मा ने इस दौरान गड़ासे से गले व सिर पर प्रहार कर मझले भाई श्यामसुन्दर शर्मा की हत्या कर दी। मृतक की पत्नी रामावती ने अपने जेठ व्यासमुनि शर्मा, जेठानी पुष्पा और उसके लड़के विवेक के विरूद्ध हत्या की तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने तीनों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 302, 504, 506, 427 के तहत केस दर्ज करआरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वताया जा रहा है कि दोनों पक्ष में कई साल पहले भी भूमि विवाद में गंभीर मारपीट हुई थी। जिसमें मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोपी व्यासमुनि आदि जमानत पर हैं। उक्त मामला न्यायालय में विचाराधीन है। घटना के सम्बंध में सीओ सर्किल चौरीचौरा डा. अखिलानंद उपाध्याय ने वताया कि हत्या के आरोपितों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# अग्निपथ योजना के विरोध में पथराव करने वाले 3 गिरफ्तार



**GORAKHPUR (19 June):** अग्निपथ योजना के विरोध में छात्रों के बीच घुसकर पथराव और तोड़फोड़ करने वाले अराजक तत्वों पर गोरखपुर पुलिस सख्त हो गई है. गोरखपुर के पीपीगंज पुलिस ने रविवार की शाम को तीन उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पीपीगंज के जंगल अगही निवासी मिथुन चौरसिया पुत्र बेचूलाल चौरसिया, मनीष चौरसिया पुत्र रमेश चंद्र चौरसिया और जसवल बाजार निवासी सोनू साहनी पुत्र पन्ने साहनी के रूप में हुई. पुलिस ने तीनों को पीपीगंज कस्बे से रात में पकड़ा.

## फुटेज से हुई पहचान

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि 17 जून 2022 को पीपीगंज में छात्रों ने अग्निपथ योजना का विरोध किया था. इस दौरान रोडवेज बसों, दुकानों और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर तोड़फोड़ हुआ था और पथराव भी किया गया था. सीसीटीवी, वीडियो फुटेज में कैद हुई तस्वीरों और फोटो के आधार पर तीनों की पहचान की गई. जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया.

## 4 पर 25 हजार का इनाम

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ और फोटो के आधार पर चार और उपद्रवियों की पहचान की गई है. पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है. जिनकी पहचान हुई है उनमें पीपीगंज के बरहट्टा निवासी रामस्वरूप पुत्र राजकिशोर, वार्ड नंबर दो निवासी अभिषेक गुप्ता पुत्र मजाधर गुप्ता, भरवल निवासी तुफानी यादव और सरहरी निवासी धीरज यादव के रूप में हुई है. ये सभी फरार है. इन चारों पर पुलिस की ओर से 25-25 हजार का इनाम एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने घोषित किया है.

## लगेगा गैंगेस्टर व एनएसए

एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों और फरार चार इनामी आरोपियों पर पुलिस गैंगेस्टर और एनएसए की कार्रवाई भी की जाएगी. एसएसपी ने बताया कि इन सभी के खिलाफ और 30 से ज्यादा अज्ञात के खिलाफ आरपीएफ और पुलिस ने दो मुकदमे दर्ज किए हैं. एसएसपी ने बताया कि कोई भी अराजक तत्व अगर बिना अनुमति हिंसात्मक प्रदर्शन किया और धारा 144 का उल्लंघन किया तो केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# चार अंतरराज्यीय वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 June):** क्राइम ब्रांच व चिलुआताल थाने की पुलिस ने रविवार सुबह मुठभेड़ में चार अंतरराज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया. आरोपितों के कब्जे से चोरी के तीन मालवाहक वाहन, एक बाइक, गैस कटर, गांजा व 315 बोर का एक तमंचा मिला है. बगहा (बिहार), कुशीनगर व देवरिया के रहने वाले आरोपितों को जेल भेज दिया गया है. एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने रविवार को बताया, आठ जून 2022 को राजघाट में हार्बर्ट बांध से मालवाहक आटो चोरी हुआ था. छानबीन करने पर पता चला कि शहर में सक्रिय अंतरराज्यीय चोरों के गिरोह ने वारदात को अंजाम दिया है. सोमवार की भोर में गिरोह के स्पोर्ट्स कालेज के पास होने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल प्रदीप शर्मा व एसओजी प्रभारी मनीष यादव ने टीम के साथ घेर लिया. पुलिस पर फायरिंग कर बदमाशों ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने खुद का बचाव करते हुए घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया. आरोपितों की पहचान बिहार के बगहा निवासी अखिलेश कुमार शाह, कुशीनगर जिले के कसया, पकवा झार डुमरी निवासी श्याम दूबे, हरेराम राजभर और देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी गुड्डू सिंह के रुप में हुई. पूछताछ में पता चला कि दो साल से यह गिरोह गोरखपुर के साथ ही आसपास के जिलों में सक्रिय था. अब तक 20 से अधिक मालवाहक आटो चुराकर उसके अलग-अलग पार्ट को बेच चुके हैं. बरामद हुए मालवाहक आटो को उन्होंने कैंट, राजघाट, खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र व बाइक को खोराबार से चुराया था. गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश चल रही है. एसएसपी ने गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम दिया है.

## श्याम दुबे है गिरोह का मास्टरमाइंड

एसपी सिटी ने बताया कि कुशीनगर जिले का रहने वाला बदमाश श्याम दुबे गिरोह का सरगना है. मालवाहक ऑटो चुराने के बाद बगहा में लेकर खड़ा करता है. जहां गैस कटर से सभी पार्ट को अलग करके बेच देता है.

# यूथ्स को अग्निपथ योजना का फायदा बताएंगे रिटायर्ड फौजी

**अग्निपथ योजना को समझाने के लिए आगे आएंगे रिटायर्ड सैनिक**



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 June):** केंद्र सरकार द्वारा लांच की गई अग्निपथ स्कीम का प्रोटेस्ट तेजी से बढ़ रहा है. इसको लेकर हर जगह सेना की तैयारी करने वाले युवाओं में नाराजगी देखने को मिल रही है. अधिकतर युवा तो इस स्कीम के बारे में जानकारी नहीं है. ऐसे युवाओं को अवेयर करने के लिए गोरखपुर प्रशासन अब रिटायर्ड सैनिकों की मदद लेगा. यहां के पूर्व सैनिक युवाओं को इस योजना की बारिकियां और खूबी समझाएंगे. इसके लिए डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा पूर्व सैनिकों के साथ मीटिंग कर रणनीति तैयार की है.

## पुलिस कर रही संपर्क

गोरखपुर पुलिस भी तैयारी करने वाले युवाओं से लगातार संपर्क कर रही है. एसएसपी के निर्देश पर एलआईयू ने तैयारी करने वाले युवाओं के एरियाज, कोचिंग सेंटर की संख्या के साथ ही उनके विवरण जुटाए हैं. जिले में करीब 3000 से अधिक युवा मिले हैं, जो तैयारी कर रहे हैं. इन स्टूडेंट्स से थाने के बीट सिपाही से लेकर अधिकारी तक संपर्क कर रहे हैं. इसी क्रम में एसएसपी के साथ ही कुल 294 बीट सिपाहियों ने 1050 स्टूडेंट्स से संपर्क किया और उन्हें अवेयर किया. जिसका असर यह रहा कि शनिवार और रविवार को जिले में शांति रही.

## चिन्हित कर रही पुलिस

पुलिस ने पीपीगंज और अन्य जगहों पर हुए तोड़फोड़ के मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस नए युवाओं की जिंदगी मुकदमे से बर्बाद न हो इसलिए फूंक-फूंक कर मामले की जांच कर रही है. पुलिस सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों और अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर रही है. जिले के तमाम वॉट्सएप ग्रुप और फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट की निगरानी भी कर रही है. वहीं उपद्रवियों को चिन्हित करने में एलआईयू के साथ इंटेलिजेंस भी जुटी है.

## पुराने बवालियों की जांच

पुलिस और एलआईयू की टीम जिले के सीएए सहित अलग अलग स्थानों पर हुए पुराने बवालों में शामिल आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है. पुलिस यह पता कर रही है कि इस बवाल में वे शामिल थे या नहीं. साथ ही पुलिस विपक्षी पार्टियों के कुछ नेताओं पर भी नजर रखे हुए है. पुलिस को शक है कि कुछ नेता पूर्व की तरह इस बार भी छात्रों को भड़काने का काम कर रहे हैं.

**रिटायर्ड सैनिक तैयारी करने वाले युवाओं को अवेयर करेंगे. पुलिस भी अपने स्तर पर युवाओं से बातचीत कर उन्हें समझा रही है. हर बिंदु पर पुलिस की निगाह बनी हुई है. चिन्हित करने के बाद उपद्रवियों पर कार्रवाई की जाएगी.**

**डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी

# अवैध शराब समेत चार शातिर अरेस्ट

**GORAKHPUR :** अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए एसएसपी डॉ. विपिन ताडा द्वारा रविवार को थाना गोरखनाथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया. इस दौरान ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.

# तीन युवक गिरफ्तार, चार पर 25 हजार का इनाम

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अग्निपथ योजना को लेकर शुक्रवार को पीपीगंज में हुए बवाल-तोड़फोड़ पर अब पुलिसिया कार्रवाई शुरू हो गई है। तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात युवकों की पहचान कर अब पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी शुरू कर दी है।

इसी क्रम में रविवार की रात साढ़े नौ बजे पुलिस ने पीपीगंज कस्बे से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं चार अन्य युवकों की पहचान कर उनके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है। माना जा रहा है कि सरकारी सम्पत्ति का नुकसान करने वालों से अब वसूली भी होगी वहीं अब उनका सेना में भर्ती होने का सपना भी अब सपना ही रह जाएगा। यही नहीं तोड़फोड़ करने वाले आरोपितों पर गैंगेस्टर और रासुका के तहत भी पुलिस कार्रवाई करेगी।

सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर जिले के विभिन्न इलाकों में गुरुवार से ही प्रदर्शन और सड़क जाम शुरू हो गया था। इसकी शुरुआत जैतपुर और कालेसर जीरो प्वाइंट से हुई थी। हालांकि यहां पुलिस ने युवकों को समझा कर शांत करा दिया था। शुक्रवार को जुमा के दिन जब पुलिस संवेदनशील इलाकों में अलर्ट थी तब पीपीगंज में अग्निपथ को लेकर बवाल हो गया। सीसी टीवी फुटेज और वीडियो के माध्यम से पुलिस ने सात युवकों की पहचान की और तीन को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने हुए युवकों की पहचान मिथुन चौरसिया पुत्र बेचूलाल चौरसिया निवासी जंगल अगही टोला बड़ी सेन्दुरी थाना पीपीगंज तथा इसी गांव के मनीष चौरसिया पुत्र रमेश चन्द्र चौरसिया और सोनू साहनी पुत्र पन्ने साहनी निवासी जसवल बाजार थाना पीपीगंज के रूप में हुई। जबकि चार की तलाश जारी है।



पुलिस के हत्थे चढ़े पीपीगंज में उपद्रव मचाने वाले चारो उपद्रवी । • हिन्दुस्तान

## गैंगस्टर और एनएसए की होगी कार्रवाई

एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि पीपीगंज तोड़फोड़ में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ गैंगेस्टर और एनएसए की भी कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त अभियुक्तों पर आरपीएफ ने भी केस दर्ज किया है। अग्निपथ को लेकर प्रदर्शन करने पर एसएसपी ने कहा कि धारा 144 लागू है बिना अनुमति किसी प्रकार का प्रदर्शन करने के लिए कोई इकट्ठा होता है तो उल्लंघन माना जाएगा व उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर नर्स से रेप करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शादी का झांसा देकर एक नर्सिंग होम की नर्स के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रविवार को आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। शादी से इनकार करने पर नर्स ने कैंट थाने में तहरीर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

आरोपी की पहचान हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सिधौली गांव निवासी महेंद्र यादव के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि महेंद्र यादव कैंट इलाके के एक नर्सिंग होम में वार्ड ब्वाय का काम करता था।

साथ में काम करने वाली नर्स से उसकी जान पहचान हो गई। आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया।

अब शादी का प्रस्ताव देने आरोपी ने इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

# 133 हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर पुलिस ने समझाया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रविवार को पुलिस थानों पर 'दुराचारी सभा' का आयोजन किया गया। पुलिस ने इस दौरान 133 हिस्ट्रीशीटर व पंजीकृत गैंग के सदस्यों को बुलाकर उनकी सभा की और उन्हें हिदायत दी। इस सभा का उद्देश्य एक माह में सभी दुराचारीयों का सत्यापन करना था। 25 प्रतिशत को प्रत्येक रविवार को बुलाकर गया था।

पुलिसकर्मियों को प्रत्येक दुराचारी की जिम्मेदारी दी गयी थी, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थानों पर कुल 133 दुराचारियों व पंजीकृत गैंग के सदस्यों को थाने पर बुलाकर सम्बन्धित हल्के, बीट के उपनिरीक्षक, बीपीओ ने उनके साथ बैठकर पूछताछ की।थाने के सभी सीसीटीएनएस मुंशी व कम्प्यूटर ऑपरेटर ने सम्बन्धित दुराचारियों व उपनिरीक्षक,बीपीओ के साथ बैठकर एचएस, गैंग रजिस्टर को अपडेट किया साथ ही सीसीटीएनएस के आईएफ 12, आईआईएफ 13, आईआईएफ 14 फार्म एवं एचएस को प्रहरी एप में भी उनका डिटेल भरा गया। दुराचारियों के मुकदमों को पैरवी रजिस्टर, काज लिस्ट को अपडेट किया गया। चार सभा में जितने दुराचारी नहीं आए अब उनके जमानतदारों के लिए पुलिस एक पांचवीं सभा बलाएगी। यह 'जमानतदार सभा' होगी, उसमें इन सभी को 107/116 में पाबंद करते हुए उन्हें अपने दुराचारियों को थाने में पेश करने के लिए चेताया जायेगा। अपने मुकदमों की तारीख पर भी अगर कोई दुराचारी नहीं आ रहा है तो उसकी जमानत निरस्त कर जमानतदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेग

# तमंचे के साथ चोर गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की तीन मोबाइल के साथ ही एक तमंचा बरामद किया है। एक आरोपित की पहचान आदित्य चौहान निवासी बशारतपुर के रूप में हुई।

### पिपराइच पुलिस की लापरवाही से सामने आई हत्या की वारदात, पति-पत्नी और बेटे के खिलाफ पुलिस ने किया हत्या का केस

# पुलिस ने कहा थाने चलो, भाई ने कर दी हत्या

पिपराइच, हिन्दुस्तान संवाद। पिपराइच में भाई की हत्या के मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन मकान में लोहे का गेट लगाने को लेकर रविवार की सुबह से ही भाइयों के बीच विवाद शुरू हो गया।

आरोपित की पत्नी ने डायल 112 नम्बर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी थी। पीआरवी मौके पर पहुंची और काम रुकवा दिया और दोनों पक्षों को थाने पर चलने के लिए कहा। पुलिसवालों के जाने के बाद दोबारा विवाद हुआ और इस बार बड़े भाई ने अपने मझले भाई की गड़ासे से काटकर हत्या कर दी। अगर पुलिस ने पहली बार ही सक्रियता दिखाई होती तो शायद हत्या जैसी घटना सामने नहीं आती। उधर, श्याम सुंदर की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित व्यास शर्मा उसकी पत्नी और बेटे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

पिपरामुगलान गांव निवासी श्रीकांत शर्मा और तीनों बेटों में जमीन को लेकर विवाद काफी समय से चल रहा है। इनके बीच कई बार मारपीट भी हो चुकी है और मामला थाने तक भी पहुंचा है। हालांकि हर बार समझौता और आगे विवाद न करने की बात कहकर यह लौट आते थे। पुलिस ने इनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी की थी लेकिन इनके विवाद का हल नहीं करा पा रही थी। दरअसल बड़ा बेटा व्यास शर्मा अपने पिता और दोनों भाइयों से अलग रहता है। पिता ने अपना कुछ खेत बेचा था यही से विवाद की शुरुआत हुई। बड़ा बेटा अपना हिस्सा मांगना शुरू कर दिया था।

## पुराने मकान में भी मांग रहा था हिस्सा

यही नहीं, वह पिता और भाई से अलग एक मकान बनाकर रहता था जबकि जो पुराना मकान है उसमें दोनों भाई पिता के साथ रहते हैं। पुराने मकान में भी बड़ा भाई हिस्सा मांग रहा था। अन्य भाई व पिता इसमें हिस्सा देने को तैयार नहीं थे। रविवार को पुराने मकान में ही गेट लगाया जा रहा था। बड़ा भाई इसका विरोध कर रहा था। उसका कहना था कि बिना हिस्से लिए वह गेट नहीं लगने देगा। यहीं से विवाद की शुरुआत हुई और बड़े भाई की पत्नी ने पुलिस को भी फोन किया।



रविवार को पिपराइच में हत्या के मामले में आरोपी पुष्पा देवी को थाने ले जाती पुलिस।

## काम रुकवाकर लौट गई थी पुलिस

पीआरवी की टीम पहुंची काम रोकवाने के बाद थाने आने के लिए कहकर लौट गई पर थाने पहुंचने की जगह एक बार फिर विवाद हुआ और इस बार बड़े भाई ने गड़ासे से मझले भाई श्यामसुंदर शर्मा की हत्या कर दी। इंस्पेक्टर उदयशंकर कुशवाहा ने बताया कि श्यामसुंदर की पत्नी रमावती देवी की तहरीर पर आरोपी व्यास शर्मा, उसकी पत्नी पुष्पा देवी, बेटा विवेकानंद के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

# चोरी की गाड़ियों के साथ पकड़े गए चार बदमाश

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चोरी की गाड़ियों को कबाड़ी को बेचने वाले एक गिरोह को चिलुआताल पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त प्रयास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चार बदमाशों में से एक ने पुलिस पर फायर कर भागने का प्रयास किया लेकिन भाग नहीं पाया।

चारों आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक, तीन पिकअप, 315 बोर तमंचा, एक खोखा, एक कारतूत और साढ़े पांच किलो गांजा बरामद किया है। सभी आरोपित कुशीनगर, देवरिया और बिहार के रहने वाले हैं। सहजनवा इलाके में एक कबाड़ी के यहां चोरी की गाड़ियों का काटकर बेचते थे। एसएसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने रविवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि चिलुआताल प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शर्मा, उप निरीक्षक सोनेन्द्र सिंह, घनश्याम उपाध्याय तथा उनकी हमारी टीम शनिवार की रात गश्त के दौरान स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहे पर मौजूद थी। इसी बीच एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक मनीष यादव अपनी टीम के साथ आ गए। वहीं पर उन्हें मुखबिर ने बताया कि कुछ लोग चोरी की बाइक और पिकअप बेचने के लिए इसी रास्ते से ले जाने की चर्चा कर रहे हैं। टीम ने चौराहे की घेराबंदी कर एक आरोपितों को पकड़ने का प्रयास किया। इसके बाद उसने पुलिस टीम पर फायर कर करीमनगर की तरफ भागने की कोशिश की।

- कुशीनगर, देवरिया और बिहार के रहने वाले हैं चारों आरोपित
- चोरी एक बाइक, तीन पिकअप, साढ़े पांच किलो गांजा बरामद

## घेराबंदी कर पकड़ा

पूछताछ में श्याम ने बताया कि मोगलहा पेट्रोल पम्प पर तीन पिकअप खड़ी है जिसे बेचने के लिए हमलोग ले जाने वाले हैं। मैं रास्ता देखने आया था। कुछ देर बाद तीनों पिकअप आगे पीछे आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें भी पकड़ लिया। पिकअप के साथ पकड़े गए युवकों की पहचान राजकुमार निवासी कैलाश नगर बगहा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार, गुड्डू सिंह निवासी बसंतपुर थाना देवरिया, हरेराम राजभर निवासी पकवा इनार कुशीनगर के रूप में हुई।

# 15 मिनट में बीआरडी पहुंचेगी एंबुलेंस

## पहल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अब ट्रैफिक जाम में फंसने की वजह से किसी गंभीर मरीज की मौत नहीं होगी। उन्हें 'ग्रीन कारिडोर' बनाकर जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज तक 15 मिनट में पहुंचाया जाएगा। पिछले दिनों इस पर एक रिहर्सल भी किया गया था। रविवार को एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर इस योजना का शुभारंभ किया।



पुलिस लाइन में ग्रीन कॉरिडोर को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते एसएसपी।

उन्होंने जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कालेज तक एंबुलेंस को पहुंचाने के लिए अधिकतम 15 मिनट का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम और ईटीएमएस का सहयोग लिया जाएगा। वह एंबुलेंस को लेकर रास्ते में पड़ने वाले सभी चौराहों के ट्रैफिक पुलिस और चौकी के इंचार्ज सहित अन्य को अलर्ट करेंगे। उसके बाद उन लोगों की जिम्मेदारी है कि अपने चौराहे पर ग्रीन कारिडोर बनाकर एंबुलेंस को बिना रुके पास कराएं।

दरअसल, गंभीर मरीज को न्यूनतम समय में बीआरडी पहुँचाने के लिए योजना के तहत एम्बुलेन्स को हरि झंडी दिखा कर पुलिस लाइन से सदर अस्पताल ग्के लिये रवाना किया गया।

इस योजना में 108 एंबुलेंस सेवा के चालक, जिला पुलिस कंट्रोल रूम, आईटीएमएस, व जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज तक रास्ते में पड़ने वाले थाने व चौकियों के पुलिसकर्मियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया।

# पुराना आरटीओ दफ्तर होगा पुलिस का नया ठिकाना


रविवार को पुराने आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करते एसएसपी। • हिन्दुस्तान

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कलक्ट्रेट परिसर स्थित पुलिस दफ्तर भी आने वाले कुछ दिनों में टूट जायेगा। अंग्रेजों के जमाने के इस दफ्तर को तोड़कर नया दफ्तर बनाया जाएगा। तब तक के लिए पुलिस कार्यालय को आरटीओ के पुराने भवन में शिफ्ट करने की तैयारी है। इसी क्रम में रविवार को दोपहर बाद एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने आरटीओ के पुराने दफ्तर का निरीक्षण किया।

यहां बता दें कि कलक्ट्रेट परिसर का भवन तोड़कर अब यहां नए सिरे से डीएम और एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों का दफ्तर बनाया जा रहा है। अंग्रेजी दफ्तर की तरफ से भवन को तोड़ना शुरू कर दिया गया है। तोड़फोड़ के बाद अब एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी साउथ और एसपी नार्थ के साथ ही सीओ कैम्पियरगंज का दफ्तर और इनसे जुड़ी पेशी तथा अन्य कार्यालय को यहां से शिफ्ट करना पड़ेगा। एसपी साउथ के लिए बेलीपार में कार्यालय बनाया गया है। हालांकि अन्य अफसर अपने-अपने लिए जगह की तलाश कर रहे हैं। इसी क्रम में एसएसपी के लिए आरटीओ के पुराने दफ्तर में शिफ्ट करने की तैयारी है हालांकि यहां इतनी जगह नहीं है कि अन्य ऑफिस को शिफ्ट किया जाएग।

## दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनता दर्शन में मौजूद रहें सभी अधिकारी : योगी

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह हिन्दू सेवाश्रम में जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनेंगे। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को भी मौजूद रहने का निर्देश दिया है। सोमवार को जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ लौट जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर रविवार की सुबह 11.30 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट आए। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहीं, से मुख्यमंत्री आजमगढ़ लोकसभा उप चुनाव में दो चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए हेलिकाप्टर से रवाना हो गए। पुनः मुख्यमंत्री 2.50 बजे के करीब एमपी पालिटेक्निक हैलीपैड पर पहुंचे। जहां प्रशासनिक अधिकारियों एवं भाजपा नेताओं ने स्वागत कर गोरखनाथ मंदिर छोड़ा।

गोरखनाथ मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतारी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर पहुंच माथा टेक आशीर्वाद लिया। उसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर कक्ष में बैठक कर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद और गोरक्षपीठ से से जुड़ी संस्थाओं के संदर्भ में बैठकों का दौर चला।



रविवार को गोरखनाथ मन्दिर में पूजा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान

**अधिकारियों ने ली राहत की सांस:** सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की संभावना जताई जा रही थी। अधिकारियों ने शुक्रवार-शनिवार को आनन फानन में तैयारियां भी किया था। लेकिन एमपी पालिटेक्निक से गोरखनाथ मंदिर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी को जनता दर्शन में पहुंचने का निर्देश दिया तो सभी ने राहत की सांस ली। अग्निवीर और नुपुर शर्मा को लेकर हुए उपद्रव पर भी बैठक में चर्चा हो सकती थी।

## सीएम को पत्र लिख व्यापारी ने मांगा न्याय

गोरखपुर। चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष संजय सिंघानिया ने स्थानीय पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर न्याय और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

सिंघानिया का कहना है कि बीते जनवरी में उनकी दुकान का ताला तोड़कर ज्ञात लोग समान उठा ले गए। दुकान पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। अपराधियों पर कार्रवाई करने के बजाय कोतवाली पुलिस ने दिव्यांग पर ही मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि पूरे प्रकरण का सीसीटीवी साक्ष्य मौजूद है। कोर्ट ने भी इस मामले में जो आदेश दिया है, उसका पुलिस अनुपालन नहीं करा रही है। उन्होंने सीएम को सौंपे ज्ञापन में न्याय की गुहार लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की हैं।

## घायल अनुराग को सीएम ने दी चार लाख की मदद

गोरखपुर। रामगढ़ताल के पास 26 मई को मार्ग दुर्घटना में घायल शाहपुर निवासी अनुराग श्रीवास्तव के इलाज के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विवेकाधीन कोष से 403651 की सहायता प्रदान की है। फिलहाल अनुराग श्रीवास्तव का इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा है।

35 वर्षीय अनुराग श्रीवास्तव का विवाह 20 मई को हुआ था। 26 मई को मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। उनके जबड़े और मस्तिष्क में गहरी चोट आई थी। अनुराग की बिगड़ती स्थिति के बाद परिजनों ने उन्हें लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां रविवार को भी स्थिति नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों ने मस्तिष्क के ऑपरेशन का खर्च लगभग 10 लाख बताया था।

# अग्निपथ पर शांति, भर्ती की तैयारी में जुटे युवा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अग्निपथ पर चलने के लिए 'अग्निवीरों' ने अब अपनी तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को गोरखपुर में अग्निपथ योजना में पूरी तरह से शांति रही। कहीं से कोई प्रदर्शन या ज्ञापन का मामला सामने नहीं आया। पुलिस ने शनिवार की तरह रविवार को भी अपनी स्ट्रेटजी जारी रखी। हालांकि इस बार उन्होंने पूर्व सैनिकों को भी इसमें शामिल किया।

उन्होंने भी युवाओं को समझाने के लिए लगाया। युवकों को पुलिस यह समझाने में कामयाब रही कि अगर वह बवाल करते हैं या हिंसा में शामिल होते हैं तो उनका सेना में जाने का सपना हकीकत में नहीं बदल पाएगा। एक भी मुकदमा लिखा गया तो फिर सब कुछ ठीक होने के बाद भी सेना उन्हें अपने यहां एंट्री ही नहीं करेगी। पुलिसवालों ने यह भी समझाने का प्रयास किया कि वह किसी के बहकावे में न आएं क्योंकि बहकाने वालों को तो भर्ती होना नहीं है। शनिवार से ही बीट पुलिस अफसर और थानेदार सहित अन्य अधिकारी उन जगहों पर जा रहे हैं जहां युवक सेना भर्ती की तैयारी के लिए इकट्ठा होते हैं। शनिवार को डीएम और एसएसपी ने इस मामले में पूर्व सैनिकों

की थी कि वह भी अपने-अपने इलाके में भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों को समझाएं। रविवार से पूर्व सैनिकों ने भी युवकों को समझाया और शांति से तैयारी पर ध्यान देने के लिए कहा। सभी लोगों का एक प्रयास रहा कि रविवार को कहीं से कोई घटना सामने नहीं आई। हालांकि रविवार और सोमवार को

## गोरखनाथ इलाके में पुलिस सक्रिय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार रात और सोमवार दोपहर तक गोरखपुर में रहने वाले हैं। ऐसे में अग्निपथ को लेकर विरोध प्रदर्शन सीएम की मौजूदगी में न हो, इसके लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट है। एसएसपी ने गोरखनाथ इलाके में पुलिस फोर्स को अलर्ट करते हुए रविवार की शाम को इसका निरीक्षण भी किया। मंदिर के चारों तरफ मुख्य सड़क पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया और यह हिदायत दी गई कि किसी भी प्रदर्शन की घटना पर तुरंत कार्रवाई करें। अगर भीड़ की शक्ल में युवक दिखाई देते हैं तो उन्हें रोकें। स्थानीय स्तर पर खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट किया गया है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ का जनता दर्शन आज

गोरखपुर (एसएनबी)। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह हिन्दू सेवाश्रम में जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनेंगे। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को भी मौजूद रहने का निर्देश दिया है। सोमवार को जनता दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ लौट जाएंगे।

> सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन ने सभी आला अधिकारियों को पहुंचने के लिए निर्देशित किया

सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर रविवार की सुबह 11.30 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट आए। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री आजमगढ़ लोकसभा उप चुनाव में दो चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए हेलिकाप्टर से रवाना हो गए। पुनः सीएम 2.50 बजे के करीब एमपी पालीटेक्निक हैलीपैड पर पहुंचे। गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर सीएम ने शिवावतारी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर पहुंच माथा टेक आशीर्वाद लिया। उसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर कक्ष में बैठक कर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद और गोरक्षपीठ से से जुड़ी संस्थाओं के संदर्भ में बैठकों का दौर चला।

# मुठभेड़ में चार अंतरराज्यीय वाहन चोर दबोचे

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** क्राइम ब्रांच व चिलुआताल थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह मुठभेड़ में चार अंतरराज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से चोरी के तीन मालवाहक वाहन, एक बाइक, गैस कटर, गांजा व 315 बोर का एक तमंचा मिला है। बगहा (बिहार), कुशीनगर व देवरिया के रहने वाले आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने रविवार को बताया कि आठ जून 2022 को राजघाट में हार्बर्ट बांध से मालवाहक आटो चोरी हुआ था। छानबीन करने पर पता चला कि शहर में सक्रिय अंतरराज्यीय चोरों के गिरोह ने वारदात को अंजाम दिया है। सोमवार की भोर में गिरोह के स्पोर्ट्स कालेज के पास होने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल प्रदीप शर्मा व एसओजी प्रभारी मनीष यादव ने टीम के साथ घेर लिया। पुलिस पर फायरिंग कर बदमाशों ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने खुद का बचाव करते हुए घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। आरोपितों की पहचान बिहार के बगहा निवासी



पुलिस लाइन में पुलिस कर्मी व पकड़े गए चोर ● जागरण

अखिलेश कुमार शाह, कुशीनगर जिले के कसया, पकवा झार डुमरी निवासी श्याम दूबे, हरेराम राजभर और देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी गुड्डू सिंह के रुप में हुई। पूछताछ में पता चला कि दो साल से यह गिरोह गोरखपुर के साथ ही आसपास के जिलों में सक्रिय था। अब तक 20 से अधिक मालवाहक आटो चुराकर उसके अलग-अलग पार्ट को बेच चुके हैं। बरामद हुए मालवाहक आटो को उन्होंने कैंट, राजघाट, खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र व बाइक को खोराबार से चुराया था। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश चल रही है। एसएसपी ने गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम दिया है।

## श्याम दूबे है गिरोह का सरगना

एसपी सिटी ने बताया कि कुशीनगर जिले का रहने वाला बदमाश श्याम दूबे गिरोह का सरगना है। मालवाहक आटो चुराने के बाद बगहा में लेकर खड़ा करता है। जहां गैस कटर से सभी पार्ट को अलग करके बेच देता है।

# तोड़फोड़ करने के तीन आरोपित गिरफ्तार, चार पर इनाम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : अग्निपथ योजना के विरोध में ट्रेन पर पथराव व चौराहे पर तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपितों को पीपीगंज थाना पुलिस ने रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी फुटेज से पहचान के बाद फरार चार आरोपितों पर एसएसपी ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।



पीपीगंज में पकड़े गए तोड़फोड़ करने के आरोपित ● जागरण

शुक्रवार को कुछ प्रदर्शनकारियों ने पीपीगंज रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन पर पथराव किया था। रेलवे स्टेशन परिसर में भी तोड़फोड़ की थी। पीपीगंज चौराहे पर रोडवेज बस का शीशा तोड़ दिया था। इसे लेकर पीपीगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। सीसीटीवी फुटेज से कुछ आरोपितों की पहचान होने के बाद रविवार की रात साढ़े नौ बजे पुलिस ने थाना क्षेत्र के जंगल अगही के टोला बड़ी सेंदुरी निवासी मिथुन चौरसिया, मनीष चौरसिया व जसवल बाजार निवासी सोनू साहनी को पीपीगंज कस्बे से गिरफ्तार किया है। आरोपितों से पूछताछ व फोटो के आधार पर चार नाम और प्रकाश में आए हैं। एसएसपी ने उन आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। पुरस्कार घोषित आरोपितों में पीपीगंज थाना क्षेत्र के बरहट्टा निवासी रामस्वरूप, पीपीगंज के वार्ड नंबर दो निवासी अभिषेक गुप्ता, भरवल निवासी तूफानी यादव, सरहरी निवासी धीरज यादव शामिल हैं। आरोपितों के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल ने भी मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी डा.विपिन कुमार ताडा ने कहा कि आरोपितों के विरुद्ध रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) व गैंगस्टर की भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हाईअलर्ट पर है। सघन चेकिंग की जा रही है। एलआइयू को भी निगरानी के लिए लगाया गया है।

# पुराना आरटीओ भवन होगा पुलिस का नया ठिकाना



पुराने आरटीओ कार्यालय में स्थानांतरित होकर आने वाले पुलिस कार्यालय के लिए कार्यालय का निरीक्षण करते एसएसपी डा. विपिन ताडा ● जागरण

**जासं. गोरखपुर** : पुराना आरटीओ कार्यालय जिले की पुलिस का नया ठिकाना बनेगा। इसको लेकर अधिकारियों ने तैयारी तेज कर दी है। रविवार को एसएसपी डा. विपिन ताडा ने आरटीओ के पुराने भवन का निरीक्षण किया। अंग्रेजों के समय से ही एसएसपी का कार्यालय कलक्ट्रेट परिसर स्थित जिलाधिकारी के कार्यालय में चल रहा है। इसी कार्यालय में एसएसपी के अलावा एसपी सिटी, एसपी नार्थ, एसपी साउथ, सीओ कैंपियरगंज, सीओ कार्यालय बैठते हैं। जर्जर हो चुके पुराने भवन को तोड़कर नया कार्यालय बन रहा है। पुराने भवन में चलने वाला जिलाधिकारी का कार्यालय पर्यटन विभाग में शिफ्ट कर दिया गया है। भवन को पूरी तरह से खाली करने के लिए पुलिस कार्यालय को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि जल्द ही पुलिस कार्यालय आरटीओ के पुराने भवन में शिफ्ट हो जाएगा। एसपी यातायात डा. एमपी सिंह को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

# गुरु पूजन के बाद योगी करेंगे जनता दर्शन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दो दिवसीय दौरे पर रविवार को गोरखपुर पहुंचे योगी आदित्यनाथ रात्रि विश्राम के बाद सोमवार की सुबह सबसे पहले गुरु गोरक्षनाथ की पूजा-अर्चना करने के बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधिस्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लेंगे। उसके बाद वह हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्या सुनेंगे। दोपहर बाद उनका लखनऊ रवाना होने का संभावित कार्यक्रम है।

रविवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ के दरबार में शीश नवाया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वहां पूजा-अर्चना करने के बाद वह उन्होंने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधिस्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया।



रविवार को गोरखपुर पहुंचने के बाद बाबा गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौ. मंदिर प्रशासन

रविवार की शाम उन्होंने गोरखपुर के सभी चार विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की। यह बैठक करीब सवा घंटे चली। मंदिर परिसर के भ्रमण के क्रम में वह गोशाला भी गए और कुछ देर गायों के साथ गुजारा। उन्हें दुलारा और पुचकारा।

# अब 15 मिनट में बीआरडी पहुंचेंगी एंबुलेंस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जिला अस्पताल से रेफर हुए सभी मरीज अब 15 मिनट के भीतर बीआरडी मेडिकल कालेज पहुंच जाएंगे। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने रविवार को पुलिस लाइन में यातायात पुलिस, रास्ते में पड़ने वाली पुलिस चौकी के प्रभारी व 108 एंबुलेंस सेवा के प्रभारी के साथ बैठक कर सबकी जिम्मेदारी तय की। बैठक के बाद पुलिस लाइन में एंबुलेंस को ग्रीन कारीडोर के जरिए मेडिकल कालेज रवाना किया गया।

जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज के लिए रेफर हुए मरीज का नाम व उसे लेकर जाने वाले एंबुलेंस


एम्बुलेंस को पुलिस लाइन से झंडी दिखा रवाना करते एसएसपी विपिन ताडा ●

का नंबर 108 सेवा के जिला प्रभारी प्रवीण पांडेय आइटीएमएस कंट्रोल रुम में देंगे। कंट्रोल रूम से मैसेज पास होते ही शास्त्री चौक, गोलघर, कालीमंदिर, असुरन, खजांची चौराहा पर तैनात यातायात पुलिस व स्थानीय चौकी के प्रभारी बायां लेन खाली कराकर एंबुलेंस को मेडिकल कालेज पहुंचाएंगे। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि जिला अस्पताल से रेफर हुए मरीज को पहले मेडिकल कालेज पहुंचने में 50 मिनट का समय लगता था। अब 15 मिनट के भीतर एंबुलेंस को मेडिकल कालेज पहुंचाने का लक्ष्य रखकर ग्रीन कारीडोर बनाया गया है। आगे समय को और कम किया जाएगा। एसपी यातायात डा. एमपी सिंह को ग्रीन कारीडोर व्यवस्था का नोडल बनाया गया है। कोई दिक्कत होने पर वह तत्काल समाधान कराएंगे।

# गांजा तस्करी करने वाले चार गिरफ्तार

## चोरी की तीन मैजिक, एक बाइक बरामद, चिलुआताल और एसओजी की संयुक्त टीम ने पकड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहे के पास से शनिवार की देर रात मुठभेड़ में पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से चोरी की तीन मैजिक, एक बाइक के अलावा पांच किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपियों ने पुलिस से घिरने पर फायरिंग भी की थी। सभी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम दिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र के पकवा झार डुमरी निवासी श्याम दुबे, बिहार के बगहा निवासी अखिलेश कुमार, देवरिया के रामपुर कारखाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी गुड्डू सिंह और कसया के पकवाझार निवासी हरेराम राजभर के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि वाहन चोरों और तस्करों की तलाश में पुलिस टीम लगी थी। इसी दौरान रात 2:30 बजे चिलुआताल इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा व एसओजी प्रभारी मनीष यादव की टीम को सूचना मिली कि स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहे के पास बदमाश मौजूद हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो श्याम दुबे पुलिस को देखकर बाइक से भागने की कोशिश करने लगे। उसके बाइक मोड़ते ही पीछे से मैजिक से लोग आ गए। घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने एक राउंड पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने खुद का बचाव कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 5.5 किलो गांजा, तमंचा, कारतूस, खोखा, चोरी की तीन मैजिक, एक बाइक, चोरी में इस्तेमाल गैस कटर पुलिस ने बरामद किया है।



विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन चोरी में पकड़े गए आरोपी। संवाद

### पुलिस से घिरने पर फायरिंग भी की

## चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर।** शाहपुर पुलिस ने रविवार को चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर रणधीर मिश्रा ने बताया कि असुरन के पास चोरों के होने की सूचना मिली। चेकिंग के दौरान दो युवक मिले, जिनकी तलाशी ली गई। उनके पास से तमंचा और मोबाइल फोन मिला। आरोपियों की पहचान शाहपुर के बशारतपुर निवासी जितेंद्र और आदित्य कुमार चौहान के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मोबाइल फोन चोरी का है। ब्यूरो

# जमीन के विवाद में भाई की हत्या, गिरफ्तार

## पुलिस की अनदेखी बनी बड़ी वारदात की वजह, मुकदमा दर्ज, एक माह से चल रहा था विवाद

अमर उजाला ब्यूरो



श्याम सुंदर शर्मा की पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग पिता। संवाद



पिपराइच में हत्या के बाद पहुंची पुलिस। संवाद

**पिपराइच (गोरखपुर)।** इलाके के पिपरामुगलान गांव में रविवार को जमीन के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई श्याम सुंदर शर्मा (32) की धारदार हथियार (गड़ासा) से गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी व्यासमुनि के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

दोनों भाइयों में करीब एक माह से विवाद चल रहा था। रविवार सुबह मारपीट हुई थी। सूचना पर पुलिस श्याम सुंदर को लेकर थाने आई थी, लेकिन व्यासमुनि नहीं गया था। जब श्याम सुंदर थाने से लौटकर घर आया, तभी आरोपी ने धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी।

जानकारी के मुताबिक, पिपरामुगलान गांव के 70 वर्षीय श्रीकांत शर्मा के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा व्यासमुनि और मझले बेटे श्यामसुंदर के बीच जमीन को लेकर विवाद था। जमीन पिता के नाम से है। लिहाजा, दोनों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए पैसा मिला था। एक महीने से दोनों मकान बनवाने के लिए लड़ रहे थे। व्यासमुनि जमीन पर अपना दावा कर रहा था, तो श्यामसुंदर अपना। इसी मामले में रविवार सुबह



श्याम सुंदर। (फाइल फोटो)

9 बजे दोनों भाइयों और उनके परिवारों के बीच विवाद हो गया। श्यामसुंदर ने फोन करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और श्यामसुंदर को साथ लेकर गई। व्यासमुनि पक्ष को भी पुलिस ने थाने बुलाया, लेकिन कोई नहीं गया। थोड़ी देर बाद श्यामसुंदर घर आ गया और एक बार फिर मारपीट होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान व्यासमुनि अपने परिवार के साथ मिलकर हमलावर हो गया। धारदार हथियार से श्यामसुंदर के गले पर वार कर दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। गांव में हत्या की खबर पाते ही पुलिस दौड़ पड़ी। पुलिस ने तत्काल आरोपी व्यासमुनि को पकड़ लिया। श्यामसुंदर की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। श्यामसुंदर के परिवार में पत्नी व तीन बच्चे हैं।

> भाइयों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
>
> – मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ

# एंबुलेंस को हर चौराहे पर 'ग्रीन सिग्नल'

## चौराहों पर जाम में नहीं फंसेंगी एंबुलेंस, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर भेजा जाएगा, गंभीर मरीजों की मृत्यु दर घटेगी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** ग्रीन कॉरिडोर से हर चौराहे पर अब एंबुलेंस को ग्रीन सिग्नल मिलेगा। जिला अस्पताल से बीआरडी मेडिकल कॉलेज तक एंबुलेंस 15 मिनट में पहुंच सकेगी। इससे गंभीर मरीजों की मृत्यु दर में कमी आएगी। रविवार को एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने इस ग्रीन कॉरिडोर की शुरुआत पुलिस लाइंस से एंबुलेंस रवाना करके की है।

एसपी ट्रैफिक को ग्रीन कॉरिडोर का नोडल अफसर बनाया गया है। गंभीर मरीज की सूचना एंबुलेंस चालक की मदद से मिलेगी, उसके बाद कंट्रोल रूम, आईटीएमएस आपस में सामंजस्य कर तत्काल सूचना को प्रसारित कर देंगे। चौराहे

### एंबुलेंस रवाना कर एसएसपी ने ग्रीन कॉरिडोर योजना की शुरुआत की

पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी बाएं लेन से एंबुलेंस को रवाना कराने में मदद करेंगे।

पुलिस लाइंस में एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने एसपी ट्रैफिक डॉ. एमपी सिंह, 108 एंबुलेंस के प्रभारी प्रवीण पांडेय और आईटीएमएस के कर्मचारियों की मौजूदगी में ग्रीन कॉरिडोर को लेकर चर्चा की और रणनीति बनाने के बाद इसकी शुरुआत करा दी। एंबुलेंस चालक द्वारा सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम से संदेश होगा और फिर एंबुलेंस कचहरी, गणेश चौक, काली मंदिर



यातायात पुलिस और अन्य संगठनों से बात करते एसएसपी। संवाद

तिराहा, असुरन, शाहपुर व खजांची चौराहा होते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंचेगी। पुलिसकर्मी एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए सड़क की बाईं लेन खाली कराएंगे। एसएसपी के मुताबिक, जिला अस्पताल से लेकर मेडिकल कॉलेज तक रास्ते में पड़ने वाले सभी थाने, चौकी के पुलिसकर्मी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएंगे, ताकि मरीज को तत्काल इलाज मिल सके।

**बुधवार को हुआ था रिहर्सल :** ग्रीन कॉरिडोर का रिहर्सल बुधवार को किया गया था। तब इस सिस्टम की मदद से महज 13 मिनट में ही जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज एंबुलेंस पहुंच गई थी। रिहर्सल में सफलता मिलने के बाद एसएसपी ने इसे नियमित लागू कर दिया है।

### ऐसे काम करेगा सिस्टम

एंबुलेंस चालक की तरफ से सूचना आते ही पुलिस कंट्रोल रूम और आईटीएमएस (इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) सभी चौराहों को पीए (पब्लिक एड्रेसिंग) सिस्टम के माध्यम से ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी को सूचना देंगे। साथ ही चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइट, कैमरे की मदद से अपडेट करेंगे। संबंधित थाना, चौकी के पुलिसकर्मी तत्काल सक्रिय होंगे और चौराहे पर एंबुलेंस को रास्ता दिलाएंगे।

गंभीर मरीज को तत्काल इलाज मिल सके, इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर की योजना लागू कर दी गई है। कंट्रोल रूम, आईटीएमएस और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की मदद से एंबुलेंस को पहुंचाएंगे। इसमें थाने और चौकी की भी जिम्मेदारी है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

– डॉ. विपिन ताडा, एसएसपी

# पीपीगंज रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

## चार फरार आरोपियों की पहचान हुई, 25-25 हजार का इनाम घोषित

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सेना भर्ती के लिए आई अग्निपथ योजना के विरोध में 17 जून को पीपीगंज रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ और बस पर पत्थरबाजी करने के तीन आरोपियों को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ और फोटो के आधार पर चार और आरोपियों की पुलिस ने पहचान कर ली है। सभी आरोपियों पर एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। उधर, एसएसपी ने साफ कह दिया है कि जिले में धारा 144 लागू है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल अगाही टोला सिंदुरी निवासी मिथुन चौरसिया, यहीं के मनीष चौरसिया और जसवल बाजार निवासी सोनू साहनी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 17 जून शुक्रस्वार को पुलिस जुमे की नमाज को लेकर सतर्कता बरत रही थी। इसी बीच पीपीगंज रेलवे स्टेशन के पास युवाओं की भीड़ एकत्र हो गई और स्टेशन परिसर में घुसने के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी। रेलवे स्टेशन की कुर्सियां और शीशे उपद्रवियों ने तोड़ दिए। पुलिस के पहुंचने पर भीड़ वहां से भागी थी और फिर बाहर रोडवेज की एक बस पर पथराव कर दिया, जिसमें यात्री मौजूद थे। पथराव से बस का शीशा टूट गया था और 4 यात्री चोटिल भी हो गए थे। पीपीगंज पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। फोटो और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने 3 आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर ली है, जबकि चार अब भी फरार है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

### अग्निपथ योजना के विराधे में 17 जून को हुई थी घटना

पीपीगंज में 10 केस के आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित कर दिया गया है। तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगा दी गई हैं। आरोपी पर गैंगस्टर और रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। युवाओं से अपील है बहकावे में आकर ऐसा कोई काम ना करें जिससे उनका भविष्य खराब हो जाए।

– डॉ विपिन ताडा, एसएसपी

### ये हैं फरार आरोपी

**गिरफ्तार** अभियुक्तों से पूछताछ और फोटो के आधार पर पुलिस ने चार अन्य युवकों की पहचान की है। फरार आरोपियों की पहचान पीपीगंज के बरहट का निवासी रामस्वरूप, पीपीगंज कस्बा वार्ड नंबर 2 निवासी अभिषेक गुप्ता, भरवल निवासी तूफानी यादव और सरहरी निवासी धीरज यादव के रूप में हुई है। एसएसपी ने इनके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

### लगेगा गैंगस्टर-एनएसए

**एसएसपी** के मुताबिक, पीपीगंज तोड़फोड़ में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ आरपीएफ ने भी केस दर्ज कर लिया है। सभी आरोपियों पर गैंगस्टर और एनएसए की भी कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं को भड़काने की साजिश में एक गिरफ्तार

## बांसगांव में शुक्रवार को बस में तोड़फोड़ करने के मामले में भी केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**हरनही (गोरखपुर)।** अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं को भड़काने की साजिश में बांसगांव पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसे 14 दिन के न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

उधर, शुक्रवार को बांसगांव में रोडवेज बस पर पथराव करने के मामले में भी पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### प्रदर्शन के लिए संदेश भेजकर एकजुट होने की कर रहा था अपील

युवाओं को भड़काने के आरोप में पकड़े गए आरोपी की पहचान जिगीना बाबू गांव निवासी आदर्श यादव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, आदर्श युवाओं के मोबाइल फोन पर संदेश भेज रहा था। सभी को भड़का रहा था कि एक जगह एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया जाए। बिना उग्र प्रदर्शन के कुछ नहीं होगा। इसकी जानकारी होने पर चौकी इंचार्ज हरनही अखिलेश तिवारी हरकत में आए और आरोपी आदर्श को समझाने की कोशिश, लेकिन वह फिर से संदेश भेजने लगा था। इसके बाद रविवार को पुलिस ने आदर्श को गिरफ्तार कर लिया।

उधर, शुक्रवार को हरिहरपुर मोड़ के पास सरकारी बस पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण की धारा में केस दर्ज कर लिया है।




गोरखपुर पहुंचे सीएम योगी ने गुरु गोरखनाथ के दर्शन किए। अमर उजाला

# मुख्यमंत्री आज लगाएंगे जनता दरबार

गोरखपुर। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह हिंदू सेवाश्रम में जनता दरबार लगाएंगे। इसके बाद वह लखनऊ लौट जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर रविवार की सुबह 11:30 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से ही सीधे आजमगढ़ गए। वहां लोकसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के लिए दो जनसभा करने के बाद हेलिकॉप्टर से पुनः गोरखपुर पहुंचे। एमपी पॉलिटेक्निक से गोरखनाथ मंदिर गए। गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने दर्शन-पूजन किया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद और गोरक्षपीठ से जुड़ी संस्थाओं के संदर्भ में बैठकें भी की। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 20/6/22

# बरहज की घटना को लेकर रुद्रपुर पुलिस रही सतर्क

रुद्रपुर (एसएनबी)। सरकार द्वारा युवाओं को सैन्य में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये अग्निपथ योजना का शुरूआत किया जा रहा है। अग्निपथ योजना को लेकर युवाओं में कहीं-कहीं आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। सेना में नौकरी की चाह रखने वाले युवा दिन रात मेहनत कर रहे हैं। सरकार के मुताबिक अग्निपथ योजना के द्वारा युवाओं को सेना में अग्निवीर के रूप में चार वर्ष नौकरी करने का अवसर मिलेगा। जिसे लेकर युवाओं में आक्रोश है।

रविवार को अग्निपथ योजना के विरोध में बरहज में युवाओं ने जमकर उत्पात मचाया और तोड़फोड़ किया। जिसको लेकर रुद्रपुर पुलिस दिन भर नगर में सतर्क रही। रुद्रपुर नगर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस का पहरा देखने को मिला। वहीं कोतवाली प्रभारी विजय सिंह मयफोर्स नगर में भ्रमण करते दिखे।

रा० सहारा 26/6/22

# थाने में निशुल्क स्वास्थ शिविर लगा

**गौरीबाजार (एसएनबी)।** गौरीबाजार थाने में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर डाक्टर द्वारा थाने के पुलिस स्टाफ सहित 370 मरीजों का जाँच किया गया। बैजू बासुकीनाथ ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गौरीबाजार थाने में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में थाने के सभी पुलिसकर्मियों का जाँच किया गया। डा. एस.के. अग्रवाल ने 120 मरीजों को देखा। डा. डी.के. श्रीवास्तव न्यूरो के द्वारा 80 मरीज को देखा गया। डा. अनवर अहमद सर्जन के द्वारा 50 मरीज देखा गया। डा. सलमा खातुन स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 120 मरीज देखा गया। इस कार्यक्रम का संचालन रविकान्त मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस दौरान सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, थानाध्यक्ष विपिन मलिक,रणजीत सिंह, राजकुमार सिंह, नीरज वर्मा, अभिनाश सिंह, अंटू श्रीवास्तव, जनार्दन कुशवाहा, प्रदीप श्रीवास्तव, सागर वर्मा, सुजीत श्रीवास्तव, राहुल तिवारी, मनन श्रीवास्तव, संजय यादव, सुनील श्रीवास्तव समाजसेवी, अतुल मणि, गोलू श्रीवास्तव, साहिल श्रीवास्तव, मितेश, पवन शुक्ला, डा. बी.के. श्रीवास्तव, सुधीर राय, संजय श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 20/6/22

# जनपद में धारा-144 दो माह के लिए लागू

देवरिया (एसएनबी)। अपर जिला मजिस्ट्रेट(प्रशासन) कुंवर पंकज ने बताया है कि कोविड- 19 (कोरोना वायरस) वैश्विक महामारी से बचाव हेतु कोविड प्रोटोकाल का पालन कराने व विभिन्न परीक्षाओं के सब कुशल संपादन हेतु के सम्बन्ध में शासन के निर्देश के क्रम में तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु 15 जून तक लागू किया गया। वर्तमान समय में तिलकोत्सव/शादी-विवाह के कार्यक्रम आयोजित होने एवं विभिन्न संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन विशेष कर जुमे की नमाज के दौरान, जिसमें अत्यधिक भीड़ इकट्ठी होती है, प्रदर्शन किये जाने को सम्भावना, जिससे कानून एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित होने की सम्भावना रहती है, के कारण सुरक्षा के ष्टिगत शासन के दिशा-निर्देश के क्रम में निर्धारित आदेश तत्काल प्रभाव से निर्गत किया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पूर्व पारित आदेश को अतिक्रमित करते हुए 15 अगस्त तक (दो माह ) के लिए दप्रसं की धारा-144 के अर्न्तगत आदेश जारी किया है, जो पूरे जनपद में प्रभावी रहेगा। जनपद के सार्वजनिक स्थलों पर मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जायेगा। जिन स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र यथा लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग किया जाना हो, उसकी आवाज धीमी एवं निर्धारित डेसिबल मानक के अनुसार रखी जायेगी, ताकि इससे अन्य किसी को कोई परेशानी न हो। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल को न तो क्षति पहुंचायेगा और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी धर्म विशेष की भावनाओं को उद्वेलित करने अथवा साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने का कार्य नहीं करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के धार्मिक उन्माद पैदा करने वाला कैसेट न तो बजायेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रसारित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्टर न चिपकायेंगा, न किसी दीवार पर कोई धार्मिक उन्माद पैदा करने वाली बातें लिखेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न ही किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ अपने पास रखेगा। विशेष परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने के बाद ही कोई व्यक्ति लाइसेन्सी अस्त्र-शस्त्र लेकर चल सकेगा। यह प्रतिबन्ध सिख समुदाय के व्यक्तियों को पाण धारण करने, वृद्ध, दिव्यांग, बीमार अथवा अंधे व्यक्तियों के लाठी का प्रयोग करने पर लागू नहीं होगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा किसी अन्य के घर की छत पर ईंट-पत्थर आदि एकत्र नहीं करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार की अफवाह सोशल मीडिया के माध्यम से या अन्य किसी भी माध्यम से न तो प्रसारित करेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले किसी प्रकार का एसएमएस ध्एम एमएस ध्वट्सएप्प मैसेजध्ट्वीट न तो प्रसारित करेगा, न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार की पंचायतध्महापंचायत बुलायेगा और न ही इस प्रकार के किसी पंचायत में भाग लेगा।

लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 20/06/22

# सुरक्षा के दृष्टि से पीएसी तैनात की गई

लार रोड/मोहनापुर(एसएनबी) । भटनी बनारस रेल खण्ड पर स्थित लार रोड़ रेलवे स्टेशन पर रविवार को सुरक्षा के दृष्टि से पीएसी की तैंनाती कर दी गई है वहीं शनिवार को लार थानाध्यक्ष नवीन सिंह व मईल थानाध्यक्ष अनील कुमार मयफोर्स मुस्तैद दिखें बताते हैं कि किसी अंजाम द्वारा सूचना दी गई थी कि लार रोड़ रेलवे स्टेशन पर अगिपथयोजना के विरोध को देखते हुए प्रदर्शन होने वाला है सूचना मिलते ही पुलिस सतर्क हो लार रोड़ रेलवे स्टेशन पहुंच चार घन्टें तक पहरा देती रही पर कोई प्रदर्शनकारी नहीं आया न मिला जिसे लेकर पुलिस हल्काना दिखी लगभग अप व डाऊन की दस रेलगाड़ी गाडियां भी निरस्त रही बस षक व दादर एक्सप्रेस गयी वहीं दादर आठ घन्टे लेट उपयुक्त जानकारी स्टेशन अधीक्षक वृजेश मिश्रा ने दी । मोहनापुर प्रतिनिधि के अनुसार सेना भर्ती में केन्द्र सरकार द्वारा अगिपथ के विरोध को लेकर लक्ष्मीपुर रेलवे स्टेशन पर पुरन्दरपुर पुलिस काफी चौंकस रही। रविवार को सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र, थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय, चौकी प्रभारी लक्ष्मीपुर अंकित सिंह के नेतृत्व पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया। कोई अप्रिय घटना न घटे पुलिस पुरी तरह मुस्तैद रही। इस दौरान चौकी प्रभारी अंकित सिंह, अवधेश सिंह, दुर्गेश यादव, जयप्रकाश, अनूप पाल, नीरज कुमार, सूरज मौर्य, रोशन कुमार व आरपीएफ आनन्द नगर के लोग मुस्तैद रहे।



## अठारह नामजद सहित दौ सौ अज्ञात उपद्रवियों के विरूद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

बरहज( एसएनबी) । रविवार को सेना में अग्निपथ योजना भर्ती के विरोध में करीब ढाई सौ उपद्रवियों ने नगर के पैना रोड बाईपास के पास इकटठा होकर ईाह के पास चले आये और प्रेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ लूट पाट और पुलिस के उपर पथराव किया। जिसमें थानाधयक्ष के वाहन का शीशा टूट गया। पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा।लूटपाट और पथराव की सूचना मिलते ही नगर की दुकानों का शटर धड़ाधड़ गिरने लगा।भय का माहौल बन गया।उपद्रवियों की सूचना पर डीआईजी जे रविन्द्र गौड़,पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा बरहज पहुँच हालात का जायजा लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गये उपद्रवियो से पूद्द ताछ में युवकों ने बताया की कुछ युवकों द्वारा आर्मी व्हाटसएप ग्रुप बनाया गया है। उसी के माध्यम से रविवार को सूचना देकर बुलाया गया था। पुलिस की तहरीर पर 50 तथा पेट्रोल पंम मालिक की तहरीर पर 18 नामजद सहित 150 अज्ञात के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस दविश दे रही है।

## अफवाह फैलाने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

सलेमपुर। अग्निपथ स्कीम को लेकर युवाओं को आगजनी एवं किसी भी प्रकार की प्रदर्शन विरोध गांवों एवं नगर में न किये जाने को लेकर रविवार को कोतवाली सलेमपुर पर एडीएम प्रशासन कुंअर पंकज कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं सीओ की के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों एवं नगर के सभासदों की बैठक हुई। एडीएम प्रशासन ने कोतवाली के बीपीओ के साथ क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, सभासद व संभ्रांत व्यक्तियों से अफवाह न फैलाने की अपील किया । उन्होंने कहा कि सेना भर्ती से संबंधित अगिवीर योजना से लोगों में व्याप्त भ्रांतियों के बारे में लोगों को ग्राम प्रधान एवं बीट पुलिस अफिसर गांवों में लोगों एवं युवाओं को जागरूक करे। अपर पुलिस अधीक्षक ने संभ्रांत व्यक्तियों, नागरिको से एवं ग्राम प्रधानों से अपील किया गया कि वह अपने क्षेत्रों में जाकर आर्मी में भर्ती होने की तैयारी कर रहे युवाओं को समझाएं तथा अपील करें कि राष्ट्रीय संपत्ति को छतिग्रस्त ना करें। नही तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुन्जन द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर, सीओ विनय यादव, कोतवाल नवीन कुमार मिश्र आदि नगर एवं गांव के सम्भान्त लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 20/6/22

# अग्निवीरों की भर्ती को लेकर भ्रमित न हों युवा : कुंवर पंकज



लोगों को जागरूक करते एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, एडिसनल एसपी राजेश सोनकर, उपजिलाधिकारी अरूण कुमार वर्मा आदि।

**भाटपाररानी(एसएनबी)।** देश की सेना भर्ती के लिए अग्निपथ कार्यक्रम के तहत अग्निवीरों की भर्ती को लेकर हो रहे बवाल को रोकने व अंकुश लगाने के लिए स्थानीय थाना परिसर में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज व एडिशनल एसपी राजेश सोनकर व उप जिलाधिकारी भाटपाररानी की मौजूदगी में थाना क्षेत्र के अधिकांश गांवों के सम्भ्रान्त लोगों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुंवर पंकज ने कहा कि अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर किसी प्रकार का भ्रम फैलाकर उपद्रव किया जाता है तो क्षेत्र के युवाओं पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि आगामी सोमवार को अग्निवीरों के भर्ती के विरोध में किसी प्रकार के कार्यक्रम में गांव के किसी भी युवक द्वारा भागीदारी की जाती है तो प्रशासन प्रत्येक गांव के चिन्हित युवाओं को प्रतिबंधित करते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही के बाध्य होगा। एडिशनल एसपी सोनकर ने कहा कि युवाओं को कुछ चंद लोगों द्वारा अफवाह फैलाकर गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा लेने वाले छात्रों की सूची पुलिस द्वारा तैयार कर ली गयी है किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर सभी को दण्ड का भागी होना पड़ेगा।

उपजिलाधिकारी अरूण कुमार वर्मा ने क्षेत्र के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरों पर पुलिस व प्रशासन की पैनी नजर है किसी भी युवा द्वारा आपत्तिजनक मैसेज या फोटो वायरल किया जाता है तो उसे चिन्हित कर लिया जायेगा। पढ़ने-लिखने वाले छात्रों से अपील है कि वें अपने घरों में आगामी परीक्षाओं की तैयारी करे किसी सार्वजनिक कार्यक्रम मे हिस्सा न लें।

यहां मुख्य रूप से थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, भाजपा के शम्प परवेज, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरज सिंह, कृष्णविहारी आदि प्रधानगण मौजूद रहें।

राष्ट्रीय सहारा दि. 20/06/22

# मनबढ़ युवाओं ने अग्निपथ योजना के विरूद्ध किया उग्र प्रदर्शन

बरहज (एसएनबी)। रक्षा विभाग द्वारा अग्निपथ योजना के अन्तर्गत 17 से 21 वर्ष उम्र के युवाओं के लिए चार वर्ष की भर्ती [illegible]

**पथराव में एसडीओ के गाड़ी सहित चार पहिया व दो पहिया वाहन क्षतिग्रस्त**

**भीड़ को देख पुलिसकर्मियों ने भागकर बचायी अपनी जान, पेट्रोलपम्प क्षतिग्रस्त**

**डीआईजी व एसपी ने बरहज पहुंच हालात का लिया जायजा, 15 उपद्रवी गिरफ्तार**

[illegible] करीब 250 युवाओं की भीड़ इकट्ठा हो गयी। [illegible]

अतिरिक्त पुलिस बल भी बुला ली गयी। घटना की सूचना पाकर एसडीएम डा. गजेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी देव आनन्द भारी पुलिस [illegible] पुलिस ने करीब 15 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। [illegible]

[illegible] पूरे दिन नगर में अफरा तफरी का माहौल रहा। [illegible]

[illegible] जानकारी लेने के बाद कहा कि किसी को भी कानून के साथ खिलवाड़ करने नहीं दिया जायेगा। जो भी लोग किसी तरह का धरना प्रदर्शन व पथराव करते हैं तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्राधिकारी देव आनन्द ने बताया कि 15 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद अन्य उपद्रवियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।



उपद्रवियों को खदेड़ती पुलिस तथा भारी मात्रा में पुलिस बल के जवान।

फोटो : एसएनबी



क्षतिग्रस्त पुलिस की गाड़ी व कार।

फोटो : एसएनबी

# दोहरे हत्या काण्ड की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर । समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज में हुए दोहरे हत्या काण्ड के मृतकों के परिजन से मिलकर घटना की जानकारी लिया। इसके उपरान्त रुद्रपुर नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह को एक पत्रक सौंपा। जिसमें कहा कि मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता एवं हुए दोहरे हत्या काण्ड की निष्पक्ष जांच की जाये। सपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश में जंगल राज कायम हो गया है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। आम जन मानस के बीच पुलिस अपना विश्वास खो चुकी है। भाजपा सरकार में बेकसूरों को जेल भेजा जा रहा है। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल में अमित यादव, जितेश यादव, रामबृक्ष राजभर,. इस्तेखार अंसारी, रोहित मद्धेशिया, रवि यादव, राहुल चौरसिया, राहुल सिंह, इब्राहिम अली, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

रा० सहारा दि० 20/6/22

# गोवंशीय पशु बरामद, दो गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। बरियारपुर पुलिस ने पिकप वाहन से तीन राशि गोवंशीय पशु के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। रविवार को बरियारपुर के थानाध्यक्ष मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि वाहन चेकिंग के दौरान बैकुण्ठपुर पुलिया से एक अदद पिकप नं. यूपी-52 एटी-0350 से तीन राशि गोवंशीय पशु लदे हुए पकड़ा। इसके अलावा उसमें बैठे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्तियों ने अपना नाम व पता संदीप कुमार भारती पुत्र ईश्वर देव प्रसाद निवासी ग्राम पिपराइच थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया एवं संदीप यादव पुत्र नागू यादव निवासी ग्राम फुलवरिया करन थाना कोतवाली जनपद देवरिया बताया। बरियारपुर पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 3/5ए/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि. 20/6/22

# पुलिस ने सेना की तैयारी करने वाले युवकों की बनाई लिस्ट

भाटपाररानी। अग्निपथ योजना को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है। रविवार को पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने थाना परिसर में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक किया।

बैठक में अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों को तैयारी करने वाले युवको से बात कर उन्हें किसी भी प्रदर्शन में नहीं जाने के लिए समझाने की जिम्मेदारी दी गई।

पुलिस के अनुसार प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस द्वारा गांव गांव से तैयारी करने वालें युवकों की लिस्ट तैयार कर ली गई है। इलाके में कहीं भी प्रदर्शन या हिंसा होती है तो सबसे पहले उन्ही युवकों पर कार्रवाई होगी। शांति कमेटी की बैठक में अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों को गांव में जाकर तैयारी करने वाले युवकों से प्रदर्शन में नहीं जाने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शन को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है।

# पूरे दिन शहर में मुस्तैद रही पुलिस

देवरिया। युवाओं के आंदोलन को देखते हुए पुलिस और पीएसी रविवार को भी शहर के चौक चौराहों से साथ ही रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर मुस्तैद रही। रविवार होने के चलते आंदोलन की आशंका पुलिस को थी, जिसके चलते चौक चौराहों पर पुलिस को तैनात किया गया था।

अग्निपथ स्कीम का विरोध जिले के युवा भी कर रहे हैं। 17 जून को हुए आंदोलन के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस पिछले तीन दिनों से जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर विशेष सुरक्षाव्यवस्था किया गया है। जिले के देवरिया सदर, भटनी, भाटपाररानी, सलेमपुर, लार रोड, बनकटा, गौरीबाजार, बरहज और बैतालपुर में पुलिस, पीएसी के साथ ही जीआरपी और आरपीएफ दिन और रात में गश्त कर रही है। देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर पीएसी कैंप कर रही है।

हिन्दुस्तान दि. 20/6/22

# हत्याकाण्ड के पीड़ितों से मिला सपा का प्रतिनिधि मण्डल

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के महराजगंज गांव में हुए दोहरे हत्याकाण्ड के पीड़ित परिवार से सपा नेताओं का प्रतिनिधि मण्डल मिला। पीड़ित परिवार के सांत्वना देने के बाद सपा नेता तहसील पहुंचे। जहां राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह को सौंपे। जिसमें पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपए मुआवजा देने की मांग किया।

महराजगंज में 13 जून की रात में शहीद अली और उनके बेटे नजीर अली की धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई थी। जबकि शहीद अली का एक बेटा सोनू अली गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जीवन और मौत से जूझ रहा है। सपा नेताओं का प्रतिनिधि मण्डल विजय रावत के नेतृत्व में शनिवार को महराजगंज पहुंचा। जहां उन्होंने शहीद की पत्नी तेतरा को ढांढ़स बंधाया। इस दौरान पूर्व प्रधान अमित यादव, जितेश यादव, युवजन सभा के विधान सभा अध्यक्ष रामवृक्ष राजभर, इस्तिखार अंसारी, रोहित मद्देशिया, सेराज खान, राहुल चौरसिया, रवि यादव, राहुल आदि रहे।

हिन्दुस्तान 24/6/22

# दो महीने के लिए धारा 144 लागू

देवरिया। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) कुंवर पंकज ने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना को देखते हुए 15 अगस्त तक धारा 144 लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में जिलेभर के सभी सार्वजनिक स्थलों पर मास्क का प्रयोग अनिवार्य रहेगा।

ध्वनि विस्तारक यंत्र की आवाज धीमी एवं निर्धारित डेसिबल मानक के अनुसार रखी जायेगी, ताकि इससे किसी अन्य को कोई परेशानी न हो। विशेष परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने के बाद ही कोई व्यक्ति लाइसेन्सी अस्त्र-शस्त्र लेकर चल सकेगा।

हिन्दुस्तान दि० 20/6/22

# ईंट भट्ठा मालिक समेत दो के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। एक ईंट भट्ठे के समीप सड़क के किनारे शुक्रवार की शाम को युवक का शव मिला था। मामले में पुलिस ने ईंट भट्ठा मालिक समेत दो के विरुद्ध हत्या और साक्ष्य छिपाने का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। आरोपी हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिए थे।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के फ़रेन्दहा गांव के दक्षिण स्थित एक ईंट भट्ठे के पश्चिम लगभग सौ कदम की दूरी पर सड़क के किनारे शुक्रवार को एक शव मिला था। जिसकी शिनाख्त थानाक्षेत्र के पथरदेवा गांव निवासी प्रमोद शर्मा (45) पुत्र रामवृक्ष शर्मा के रूप में हुई। शव के शरीर, सिर, हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे आदित्य शर्मा की तहरीर पर ईंट भट्ठा मालिक शैलेष द्विवेदी पुत्र अज्ञात और राजू पटेल पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम सिधावें थाना तरकुलवा जिला देवरिया के विरुद्ध धारा 302 व 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान 20/8/22

# प्लंबर पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

लार। कस्बा के बाजार वार्ड निवासी रहमत अली पुत्र मोहम्मद एकराम के ऊपर गुरुवार की देर रात्रि कुछ मनबढ़ युवकों ने जान लेवा हमला किया था। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है।

लार कस्बा के बाजार वार्ड के मायागली निवासी रहमत अली प्लम्बर मिस्त्री का कार्य करके अपनी गुजर बसर करता है। किसी बात को लेकर कुछ युवक गोल बनाकर रहमत के घर आ गए और उनपर जानलेवा हमले का प्रयास किए। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। घटना के चार दिन बाद पुलिस ने पीड़ित पर दबाव बनाकर तहरीर बदलवा दिया।

दैनिक जागरण दि. 20/6/22

# पुलिस ने गो तस्करों को किया गिरफ्तार

- पिकअप पर गोवंश को लेकर बिहार के रास्ते जा रहे थे पश्चिम बंगाल
- पुलिस ने बरामद गोवंश को पिपरा चंद्रभान गोशाला भेजा

**जागरण संवाददाता, करौंदी बाजार:** पुलिस ने पिकअप पर गोवंश को लेकर बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल जा रहे दो गो तस्करों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बरामद तीनों गोवंश को गोशाला पिपरा चंद्रभान के लिए भेजा गया है।

बरियारपुर पुलिस को सूचना मिली कि माधोपुर गांव के पास पिकअप पर गायों को लेकर तस्कर बिहार जा रहे हैं। थानाध्यक्ष मनोज प्रजापति, एसएसआइ अनिल कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुच गई। तभी पिकअप दिखाई दी। पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी लेकर गोपालगंज जनपद की सीमा की तरफ भागने लगा।

पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप को बरामद कर लिया। चालक संदीप कुमार यादव पुत्र नागु यादव ग्राम फुलवरिया करन परसौना टोला थाना कोतवाली सदर व संदीप भारती पुत्र ईश्वर देव प्रसाद ग्राम पिपराइच थाना रामपुर कारखाना को गिरफ्तार कर लिया। बरियारपुर थानाध्यक्ष मनोज प्रजापति ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।




पुलिस की गिरफ्त में गो तस्कर ● सौ. पुलिस

दैनिक जागरण दि. 20/6/22

# दुष्कर्म के मामले : संवेदनहीनता पर कोर्ट नाराज

## अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश ने निगरानी के लिए डीएम को लिखा पत्र

- न्यायालय की तरफ से कई मामलों को उदाहरण के रूप में बताया गया
- आइपीसी के उपबंध का जानबूझकर नहीं किया जा रहा अनुपालन

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** नाबालिग से दुष्कर्म मामलों में पुलिस, डाक्टर व विवेचकों की संवेदनहीनता व लापरवाही सामने आई है। 80 प्रतिशत मामलों में आइपीसी व पाक्सो एक्ट के प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश राकेश पटेल ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने डीएम को पत्र लिखकर निगरानी करने को कहा है।

न्यायालय ने कहा है कि इस तरह की संवेदनहीनता व लापरवाही के कारण अभियोजन व न्यायिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न उठ रहा है। स्थिति में सुधार न होने पर विधायिका तथा न्याय का उद्देश्य विफल हो जाएगा। कई बार पाक्सो एक्ट से संबंधित मामलों में समय से चिकित्सकीय परीक्षण न कराने व जिला अस्पताल के डाक्टरों की तरफ से नियमानुसार चिकित्सीय परीक्षण नहीं करने पर अनुश्रवण प्रकोष्ठ की बैठक में प्रश्न उठाया जा चुका है। घटना की जानकारी पुलिस को होने व घटनास्थल पर पहुंचने के बाद भी आइपीसी के उपबंध का अनुपालन जानबूझकर नहीं किया जा रहा है।

**केस एक**

12 वर्षीया पीड़िता के साथ 15 दिसंबर 2021 को घटना होने पर उसी दिन 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई। मुकदमा 12 दिन बाद 27 दिसंबर 2021 को दर्ज की गई। चिकित्सकीय परीक्षण के लिए 13 दिन बाद भेजा गया।

**केस दो**

27 फरवरी 2019 को चार वर्षीया बच्ची के साथ घटना हुई। मुकदमा उसी दिन दर्ज हुआ लेकिन विवेचक ने चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सात दिन बाद भेजा।

> न्यायालय की तरफ से जिन समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराया गया है। उनका समाधान कराया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को अनुपालन के लिए निर्देश दिए जाएंगे।
>
> **जितेंद्र प्रताप सिंह, डीएम**

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

**केस तीन**

16 वर्षीया पीड़िता के साथ 27 नवंबर 2021 को घटना हुई। चिकित्सीय परीक्षण करने वाले चिकित्सक ने चिकित्सकीय प्रारुप के पैरा 18 को क्रास कर दिया गया। क्रास करने का कारण अंकित नहीं किया।

**केस चार** : 13 वर्षीया पीड़िता के साथ 14 मार्च को घटना के अगले दिन मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचक ने सात दिन बाद 21 मार्च को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा। आरोप पत्र दाखिल करते समय न्यायालय की तरफ से विवेचक से चिकित्सकीय परीक्षण में देरी का कारण पूछा गया। विवेचक ने जवाब दिया कि साहब हमने तो महिला सिपाही के साथ भेज दिया था, पता नहीं क्यों इतना बिलंब हुआ।

दैनिक जागरण दि. 20/6/22

# युवाओं के हित में है अग्निपथ योजना : कुंवर पंकज

**जागरण संवाददाता, सलेमपुर :** अग्निपथ को लेकर जगह जगह हो रहे बवाल के बाद पुलिस एवं प्रशासन अलर्ट हो गए हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने रविवार को कोतवाली में ग्राम प्रधानों और राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर अग्निपथ को लेकर भ्रमित नहीं होने की अपील की।



कोतवाली में प्रधानों को संबोधित करते एडीएम प्रशासन, साथ में अपर पुलिस अधीक्षक व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी • जागरण

अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज ने कहा कि अग्निपथ से आम जनता और देश का भला होगा। अग्निपथ योजना को लेकर अफवाहें फैलाई जा रहीं हैं। चेताया कि अग्निपथ को लेकर यदि किसी ने अफवाह फैलाने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना से युवाओं को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। कहा कि इससे अधिकांश युवा लाभान्वित होंगे और 21 साल की उम्र पूरा करने के बाद किसी भी सरकारी सेवा में फिर जा सकते हैं। इस योजना के चलते वे चार साल में ही अधिक रुपये संचित कर सकते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकार ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले को पुलिस कत्तई नहीं छोड़ेगी। जो लोग आंदोलन कर रहे हैं। उनको चिन्हित किया जा रहा है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके घरों के कुर्की की कार्रवाई होगी।

ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी ने कहा कि आप लोग इस तरह की बैठक गांवों में करें और लोगों को अग्निपथ योजना के लाभ और आंदोलन से होने वाले क्षति के बारे में जानकारी दें। सीओ विनय यादव ने पिछले दिनों देवरिया में हुए आंदोलन में शामिल लोगों की सूची तैयार करने की बात कही।

इस दौरान कोतवाल नवीन कुमार मिश्र, थाना लार के निरीक्षक नवीन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि. 20/6/22

# बरहज में युवाओं ने किया तोड़फोड़ व पथराव, पुलिसकर्मी घायल

## अग्निपथ योजना के विरोध में किया उपद्रव, वाहनों को किया क्षतिग्रस्त, डीआइजी व एसपी ने किया घटनास्थल का दौरा



प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के दौरान मची भगदड़ • जागरण



बरहज पहुंचे डीआइजी जे. रविन्दर गौड़, एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) • जागरण



पथराव में घायल सिपाही को संभालते नागरिक • जागरण

**जासं, बरहज :** अग्निपथ योजना का विरोध करने सड़क पर रविवार को बरहज में उतरे युवाओं ने जमकर बवाल किया। पैना रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पथराव करने के साथ ही तोड़फोड़ की। पुलिस पर किए गए पथराव में पुलिस का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। युवाओं का तांडव देख भय से बाजार की दुकानें बंद कर दी गईं। पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच कई बार झड़प हुई। उपद्रव के दौरान पेट्रोल पंप से नकद भी उठा ले जाने का आरोप है। प्रदर्शन में शामिल 18 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बवाल की सूचना पर डीआइजी जे. रविन्दर गौड़, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बरहज पहुंच घटना की जानकारी ली।

युवाओं का एक समूह राजपुर मोहल्ले से ब्लाक कार्यालय के पास दोपहर को प्रदर्शन करते हुए पहुंचा। इसके बाद दुकानें बंद कराने लगे। इस दौरान ईंट, पत्थर चलाए। युवाओं का समूह पैना रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचा और पेट्रोल पंप पर जमकर तोड़फोड़ की। वहां खड़े वाहनों के शीशे तोड़ दिए। केबिन, पेट्रोल मापक यंत्र भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान बिक्री के रखे करीब 87 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। यहां पहुंची पुलिस पुलिस टीम पर भी आरोपितों ने पथराव किया। जिससे सिपाही अखिलेश समेत कुछ अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आ गईं। विरोध और हंगामे को देखते हुए नगर के मुख्य चौक, रुद्रपुर रोड, पैना रोड, बस स्टेशन की दुकानें बंद हो गईं। बाजार आए लोग भी घरों को वापस लौट गए।

> इस प्रकार की हिंसा, तोड़फोड़ करने वालों पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। किसी को हिंसा करने का अधिकार नहीं है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन, ज्ञापन दे सकते हैं। आम आदमी को दिक्कतें न हो। तह में जाकर उकसाने वालों, पर्दे के पीछे छिपे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।
>
> **जे. रविन्दर गौड़, डीआइजी, गोरखपुर**



क्षतिग्रस्त पड़ा कार का शीशा • जागरण

### 17 नामजद व 70 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

बरहज : बवाल के मामले में आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा देर शाम कसा गया। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र की तहरीर पर 17 नामजद व 70 अज्ञात के विरुद्ध बलवा, हत्या के प्रयास, सार्वजनिक लोक क्षति निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पेट्रोल पंप संचालक उमाशंकर मद्धेशिया की तहरीर पर 150 अज्ञात के विरुद्ध लूटपाट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

### आंदोलन की दो दिनों से इंटरनेट मीडिया पर चल रही थी तैयारी

बरहज : अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन का बरहज में दो दिनों से तैयारी चल रही थी। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से युवाओं को बकायदा एकत्रित किया गया। इसकी सूचना तो पुलिस को मिली, लेकिन पुलिस इसे गंभीरता से नहीं ली और आंदोलन बढ़ गया। बताया जा रहा है कि दो दिनों से इंटरनेट मीडिया पर प्रदर्शन को लेकर तैयारी शुरू हुई तो अभिसूचना इकाई ने शनिवार को ही बरहज पुलिस व प्रशासन को इससे अवगत करा दिया।

**प्रदर्शनकारियों के विरोध में आए युवा :** पैना रोड पर प्रदर्शन के दौरान जब दुकान, पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ किया जा रहा था, तब एक सभासद और मोहल्ले के युवाओं ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों का विरोध किया। दुकानदारों और युवाओं का विरोध को देखते हुए प्रदर्शन करने आए लोग वहां से भाग गए। उसके बाद विरोध करने वाले रेलवे स्टेशन पहुंच गए। जहां पुलिस पहुंचकर उन्हें भगाई।

**पुलिस ने शुरू की दबिश, युवा गांव छोड़ हुए फरार :** बवाल के बाद पूरे बरहज कस्बा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। मदनपुर, बरहज, भटनी, मईल के साथ ही पीएसी व पुलिस लाइन से भी फोर्स बुला ली गई। इसके बाद प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने काबू पाया। इसके बाद पुलिस कपरवार के नौका टोला, मेंहिया, तेलरखी, देईडीहा, परसिया तिवारी समेत अन्य गांवों में भी दबिश देना शुरू कर दी है। युवा गांव छोड़कर फरार हो गए हैं।

> प्रदर्शन पूर्व नियोजित था। कई दिन पूर्व से वाट्सएप ग्रुप, इंटरनेटमीडिया पर कुछ लोग सक्रिय थे। 40 से 50 की संख्या में लोग पैना रोड पर रोड जाम और तोड़फोड़ किए हैं। उपद्रव में शामिल 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अन्य लोगों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **संकल्प शर्मा, पुलिस अधीक्षक, देवरिया**

**बवाल के बाद दहशत में लौटे लोग :** प्रदर्शनकारियों के बवाल से पहले लोग बाजार करने के लिए बरहज आए थे। अचानक बवाल होने की सूचना मिलते ही बरहज की दुकानें बंद हो गईं, जबकि बाजार करने आए लोग दहशत में अपने घर लौट गए। कुछ लोग पैदल ही घर के लिए चल दिए।

**पुलिस अधिकारियों से मिले व्यापारी :** बरहज : अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल पंप, दुकानों में तोड़फोड़ से आहत व्यापारी थाना में मौजूद डीआइजी जे. रविंदर गौड़, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा से मिलने पहुंचे। व्यापारियों ने प्रदर्शन के दौरान व्यापारिक प्रतिष्ठानों में उपद्रव करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पेट्रोल पंप के उमाशंकर मद्धेशिया ने बताया कि कार्यालय, पेट्रोल मापक मशीन, फर्नीचर, अन्य उपकरणों को प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया। 87 हजार रुपए बिक्री के लूट ले गए।

दैनिक जागरण दि० 20/6/22

# जिले में दो माह के लिए धारा 144 लागू, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**जासं, देवरिया:** जिले में धरना-प्रदर्शन, जुमे की नमाज के दौरान कानून व शांति व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिला प्रशासन ने दो माह के लिए जनपद में आइपीसी की धारा 144 लागू किया है। यह 15 अगस्त तक प्रभावी रहेगी।

जिला प्रशासन ने वर्तमान समय में तिलकोत्सव व शादी-विवाह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने, विभिन्न संगठनों की तरफ से धरना प्रदर्शन करने, जुमे की नमाज के दौरान भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया है। जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग अनिवार्य रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र की आवाज धीमी व निर्धारित डेसिबल मानक के अनुसार रखी जाएगी। जिससे दूसरे लोगों को कोई परेशानी नहीं हो। कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल को न तो क्षति पहुंचाएगा और न ही किसी को प्रेरित करेगा। किसी धर्म विशेष की भावनाओं को उद्वेलित करने या सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने का कार्य नहीं करेगा। धार्मिक उन्माद पैदा करने वाला कैसेट न तो बजाएगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रसारित करेगा। धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्टर न चिपकाएगा, न किसी दीवार पर धार्मिक उन्माद पैदा करने वाली बातें लिखेगा। अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलना प्रतिबंधित रहेगा। विशेष परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने के बाद ही कोई व्यक्ति लाइसेंसी अस्त्र-शस्त्र लेकर चल सकेंगे। यह प्रतिबंध सिख समुदाय के व्यक्तियों को कृपाण धारण करने, वृद्ध, दिव्यांग, बीमार या अंधे व्यक्तियों के लाठी का प्रयोग करने पर लागू नहीं होगा। घर की छत पर ईंट-पत्थर आदि एकत्र नहीं करेगा।

एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने बताया कि जनपद में 15 अगस्त तक धारा 144 लागू कर दिया गया है। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले एसएमएस, वाट्सएप, ट्वीट नहीं करेगा। किसी प्रकार की पंचायत या महापंचायत नहीं बुलाएगा।

दैनिक जागरण दि० 20/6/22

# शहर में बढ़ी चौकसी, पुलिस ने किया पैदल मार्च



सदर रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिस व आरपीएफ • जागरण



सुभाष चौक पर तैनात पुलिस बल • जागरण

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं के उपद्रव को देखते हुए रविवार को भी प्रशासन सतर्क रहा। पुलिस व पीएसी ने शहर में पैदल मार्च किया। सभी प्रमुख चौराहों पर उन्हें तैनात किया गया था। रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर पुलिसकर्मी सुबह चार बजे ही सार्वजनिक जगहों पर पहुंच गए। उनके साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए गए थे। रेलवे स्टेशन परिसर को सुरक्षाकर्मियों ने अपने घेरे में ले लिया। शाम तक पीएसी के जवान मुश्तैद थे।

एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अनुज सिंह ने शहर में कई स्थानों का जायजा लिया। उनके अलावा जीआरपी व आरपीएफ के जवान भी स्टेशन पर भ्रमण करते नजर आए।

स्टेशन अधीक्षक आइ अंसारी, आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक मनभरन व जीआरपी के लोग ट्रेनों के आने पर जांच में जुटे थे। रेलवे प्रशासन को शक था कि युवा ट्रेनों के जरिये रेलवे स्टेशन पर पहुंच सकते हैं। इसको देखते हुए ट्रेनों में भी सुरक्षाकर्मी सतर्क रहे। शहर के सुभाष चौक, डीएम आवास के सामने, कलेक्ट्रेट गेट, रोडवेज गेट के सामने पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। डीआइजी जे रविंदर गौड के शहर में पहुंचने की जानकारी पर शाम को रोडवेज गेट पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

दै० जागरण दि० 20/6/22



स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते रुद्रपुर सीओ जिलाजीत, थानाध्यक्ष विपिन मलिक (दाएं) • जागरण

# शिविर में 105 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**जासं, इंदूपुर:** स्वास्थ्य शिविर में रविवार को मरीजों की निशुल्क जांच के साथ दवाएं दी गई। शिविर का आयोजन गौरी बाजार थाना परिसर में किया गया था, जिसमें 105 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का उद्घाटन सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, थानाध्यक्ष विपिन मालिक व डा.एसके अग्रवाल ने दीप जलाकर किया । सीओ ने कहा कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में बेहतर स्वास्थ्य जरूरी है। हमें अपने स्वास्थ्य की जांच समय समय पर कराते रहना चाहिए।

दैनिक जागरण दि. 20/6/22

# 22 जून को आएंगे उप मुख्यमंत्री, तैयारी शुरू

**जासं, भाटपाररानीः** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 22 जून को विशंभरपुर गांव आएंगे। वह पूर्व सांसद स्व. हरिवंश सहाय के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उनके आगमन की भनक मिलते ही जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है।

उप मुख्यमंत्री सुबह सात बजे सड़क मार्ग से देवरिया के लिए लखनऊ से प्रस्थान करेंगे। वह सुबह 11.30 बजे विशंभरपुर गांव पहुंचकर पूर्व सांसद स्व. हरिवंश सहाय के ब्रह्मभोजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह दोपहर 12 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। उनके कार्यक्रम को देखते हुए एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज व एएसपी डा. राजेश सोनकर विशंभरपुर गांव पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल को



उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल के बारे में जानकारी लेते एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, एएसपी डा. राजेश सोनकर (बाएं) • जागरण

देखा। पूर्व सांसद के पुत्र डा. अरविंद सहाय से जानकारी ली। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, वाहन पार्किंग, सड़क आदि को जाना। इस दौरान उप जिलाधिकारी अरुण वर्मा, अश्वनी श्रीवास्तव, अश्वनी पांडेय, हरिवंश यादव आदि मौजूद रहे।

**सड़क के गड्ढों को पाटने का कार्य शुरू :** भाटपाररानीः उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य महत्वपूर्ण लोगों के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होने को देखते हुए सड़क के गड्ढों को पाटने का कार्य शुरू हो गया है। जेसीबी से सड़क की पटरियों की सफाई के साथ मरम्मत कार्य में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लगे हैं।

अमर उजाला दि० 20/5/22

# भट्ठा मालिक समेत दो पर हत्या का केस

## भट्ठे के समीप मजदूर की हत्या का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। थानाक्षेत्र के फरेंदहा गांव के एक ईंट भट्ठे के समीप सड़क के किनारे शुक्रवार की शाम मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने ईंट भट्ठा मालिक समेत दो के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। आरोपी हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंक दिए थे।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के फ़रेंदहा गांव के दक्षिण स्थित एक ईंट भट्ठे के पश्चिम महज सौ कदम की दूरी पर सड़क के किनारे शुक्रवार को एक शव मिला था। जिसकी शिनाख्त थानाक्षेत्र के पथरदेवा गांव निवासी प्रमोद शर्मा (45) के रूप में हुई। मृतक के शरीर, सिर, हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। एसओ टीजे सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे आदित्य शर्मा की तहरीर पर ईंट भट्ठा मालिक शैलेष द्विवेदी और राजू पटेल निवासी ग्राम सिधावे थाना तरकुलवा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया था, जिसमें एक आरोपी भी शामिल हैं।

अमर उजाला दि॰ 20/6/22

# नदी के बहाने डीआईजी ने दियारा का जाना हाल

## अग्निपथ योजना के विरोध में हुए बवाल के बाद एसपी संकल्प शर्मा के साथ डीआईजी रवींदर गौड नदी तट पर पहुंचे

संवाद न्यूज एजेंसी



बवाल के बाद सरयू नदी घाट से दियारा क्षेत्र का जायजा लेते डीआईजी और एसपी। संवाद

**बरहज।** नगर में रविवार को अग्निपथ योजना के विरोध में हुए बवाल के बाद जायजा लेने आए डीआईजी रवींदर गौड ने एसपी संकल्प शर्मा के साथ नदी तट देखने के बहाने दियारा क्षेत्र का हाल जाना।

शाम करीब सवा चार बजे डीआईजी अधिकारियों के साथ नदी घाट पर पहुंचे। करीब 10 मिनट तक रहे डीआईजी ने सरयू की महिमा की जानकारी लेते हुए नदी पार के गांवों के बारे में पड़ताल किया। उन्होंने लोगों से करीब 15 किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले परसिया-बिशुनपुर देवार के बारे में जानकारी ली। लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र को कच्ची शराब का हब कहा जाता है। यहां की बनी शराब जिले विभिन्न क्षेत्रों के अलावा गैर जनपद गोरखपुर, बनारस, बलिया, आजमगढ़, मऊ आदि जगहों पर भेजी जाती है। पुलिसकर्मियों ने अधिकारी से समय-समय पर कार्रवाई की बात बताई। इस दौरान सीओ देवआनंद, एसओ जयशंकर मिश्र, पीआरओ, मदनपुर बीबी राजभर, मुकेश मिश्र, अमरनाथ सोनकर, शेषनाथ कन्नौजिया, राहुल यादव, विपिन, हरिहर राय, मनोज गुप्त आदि मौजूद रहे।

**पशु अस्पताल में तोड़फोड़, स्कूटी-बाइक क्षतिग्रस्त की**

**बरहज।** नगर में रविवार को अग्निपथ योजना के विरोध में जमकर बवाल काटा। सभी ब्लॉक परिसर स्थित पशु अस्पताल पर भी तोड़फोड़ किया। इसमें खिड़की का शीशा टूटने के साथ स्कूटी और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। कर्मियों ने तहरीर दी है।

इसमें अनुचर प्रबोध कुमार सिंह और फैरावेट राजेश कुमार यादव ने कहा है कि अस्पताल पर ड्यूटी दे रहे थे। इसी बीच मनबढ़ युवक परिसर में आ गए और तोड़फोड़ करने लगे। सभी ने खिड़की का शीशा तोड़ते हुए स्कूटी और बाइक क्षतिग्रस्त कर दिया है। चल रहे ईंट-पत्थर में किसी तरह जान बचाए है। कर्मियों ने कार्रवाई की मांग की है। पशुधन प्रसार अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि चैनल बंद कर कर्मियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की है। सूचना पुलिस को दे दी गई है।

अमर उजाला दि. 20/6/22

# सुरक्षा बलों ने स्टेशन पर किया पैदल मार्च

संवाद न्यूज एजेंसी

## आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया

देवरिया। सदर रेलवे स्टेशन पर रविवार को पुलिस टीम ने प्लेटफॉर्म पर चेकिंग अभियान चलाया। इसमें आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस भी शामिल रही। चेकिंग के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

सदर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बलों ने पैदल मार्च किया। तीनों प्लेटफॉर्म के साथ टिकट काउंटर सर्कुलेटिंग एरिया को संदिग्ध वस्तु और संदिग्ध व्यक्ति के लिए चेक किया गया। किसी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसी बीच बनारस से गोरखपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को भी चेक किया गया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक इमामुद्दीन अंसारी, रेलवे चौकी इंचार्ज पिंटु कुमार, जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुधाकर उपाध्याय, उपनिरीक्षक रामसिंह, अरविंद कुमार विजय शंकर यादव, आरपीएफ प्रभारी मनभरन यादव, उप निरीक्षक छोटे लाल यादव, अक्षय कुमार सिंह, संजीव यादव, परमेंद्र राय, जितेंद्र यादव, जैराम यादव तथा आरपीएसएफ की टीम की साथ जनपद की स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही।

अ. उजाला 20/6/22

# भाटपार रानी में मुस्तैद रही पुलिस

भाटपाररानी। अग्निपथ के विरोध में युवाओं के आंदोलन को देखते हुए रविवार को भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे सुरक्षा बल, पीएसी और लोकल पुलिस पूरे दिन मुस्तैद रही। स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों पर पुलिस कड़ी नजर रख रही थी, ताकि कोई उपद्रवी और आंदोलनकारी अंदर घुस कर ट्रेनों व स्टेशन पर कोई तोड़ फोड़ न कर सके। पूरा स्टेशन पुलिस छावनी में तब्दील रहा। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे से भी स्टेशन की निगरानी की जा रही थी। स्टेशन प्रवेश द्वार पर आने-जाने वाले लोगों पर पुलिस के जवान कड़ी नजर रखे हुए थे। नगर में भी पूरे दिन पुलिस भ्रमण करती रही। थाना अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस रेलवे स्टेशन से लेकर चौराहों और टैक्सी स्टैंड आदि पर कड़ी नजर रखे हुए है। संवाद

अमर उजाला दि. 20/6/22

# अग्निपथ के बारे में लोगों को किया जागरूक

## युवाओं के आंदोलन के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक, ग्राम प्रधानों-बीडीसी सदस्यों को दी समझाने की जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर/भाटपाररानी। कोतवाली में रविवार को बैठक हुई। इसमें ग्राम प्रधान, सभासद व संभ्रांत लोग मौजूद रहे। उन्हें अग्निवीर के लाभ बताए गए।

एडीएम कुंवर पंकज ने कहा कि यह योजना युवाओं के स्किल डेवलपमेंट का कार्य करेगी। सेना का प्रशिक्षण हर कार्य के लिए दक्ष बनाएगा। आर्मी भी यंग हो जाएगी। चार साल में अग्निवीर युवाओं को मुफ्त भोजन रहने के आवास मिलेंगे। युवाओं को एक नई दिशा मिलेगी। इसके बाद उन्हें हर क्षेत्र में काम करने का अवसर मिलेगा। बैठक में एएसपी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, सीओ विनय यादव कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने



सलेमपुर कोतवाली में हुई बैठक में मौजूद लोग। संवाद

अग्निवीर योजना के बारे में लोगों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया। संभ्रांत व्यक्तियों, नागरिकों एवं ग्राम प्रधानों से अपील की गई कि वे अपने क्षेत्र में आर्मी में भर्ती होने की तैयारी कर रहे युवाओं को समझाएं तथा अपील करें कि राष्ट्रीय संपत्ति को क्षतिग्रस्त न करें। इस दौरान प्रियंका देवी, दीपक कुमार गोंड, दुर्गेश कुमार यादव, हरिश्चंद्र पांडेय, अजय यादव, सुषमा मिश्रा, राम सिंह यादव, प्रदीप कुमार यादव, बलिराम चौहान, गुलाब चंद्र, बलिंदर यादव, संजय कुमार, धनंजय यादव, अवधेश यादव, मदन यादव, गनेश यादव, सिपाही, इजहार अंसारी, दीन यादव आदि मौजूद रहे।

युवाओं के आंदोलन को देखते हुए भाटपाररानी थाना परिसर में रविवार को भाटपार रानी में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें नगर के सभी सभासद, नागरिक, क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्यों आदि ने भाग लिया। एडीएम प्रशासन ने कहा कि अग्निवीर भर्ती को लेकर हो रहे युवाओं के उपद्रव को रोकने और उन्हें समझाने का परम दायित्व है। भाटपाररानी में होने वाले 20 मई को रैली को ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य तथा नगर के सभासद अपने अपने गांव के बच्चों को रैली में भाग लेने से रोकें तथा उन्हें समझाएं कि वे सरकारी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं। इस तरह का काम ना करें, जिससे आंदोलन उग्र हो।

अन्यथा उनके विरुद्ध पुलिस कड़ी कार्रवाई के लिए बाध्य होगी। उन्होंने पीस कमेटी में आए सभी प्रतिनिधियों से सोमवार को भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर भाग लेने वाले युवाओं को शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए समझाने का काम करें। इस दौरान एएसपी सोनकर, एसडीएम अरुण कुमार वर्मा, सीओ पंचम लाल, थाना अध्यक्ष भाटपार रानी जितेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के समस्त प्रधान व बीडीसी सदस्य मौजूद रहे।

अमर उजाला दि. 20/6/22

# दो माह के लिए जनपद में धारा-144 लागू

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दो माह के लिए धारा 144 लागू कर दी गई।

एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने कहा कि उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक धारा-144 पूरे जनपद में प्रभावी रहेगा। जिले के सार्वजनिक स्थलों पर मॉस्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। जिन स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग किया जाना हो, उसकी आवाज धीमी एवं निर्धारित डेसिबल मानक के अनुसार रखी जाए, ताकि किसी को परेशानी न हो। कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल को क्षति नहीं पहुंचाए और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी धर्म विशेष की भावनाओं को उद्वेलित करने व सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने का कार्य नहीं करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के धार्मिक उन्माद पैदा करने वाला कैसेट नहीं बजाएगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रसारित करेगा। जनपद में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के धार्मिक उन्माद पैदा करने वाले पोस्टर न चिपकाएगा, न किसी दीवार पर कोई धार्मिक उन्माद पैदा करने वाली बातें लिखेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

# गैंगस्टर का वाहन जब्त किया

**फाजिलनगर।** तुर्कपट्टी पुलिस ने थाना क्षेत्र के गड़हिया निवासी गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त के वाहन की जब्ती की कार्रवाई की है। गड़हिया निवासी दिलीप सिंह पुत्र लक्ष्मण पर तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में कई मुकदमें पंजीकृत हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से उनके चल और अचल सम्पति को भी सीज करने का निर्देश है। इसी क्रम में तुर्कपट्टी पुलिस ने सदर क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह के नेतृत्व में जब्ती की कार्रवाई की है।

# अग्निपथ पर प्रदर्शन को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन



रविवार को अहिरौली क्षेत्र के बेदूपार ग्राउंड में सेना में भर्ती की तैयारी करते युवाओं को समझाते कोतवाल आरके सिंह।

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** अग्निपथ के खिलाफ जगह-जगह हो रहे बवाल को देखते हुए हाटा में भी प्रदर्शन की संभावना पर जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली समेत चार थानों की पुलिस व एक प्लाटून पीएसी दिनभर अलर्ट मोड पर रही। प्रशासनिक अफसर हर गतिविधि पर नजर रखते हुए प्रदर्शन को रोकने में जुटे रहे।

रविवार को कुछ छात्रों द्वारा हाटा में प्रदर्शन करने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर हाटा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह समेत अहिरौली बाजार, कप्तानगंज, रामकोला व कसया की पुलिस फोर्स तथा एक प्लाटून पीएसी के जवानों को प्रदर्शनकारियों की रोकथाम के लिए दिनभर अलर्ट मोड पर रहे। कुछ लोगों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह व अहिरौली बाजार एसओ पंकज कुमार ने बेदूपार के खेल ग्राउंड में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से मिल कर अग्निपथ योजना के बारे में जानकारी और उन्हें समझाया।

# थाने में पड़े ट्रक की नीलामी 22 को

**खड्डा।** खड्डा थाना परिसर में एसडीएम की मौजूदगी में 22 जून को वर्षों से थाने में कबाड़ पड़े ट्रक की नीलामी की जायेगी। स्थानीय स्तर पर रजिस्टर्ड ठेकेदार इसमें भाग ले सकते हैं। इसकी जानकारी इंस्पेक्टर धनवीर सिंह ने दी है।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के फइलहा कुटी के पास शनिवार की आधी रात के बाद हुई मुठभेड़, आरोपी का चल रहा इलाज

# मुठभेड़ में पशु तस्कर हुआ घायल, दबोचा

- पीएचसी सुकरौली से पशु तस्कर को जिला अस्पताल रेफर किया गया
- पकड़ा गया तस्करी का आरोपी बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने शनिवार मध्य रात्रि के बाद थाना क्षेत्र के फइलहा कुटी के पास एक पशु तस्कर के पैर में गोली मारकर उसे दबोच लिया। मुठभेड़ में हुई जवाबी कार्रवाई में पशु तस्कर घायल हुआ। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बिहार राज्य के गोपालगंज जनपद के ग्राम अहिरौली दुबौली थाना गोपालपुर निवासी पेशेवर पशु तस्कर कबूतर उर्फ रुस्तम अली कुछ पशुओं को लेकर रात के ढाई बजे अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के फइलहा कुटी के पास स्थित बाग के पास से गुजर रहा है।

इस खबर पर अहिरौली बाजार पुलिस हरकत में आई। एसओ पंकज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल गोपाल शर्मा, कांस्टेबल शुभम यादव, धर्मेंद्र कुमार, राजेश यादव के साथ पहुंचे और पशु तस्कर की घेराबंदी की। यह देख पशु तस्कर कबूतर पुलिस टीम पर अपने असलहे से फायर करने लगा। इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो तस्कर के पैर में लगी और वह घायल होकर वहीं गिर गया।

उसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। उसके कब्जे से एक बछड़ा एवं काटने का सामान भी बरामद कर लिया। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली ले जाया गया। वहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है।



शनिवार की रात में पुलिस मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर रुस्तम अली उर्फ कबूतर को ले जाते पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

# पशु तस्करों का सेफ जोन बना जिले का बिहार बॉर्डर का इलाका

- पूरे पूर्वांचल की पुलिस को छका रहे यहां के तस्कर
- पटहेरवा और तरयासुजान में होता है इनका जमावड़ा

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** बिहार बार्डर से सटे जिले के इलाके पशु तस्करों के गढ बने हुए हैं। यहां के तस्कर कुशीनगर जिले में ही नहीं बल्कि पूरे पूर्वांचल की पुलिस को छका रहे हैं।

पटहेरवा और तरयासुजान थाना क्षेत्रों में अक्सर इनका जमावड़ा होता है मगर दागी पुलिस कर्मियों की मुखबिरी यह तस्कर कुशीनगर जिले की पुलिस को तो छका ही रहे हैं। फोरलेन के रास्ते हो रही पशु तस्करी को रोकने निकली पुलिस के हाथ भी ये तस्कर नहीं आ पा रहे हैं। स्थानीय पशु तस्करों पर पुलिस अब कार्रवाई में लगी है। पशु तस्करों की घेराबंदी के दौरान बुधवार के दिन फोरलेन के जोकवा में पशु तस्करों ने तरयासुजान थाने में तैनात हेडकांस्टेबल धर्मवीर यादव को वाहन से कुचल कर हत्या कर दी थी तो वहीं दूसरी तरफ उसी दिन बस्ती जिले में पशु तस्करों से मुठभेड़ के दौरान पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक के निवासी शमसुल होदा का पुलिस की गोली से घायल होने से यह साफ है कि पटहेरवा थाना क्षेत्र में पशु तस्करों का गिरोह सक्रिय है। बुधवार के दिन पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक गांव में एक ही नाम के दो तस्करों के नाम सामने आये थे। पहला बस्ती जिले के नगर क्षेत्र के बक्सर गांव के बगीचे में पशु तस्करों से हुए मुठभेड़ में पुलिस की गोली से पिपरा कनक निवासी शमसुल होदा पुत्र सफीक घायल हो गया था उसके साथ ही तरयासुजान थाना क्षेत्र के दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया था।

# चोरी की गाड़ियों संग पकड़ा गया कुशीनगर का बदमाश

- कुशीनगर, देवरिया और बिहार के रहने वाले हैं चारों आरोपित
- चोरी एक बाइक, तीन पिकअप, साढे.पांच किलो गांजा बरामद

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** चोरी की गाड़ियों को कबाड़ी को बेचने वाले एक गिरोह को चिलुआतला पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त प्रयास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चार बदमाशों में से एक ने पुलिस पर फायर कर भागने का प्रयास किया लेकिन भाग नहीं पाया। चारों आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक, तीन पिकअप, 315 बोर तमंचा, एक खोखा, एक कारतूत और साढे.पांच किलो गांजा बरामद किया है। युवकों की पहचान राजकुमार पुत्र नगीना निवासी कैलाश नगर बगहा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार, गुड्डू सिंह पुत्र कैलाश सिंह निवासी बसन्तपुर थाना रामपुर कारखान देवरिया, हरेराम राजभर पुत्र श्रीराजभर निवासी पकवा इनार परसोनिया टोला थाना कसया कुशीनगर के रूप में हुई। आरोपितों ने बताया कि हम लोग गाड़ियों की चोरी करके उसे गैस कटर से काट कर सहजनवां स्थित गैलेन्ट फैक्ट्री के पास मिलने वाले नेता जी कबाड़ी के हाथों बेच देते हैं। चिलुआताल पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# मतांतरण की शिकायत पर हिरासत में दो महिलाएं

**नेबुआ-नौरंगिया :** क्षेत्र के मझार विंदवलिया के टोला बरई पट्टी में मतांतरण की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को मुकदमा पंजीकृत कर दो महिलाओं का शांति भंग में चालान किया। गांव के शैलेश दूबे ने शनिवार शाम को पुलिस को सूचना दी कि दो हिंदू घरों में संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं। इन घरों में समुदाय विशेष से जुड़े झंडे भी लगाए गए हैं। इन घरों में मतांतरण का प्रयास चल रहा है। सूचना पर तत्काल गांव में पहुंची पुलिस ने छानबीन की। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय ने बताया कि मामले में रूक्मिणी व निशा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर दोनों का शांति भंग में चालान किया गया है। (जासं)

# तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**खिरकिया बाजार :** जटहां बाजार पुलिस ने रविवार को अलग-अलग मामलों के तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जटहां बाजार के राजाराम जायसवाल मारपीट, कटाई भरपुरवा के रियासत अंसारी को गैर इरादतन हत्या और नोनियापट्टी के हसबुल्लाह पर मारपीट का मुकदमा दर्ज है। यह लोग कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ विपिन यादव, अमीन अहमद, हेड कांस्टेबल शमशेर सिंह और कांस्टेबक नितेश यादव शामिल रहे।

# गैंगस्टर में निरुद्ध आरोपित की अवैध संपत्ति जब्त

**फाजिलनगर :** तुर्कपट्टी के गड़हिया निवासी गैंगस्टर दिलीप सिंह की अवैध संपत्ति रविवार को जब्त की गई। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर सीओ सदर कुंदन सिंह की अगुवाई में कार्रवाई की गई। इस दौरान 60 हजार रुपये की बाइक जब्त की गई। प्रभारी निरीक्षक तुर्कपट्टी थाना जयप्रकाश पाठक, मधुरिया चौकी प्रभारी अवधेश सिंह, अशोक द्विवेदी, विश्वजीत कुमार मौजूद रहे।

# डीजे की दुकान में चोरी का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

अहिरौली बाजार : क्षेत्र के गिदहा में डीजे की दुकान में बीते दिनों हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश कर पुलिस ने तीन चोरों की गिरफ्तारी का दावा किया है। गिरफ्तार चोरों को पुलिस न्यायालय ले गई, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिदहा के सूरज सिंह गांव के चौराहे पर डीजे-साउंड की दुकान चलाते हैं। बीते दो जून की रात में दुकान का शटर तोड़कर चोर साउंड बाक्स, मशीन आदि चुरा ले गए। अगले दिन सूरज दुकान पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। थाने में तहरीर दी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। शनिवार देर रात पुलिस ने क्षेत्र के विशुनपुरा के पास नहर पर से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। तीनों की पहचान गुल हसन निवासी गिदहा, सूरज निवासी मुजडीहा व राजन निषाद निवासी लखिमा थाना अहिरौली बाजार के रूप में हुई। तीनों की निशानदेही पर गुल हसन के घर से तीन साउंड बाक्स, तीन डिस्को लाइट, गुब्बारा फुलाने की मशीन, साउंड मिक्सर मशीन बरामद हुई। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता, दारोगा राजेश कुमार, श्याम देव सिंह, हेकां. अरविंद कुमार मौर्य, कां. विपिन द्विवेदी, नितेश तिवारी, महिला कां. शिवानी द्विवेदी, आराधना सिंह शामिल रहे। (जासं)

# पुलिसकर्मियों को दिया गया वाहन चालकों में नशे की जांच का प्रशिक्षण



कार्यालय में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा● जागरण

**जासं, पडरौना :** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ, दारोगा व सिपाहियों को ब्रेथ एनालाइजर के प्रयोग की जानकारी दी गई। वाहनों के चालान करने के बारे में भी बताया गया।

रविवार को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में यातायात प्रभारी सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन न होने से आए दिन सड़क हादसे की घटनाएं हो रही हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन जानलेवा साबित हो सकता है, यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। इसके लिए आवश्यक है कि हम वाहन चालकों को जागरूक करें। उन्हें बताएं कि आपकी सजगता में आपके साथ साथ दूसरे की भी सुरक्षा शामिल है। एनएच से जुड़े कुशीनगर में लगभग हर दिन सड़क हादसों की खबरें आतीं हैं। जबकि वाहन चालकों में जागरूकता लाकर हम इसे रोक सकते हैं। नियमों की अनदेखी करने वालों से सख्ती से पेश आएं। ऐसे मामलों में चालान की कार्रवाई करें। प्रशिक्षण के दौरान दारोगा व सिपाहियों को ब्रेथ एनालाइजर के प्रयोग की जानकारी दी गई, जिससे पता चल सके कि वाहन चालक नशे में तो वाहन नहीं चला रहा है। चालान के बारे में भी बताया गया। कोतवाली पडरौना, खड्डा, पटहेरवा, कप्तानगंज व कसया थाने के दारोगा आदि मौजूद रहे।

# नगर, कस्बों व बाजार में रहेगी पैनी नजर

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** भारत बंद के आह्वान को लेकर जनपद में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। एसपी धवल जायसवाल ने रविवार देर रात को अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अलर्ट रहने को कहा है। एसपी ने कहा है कि बंद के दौरान जन-सामान्य को किसी तरह की कोई असुविधा न होने पाए यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कानून-व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्ती से पेश आएं। पडरौना नगर समेत जनपद के प्रमुख शहर, कस्बों व बाजारों में आमदिनों के सापेक्ष अधिक चौकसी बरती जाए। इन जगहों पर सादे वेश में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। जिनकी हर गतिविधियों पर नजर होगी। इसके अलावा जिले व थानों की मोबाइल टीम निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग करेगी।

बता दें कि केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के एक संयुक्त मंच द्वारा सोमवार और मंगलवार को दो दिवसीय भारत बंद का आह्वान किया गया है। संभावना है कि बंद में विपक्षी दल शामिल होकर कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं।

# दूर हुआ मनमुटाव, फिर साथ रहने को हुए तैयार

- **महिला थाना व परिवार परामर्श केंद्र की पहल बचे चार परिवार**
- **समझौते के दौरान पुलिस ने की दंपती की काउंसिलिंग**

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** महिला थाना में रविवार को थानाध्यक्ष रेखा की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। कुल पांच मामले आए। इसमें तीन निस्तारित कर दिए गए, जबकि दो मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। निस्तारित मामलों में अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी फिर साथ रहने को तैयार हो गए।

कप्तानगंज कस्बे के वार्ड संख्या 15 निवासी गोलू ने पत्नी से मनमुटाव की महिला थाने में शिकायत की थी। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों अलग-अलग रहने लगे। रविवार को पति-पत्नी को थाने बुलाया गया। दोनों की काउंसिलिंग की गई। जिसके बाद पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हो गए।

इसी तरह तुर्कपट्टी थाने के बेलवा खुर्द के परमा ठाकुर ने भी प्रार्थना-पत्र देकर मदद की गुहार लगाई थी। काउंसिलिंग के दौरान पता चला कि मामूली बात पर भी पति-पत्नी एक दूसरे से झगड़ जाते थे। समझाने पर दोनों अपनी भूल स्वीकार कर आगे से ऐसा न करने का विश्वास दिलाए। पटहेरवा के कोचिया मठिया पोखरभिंडा की खतीजा खातून ने पति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। वह छह माह से मायके में रह रही थीं। पति से उसका महिला थाने में जब आमना सामना हुआ तो दोनों ने अपनी गल्तियां मानीं और आगे से एक साथ रहने पर रजामंदी जताई। जनसुनवाई में महिला थानाध्यक्ष व महिला कांस्टेबल संजू वर्मा का विशेष योगदान रहा। इसी तरह परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी का मामला प्रस्तुत हुआ। विवाद के कारण पति बबलू व पत्नी सविता निवासी पडरौना अलग रह रहे थे। केंद्र की प्रभारी निरीक्षक सुमन सिंह ने दोनों की काउंसलिंग की तो दोनों फिर साथ साथ रहने को तैयार हो गए। केंद्र की सदस्य मीनू के अलावा डा. अरूण कुमार गुप्त मौजूद रहे।

# पशु तस्करों से मुठभेड़, एक को लगी गोली

## बिहार के गोपालगंज जिले का रहने वाला है घायल तस्कर, फरार हो गया दूसरा

**जागरण संवाददाता, अहिरौली बाजार**

कुशीनगर : अहिरौली बाजार क्षेत्र में पशु तस्कर और पुलिस टीम के बीच रविवार तड़के साढ़े तीन बजे मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में एक पशु तस्कर के पैर में गोली लगी, उसका साथी अंधेरे का लाभ लेकर फरार हो गया। घायल पशु तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, खोखा व कारतूस बरामद किया है। कुछ दूरी पर एक गोवंश, लकड़ी का ठेहा, रस्सा तथा धारदार हथियार मिला है।



सुबुधिया बुजुर्ग में हुई मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर के साथ पुलिस टीम ● जागरण

तड़के साढ़े तीन बजे एसएचओ अहिरौली बाजार पंकज कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि क्षेत्र के सुबुधिया बुजुर्ग गांव के फैलहा कुटी के पास बागीचे में पशु तस्कर गोवंश काटने की तैयारी में हैं। गांव में पहुंचकर टीम तस्करों की तलाश में जुट गई। गांव से दूर बागीचे में पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी कर ली। खुद को घिरा देख तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

पुलिस की जवाबी फायरिंग से एक तस्कर के बाएं पैर में गोली लग गई। उसका दूसरा साथी अंधेरे का लाभ लेकर फरार हो गया। घायल तस्कर की पहचान कबूतर उर्फ रूस्तम अली निवासी अहिरौली दुबौली उर्फ शुक्ल नरहवां थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। पुलिस उसे सीएचसी सुकरौली अहिरौली बाजार ले गई, प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसको भर्ती कराया गया है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध पटहेरवा, तरयासुजान व बिहार के गोपालगंज थाने में गोवध निवारण सहित संगीन अपराध के मुकदमें दर्ज हैं।

फरार तस्कर की पहचान कर ली गई है। उसकी तलाश में टीम लगाई गई है, शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


कुशीनगर में बुद्ध पीजी कालेज के सामने तैनात पुलिस ● जागरण

# पुलिस की सख्ती के चलते नहीं पहुंचे प्रदर्शनकारी, मिली राहत

**जासं., कुशीनगर :** सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना का युवाओं द्वारा रविवार को कुशीनगर में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन न होने पर पुलिस- प्रशासन ने राहत की सांस ली। पुलिस की सख्ती से प्रदर्शनकारी नहीं पहुंचे।

सेना में भर्ती होने के लिए तैयारियां कर रहे कुछ युवाओं की बुद्धा घाट से राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहे पर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी थी, सुबह से ही पुलिस बुद्धघाट से राष्ट्रीय राजमार्ग तक निगरानी करती रही। इस दौरान कुछ स्थानों पर नौजवानों से पुलिस पूछताछ करती रही। राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहा, बुद्धा पीजी कालेज, बुद्ध इंटर कालेज, बुद्धद्वार, झुंगवा नहर मोड़, बुद्धापार्क ,रामाभार के निकट बुद्धा घाट आदि स्थलों पर लगभग 150 पुलिस कर्मी लगाए गए थे। इसके अतिरिक्त एक प्लाटून पीएसी के जवान भी डयूटी पर डटे रहे। पुलिस कर्मी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर डटे रहे।

चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि युवाओं द्वारा अग्निपथ योजना का विरोध करने की सूचना मिली थी, लेकिन कोई दिखाई नहीं दिया।

# अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की नजर

**कुशीनगर** : एएसपी रितेश कुमार सिंह ने मातहतों संग रविवार को नगर में पैदल गश्त किया। दुकानदार व नागरिकों से मिलकर कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के प्रति सतर्क है। कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही। ऐसे लोग जेल भेजे जाएंगे। संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अफवाहों पर ध्यान न दें।



पडरौना के सुभाष चौक पर पैदल मार्च में शामिल बाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह व सीओ कुंदन कुमार सिंह ● जागरण

एएसपी के नेतृत्व में पुलिस बल नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, संदिग्धों की जांच-पड़ताल की गई। बस, रेलवे स्टेशन तथा भीड़भाड़ वाली जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। एएसपी ने दुकानदार व आम नागरिकों से बात कर कहा कि कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। अराजकतत्व जानबूझकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। इनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी और ऐसे लोग जेल भेज जाएंगे। नागरिक भी पुलिस का सहयोग करें, जिससे शांति-व्यवस्था बनी रहे। दुकानदारों से आह्वान किया कि दुकानों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाएं, ताकि किसी तरह की घटना होने पर अपराधियों की पहचान में मदद मिल सके। सीओ कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस नगर, कस्बों के भीड़-भाड़ वाले स्थान, शापिंग माल, बड़ी दुकानों के अलावा रेलवे तथा बस स्टेशनों पर पैदल गश्त कर लोगों में सुरक्षा भावना को और मजबूत कर रही है।

# पुलिसकर्मियों ने की थाना परिसर की सफाई

**खिरकिया बाजार :** जटहां बाजार थाना परिसर और कार्यालय में रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। थानाध्यक्ष रामचंद्र राम के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने परिसर और कार्यालय की सफाई कर कूड़े का निस्तारण किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि परिसर साफ रहने से कार्य का बेहतर माहौल रहेगा और शरीर भी स्वस्थ रहेगा। एसआइ राजनारायण यादव, विपिन यादव, दीवान वीरेंद्र सोनकर, कांस्टेबल नीतीश, आयुष यादव आदि मौजूद रहे। (जासं)

# मुठभेड़ में गोली लगने से पशु तस्करी का आरोपी घायल

## पशु तस्करों के सक्रिय होने पर पुलिस ने की थी घेराबंदी, तमंचा-कारतूस और नकदी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फइलहा कुटी के पास शनिवार की रात ढाई बजे पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोली से लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सुकरौली सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बदमाश से पूछताछ करके पुलिस उसके साथियों के बारे में जानकारी ले रही है। शनिवार सुबह भी मुठभेड़ में एक बदमाश पकड़ा गया था।



अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र में घायल बदमाश को पुलिस ने पकड़ा। संवाद

अहिरौली के थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि बिहार के जिला गोपालगंज के ग्राम अहिरौली के दुबौली टोला शुक्ल नरहवा निवासी कबूतर अली उर्फ रुस्तम पेशेवर पशु तस्कर है। कुछ दिनों से उसके ही संरक्षण में ही पशु तस्करी हो रही थी। शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ पशु तस्कर फइलहा कुटी के पास स्थित बाग में सक्रिय हैं। वे पशुओं को लादकर कहीं ले जाने वाले हैं। इसी सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची। पुलिस

**अहिरौली थाना क्षेत्र के फइलहा कुटी के पास हुई मुठभेड़**

को देखकर पशु तस्करों ने गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में कबूतर अली उर्फ रुस्तम के पैर में गोली लगी। पुलिस उसे अस्पताल ले गई। पकड़े गए बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस, सात सौ रुपये नकद, एक बछड़ा और पशुओं को पकड़ने का सामान मिला। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल पशु तस्कर का उपचार चल रहा है। उससे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## अहिरौली क्षेत्र के गिदहा चक बैरिया में हुई थी चोरी

## विशुनपुरा जाने वाली नहर के पास से पकड़े गए आरोपी

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गांव गिदहा चक बैरिया में बीते दो जून को हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन को गिरफ्तार करके कई सामान बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गिदहा चक बैरिया में शटर तोड़कर टेंट हाउस एवं गोदाम से लाखों रुपये का सामान चुराया गया था। पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही थी। रविवार को पुलिस ने मामले का पर्दाफाश किया। थाना क्षेत्र के गांव गिदहा चक बैरिया निवासी गुलहसन, मुजडिहा निवासी सूरज सिंह, लखिमा निवासी राजन निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। अहिरौली बाजार के थानाध्यक्ष पकंज कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार की देर रात विशुनपुरा जाने वाली नहर की पुलिया के पास से तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

उसके बाद तीनों ने गिदहा चक बैरिया में हुई चोरी में शामिल होना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि तीनों के पास से तीन साउंड बॉक्स, तीन डिस्को लाइट, एक हैंडपंप, एक गुब्बारा फुलाने वाली मशीन, एक साउंड मिक्सर मशीन, आठ सौ रुपये और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# उपनिरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया

पडरौना। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने रविवार को यातायात सेल में उपनिरीक्षकों को अल्कोहल मापन के तरीके को समझाया। उन्होंने बताया कि खड्डा, पडरौना, पटहेरवा, कप्तानगंज व कसया थाने के उपनिरीक्षक को ब्रेथ एनालाइजर उपकरण से अल्कोहल मापन के तरीके को समझाया गया तथा चालान करने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का तरीका बताया गया। संवाद

# गैंगस्टर एक्ट में हुई कार्रवाई

गुरवलिया बाजार। तुर्कपट्टी थाना की पुलिस ने पंचायत गड़हिया निवासी युवक दिलीप सिंह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक जब्त कर ली। एसओ जयप्रकाश पाठक ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वाहन की जब्ती की कार्रवाई की गई। संवाद

# खुद की मोटरसाइकिल नहीं, फिर भी घर से निकलते हैं हेलमेट लेकर

## रिश्तेदार के सिर में लगी चोट तो ईश्वर चंद ने हेलमेट को बना लिया मिशन, 10 साल से लोगों को जागरूक करने का चला रहे अभियान, हर राहगीर को देते हैं सीख

अरुण कुमार

**पडरौना।** यातायात नियमों के प्रति जहां कई लोग लापरवाह बने रहते हैं, वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जो संजीदगी दिखाते हुए अपने साथ ही साथ दूसरों के लिए प्रेरणा के स्रोत बन गए हैं। कुछ ऐसे ही हैं ईश्वर चंद पटेल। खुद की बाइक न होते हुए भी वह घर से हेलमेट लेकर निकलते हैं। दूसरे लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी प्रेरणा से अब तक कई लोग बाइक चलाते समय हेलमेट लगाने की आदत अपना चुके हैं।

हेलमेट न पहनने से एक रिश्तेदार के सिर में चोट लगने की घटना ने ईश्वर चंद के जीवन पर ऐसा असर डाला कि उन्होंने इसके लिए लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठा लिया। अब ईश्वर चंद लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। जिले की सड़कों पर बाइक चलाने वाले कई लोग बिना हेलमेट के नजर आते हैं। वहीं, किसी की बाइक पर भी पीछे बैठने वाले ईश्वर चंद खुद हेलमेट पहनते हैं। साथ ही लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके पास अपनी बाइक नहीं है। वह लोगों से लिफ्ट मांगकर ही कहीं आते-जाते हैं। घर से निकलने पर उनके हाथ में हमेशा हेलमेट होता है।



ईश्वर चंद पटेल



लिफ्ट मांगकर बाइक की सवारी करते ईश्वर चंद पटेल। संवाद

रामकोला थाना क्षेत्र के गांव बभनौली निवासी 34 वर्षीय ईश्वर चंद पटेल लगभग 10 वर्षों से हमेशा हेलमेट का इस्तेमाल करते हैं। वह अपने रिश्तेदार और मित्र सगे संबंधियों को हमेशा हेलमेट का इस्तेमाल करने की सीख देते हैं। उन्होंने बताया कि वह काफी दिनों से हेलमेट का इस्तेमाल करते हैं। लगभग 10 साल पहले से हमेशा नियमित रूप से हेलमेट का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके साढ़ू के पिताजी और उनके भाई की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। दोनों लोगों के सिर में गंभीर चोट लगी थी। वे हेलमेट नहीं पहने थे। ईश्वर चंद ने कहा कि उस घटना के बाद से जब भी मैं बाइक पर बैठता हूं तो हेलमेट जरूर पहन लेता हूं। चालक को भी हमेशा प्रेरित करता हूं कि वह हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएं। संवाद

### इन लोगों की आदत में आया हेलमेट लगाना

ईश्वर चंद की प्रेरणा से कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपने साथ-साथ अन्य लोगों को भी हेलमेट पहनने की सीख दी है। वे लोग भी सड़क पर बिना हेलमेट चल रहे लोगों को जागरूक करते हैं। इनमें प्रमुख रूप से मृत्युंजय सिंह, हेमंत पटेल, रविंद्र चौधरी, जितेंद्र यादव, अवधेश गुप्ता, विजय चौहान, निखिल सिंह पटेल, लियाकत अली, जेपी यादव, लक्ष्मण गोड़, मनोज जायसवाल, मनोज चौधरी, दिलीप सिंह, विष्णुनंद सहित कई लोग बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट का इस्तेमाल करते हैं।

*हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। निश्चित रूप से ईश्वर चंद समाज के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा से लोग हेलमेट पहन रहे हैं तो इसकी सराहना की जानी चाहिए। ऐसे लोगों की पहल को पुलिस प्रोत्साहित करेगी।*
*- धवल जायसवाल, एसपी*

# मुठभेड़ में गोली लगने से पशु तस्करी का आरोपी घायल

## पशु तस्करों के सक्रिय होने पर पुलिस ने की थी घेराबंदी, तमंचा-कारतूस और नकदी बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फइलहा कुटी के पास शनिवार की रात ढाई बजे पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोली से लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सुकरौली सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बदमाश से पूछताछ करके पुलिस उसके साथियों के बारे में जानकारी ले रही है। शनिवार सुबह भी मुठभेड़ में एक बदमाश पकड़ा गया था।

अहिरौली के थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि बिहार के जिला गोपालगंज के ग्राम अहिरौली के दुबौली टोला शुक्ल नरहवा निवासी कबूतर अली उर्फ रुस्तम पेशेवर पशु तस्कर है। कुछ दिनों से उसके ही संरक्षण में ही पशु तस्करी हो रही थी। शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ पशु तस्कर फइलहा कुटी के पास स्थित बाग में सक्रिय हैं। वे पशुओं को लादकर कहीं ले जाने वाले हैं। इसी सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची। पुलिस को देखकर पशु तस्करों ने गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में कबूतर अली उर्फ रुस्तम के पैर में गोली लगी। पुलिस उसे अस्पताल ले गई। पकड़े गए बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस, सात सौ रुपये नकद, एक बछड़ा और पशुओं को पकड़ने का सामान मिला। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल पशु तस्कर का उपचार चल रहा है। उससे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र में घायल बदमाश को पुलिस ने पकड़ा। संवाद

**अहिरौली थाना क्षेत्र के फइलहा कुटी के पास हुई मुठभेड़**

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गांव गिदहा चक बैरिया में बीते दो जून को हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन को गिरफ्तार करके कई सामान बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गिदहा चक बैरिया में शटर तोड़कर टेंट हाउस एवं गोदाम से लाखों रुपये का सामान चुराया गया था। पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही थी। रविवार को पुलिस ने मामले का पर्दाफाश किया। थाना क्षेत्र के गांव गिदहा चक बैरिया निवासी गुलहसन, मुजडिहा निवासी सूरज सिंह, लखिमा निवासी राजन निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। अहिरौली बाजार के थानाध्यक्ष पकंज कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार की देर रात विशुनपुरा जाने वाली नहर की पुलिया के पास से तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

उसके बाद तीनों ने गिदहा चक बैरिया में हुई चोरी में शामिल होना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि तीनों के पास से तीन साउंड बॉक्स, तीन डिस्को लाइट, एक हैंडपंप, एक गुब्बारा फुलाने वाली मशीन, एक साउंड मिक्सर मशीन, आठ सौ रुपये और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

**अहिरौली क्षेत्र के गिदहा चक बैरिया में हुई थी चोरी**

**विशुनपुरा जाने वाली नहर के पास से पकड़े गए आरोपी**

# नाले में मिला वृद्ध का शव

**छितौनी।** रविवार की सुबह हनुमानगंज थाना क्षेत्र के पनियहवा पुलिस पिकेट के पास नाले में 75 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

रामकोला थाना क्षेत्र के खोठही गांव निवासी राजेंद्र लाल श्रीवास्तव (75) शनिवार की सुबह से ही घर से लापता थे। परिजन तलाश कर रहे थे। रविवार की सुबह हनुमानगंज थाना क्षेत्र के पनियहवा रेलवे लाइन के किनारे नित्यक्रिया करने गए ग्रामीणों ने नाले के पानी में शव देख पनियहवा पुलिस पिकेट पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकलवाया। इसी दौरान नाले के किनारे मृत व्यक्ति का कुर्ता व पायजामा मिला, जिसमें मौजूद आधार कार्ड से परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया की वृद्ध की मानसिक स्थिति एक साल से खराब थी। संवाद

# तहसीलदार ने नवीन परती से अतिक्रमण हटवाया



मुंडेरा बाबू गांव में जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटवाया गया। संवाद

**अहिरौली बाजार।** सुकरौली ब्लॉक के गांव मुंडेरा बाबू में रविवार को हाटा के तहसीलदार नरेंद्राम ने अतिक्रमण हटवाया।

वह टीम के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे और ग्राम सभा की नवीन परती की भूमि से अतिक्रमण को हटवा दिया। गांव में नवीन परती की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने पोखरा खोदवाकर चारों तरफ से अवैध रूप से बांध बनाकर कब्जा कर लिया था। संवाद

# घर से लापता युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** गोरखपुर-कप्तानगंज रेल मार्ग पर शनिवार की रात एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार की सुबह एंबुलेंस से उसे पिपराइच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव बलुआ निवासी अख्तर अली (32 ) शनिवार को शाम से ही घर से लापता थे। उनकी तलाश परिजन कर रहे थे।



युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना पर पहुंची पुलिस। संवाद

## वाहन की चपेट से युवक की मौत

# सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप, किया प्रदर्शन

## छितौनी क्षेत्र के महदेवा गांव का मामला



सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप लगाकर प्रदर्शन करते लोग। संवाद

मनमानी

जिले में शासन का निर्देश बेअसर, चलती है थानेदारों की मनमर्जी

# सीयूजी नंबर नहीं उठाते थानेदार

अमर उजाला पड़ताल

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जिले में सीयूजी नंबर को रिसीव करने में थानेदारों की मनमानी जारी है। घंटी बजती रहती और थानेदार मोबाइल फोन को उठाते नहीं। कुछ थाने का सीयूजी नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताता है। कुछ थानेदार सीयूजी नंबर बंद रखते हैं।

शासन ने जनता की सुविधा के लिए सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों को सीयूजी नंबर आवंटित कर रखा है। यह व्यवस्था पुलिस विभाग में भी लागू है। थानेदार से लेकर अधिकारियों तक के लिए सीयूजी नंबर निर्धारित हैं। शासन के निर्देश के अनुसार, सबको सीयूजी नंबर हमेशा ऑन रखना है और घंटी बजने पर काल रिसीव भी करना है। हालांकि, यह व्यवस्था जिले में मजाक बनकर रह गई है। अक्सर ऐसा होता है कि जब कोई व्यक्ति किसी समस्या को अवगत कराने के लिए थानेदार के सीयूजी नंबर पर संपर्क करता है तो निराशा हाथ लगती है। पुलिस अधीक्षक से अपनी फरियाद सुनाने पहुंचे पीड़ित भी इसकी शिकायत करते हैं।

अधिकतर थाने का सीयूजी नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताता है। इस तरह की शिकायत किसी एक की नहीं, बल्कि जिले के ज्यादातर थानेदारों की है। कुछ थानेदार तो अपना सीयूजी नंबर बंद तक रखते हैं। इसकी पुष्टि के लिए रविवार को सभी थानेदारों का सीयूजी नंबर मिलाया गया।

## *10 थानों के नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर, दो थे बंद*

*अहिरौली, तुर्कपट्टी, पटहेरवा, रामकोला, हाटा, जटहा बाजार, विशुनपुरा बाजार, तरयासुजान सहित कप्तानगंज थाना के सीयूजी नंबर पर कॉल करने पर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर होने का जवाब मिला। बरवापट्टी, सेवरही थाना का सीयूजी नंबर बंद बताया। नेबुआ नौरंगिया थाने का सीयूजी नंबर को उठाया ही नहीं गया। दो बार पूरी घंटी बजी, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की गई। खड्डा थाने के सीयूजी नंबर पर कॉल करने पर उसे उठाया तो गया, पर 17 सेकेंड के बाद काट दिया गया।*

## इन थानों के सीयूजी नंबर पर हुई बात

पडरौना, महिला थाना, कसया, कुबेरस्थान, हनुमानगंज, के थाने के सीयूजी नंबर पर भी कॉल की गई। इन नंबरों पर कॉल को रिसीव किया गया। बात भी हुई।

*सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए गए हैं कि सीयूजी नंबर से ही बात करें। कुछ थानों पर बीएसएनएल का नेटवर्क नहीं मिलता है। इस लिए वहां पर सीयूजी नंबर से बातचीत नहीं हो पाती है। – **धवल जायसवाल**, एसपी*

# देवरिया में सोशल मीडिया के जरिए जुटाई भीड़

## अग्निपथ के विरोध में सुनियोजित तरीके से फैलाई गई अराजकता, हालात का अंदाजा लगाने में एलआईयू फेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज (देवरिया)।** अग्निपथ के विरोध में सुनियोजित तरीके से अराजकता फैलाई गई। नगर में युवाओं को एकत्रित करने के लिए सोशल प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया गया था। आर्मी, माफिया आदि नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए। इन ग्रुपों के जरिए एक दिन पूर्व युवाओं को मैसेज कर हर्ष चंद कालेज के निकट जुटने की अपील की गई थी। इसमें पुलिस की खुफिया इकाई का फेल होना भी सामने आया। युवाओं ने इकट्ठा होने की जगह कालेज के बजाय कब्रिस्तान के पास की और पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

बवाल बढ़ने पर एसओ जयशंकर मिश्र ने उच्चाधिकारियों को हालात से अवगत कराया। उसके बाद आधा दर्जन थानों की पुलिस, क्यूआरटी आदि बुला ली। तब जाकर हंगामा शांत हुआ। डीआईजी जे रवींदर गौड और एसपी संकल्प शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देर शाम तक एसडीएम गजेंद्र सिंह, सीओ देवानंद और करीब छह थानों की पुलिस मौजूद रही।



भीड़ जुटाने के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप सर्च करती पुलिस।



बवाल के बाद युवक को हिरासत में लेती पुलिस। संवाद

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए उपद्रवी, गांवों में दबिश दे रही पुलिस

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि अग्निपथ के विरोध में बवाल करने वालों की अराजकता सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उपद्रवियों की पहचान के आधार पर पुलिस धरपकड़ कर रही है। पुलिस ने पैना, लवरछी, कपरवार, रगरगंज, बेलडांड़, नौका टोला, मेहियवां आदि गांवों में दबिश दी। पकड़े गए युवकों से पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। बंद हो गईं दुकानें, वाहनों का संचालन ठप : बवाल के समय पुलिस कर्मियों की संख्या कम पड़ गई। इससे हंगामा कर रहे युवक न केवल हिंसक हो गए, बल्कि पुलिस पर भी हमलावर हुए। इससे पुलिस बैकफुट पर आ गई। एक कांस्टेबल अखिलेश कुमार ने भागकर पेट्रोल पंप में जान बचाई। शटर न उठाने और पुलिसकर्मी को बाहर न निकालने पर उपद्रवियों ने पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट और तोड़फोड़ की। पंप मालिक उमाशंकर मद्धेशिया ने लूट और तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बवाल के कारण नगर में अफरातफरी का माहौल रहा, जिससे दुकानें बंद हो गई थीं, जबकि वाहनों का आवागमन भी ठप रहा।

बवाल को देखते हुए नगर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। स्थानीय पुलिस के अलावा मदनपुर, मईल, भलुअनी सहित करीब आधा दर्जन थानों की पुलिस, क्यूआरटी, भटनी जीआरपी आदि बुला ली गई। उपद्रव के कारण नगर की दुकानें बंद होने और आवागमन ठप होने से लोग हलकान रहे। सवारी के लिए दो से तीन किलोमीटर की दूरी पैदल तय करनी पड़ रही थी।



प्रतिष्ठानों में हुई तोड़फोड़ की डीआईजी से शिकायत करने पहुंचे व्यापारी। संवाद

### पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने की घटना की निंदा

बरहज। पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ की एसोसिएशन ने निंदा किया है। एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष शिवानंद जायसवाल ने बताया कि जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्र के निर्देश पर स्थलीय निरीक्षण के लिए टीम भेजी गई है। उच्चाधिकारियों से मिलकर दोषियों को खिलाफ कार्रवाई और क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की जाएगी।

>> मुख्य खबर पेज एक पर

### शिकायत की

**बरहज।** स्थानीय पैना मार्ग स्थित पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ के विरोध में व्यापारियों ने थाने पहुंच पुलिस से शिकायत की है। सबने क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की है। हालांकि व्यापारियों को डीआईजी से मिलने से पुलिस ने रोक दिया। मौके पर उमाशंकर मद्धेशिया, मनोज गुप्त, हरिशंकर, रामकेश्वर, शिवकुमार, तारकेश्वर, श्याम सुंदर जायसवाल, महेश्वर आदि मौजूद रहे।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

# लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

**महराजगंज(एसएनबी)।** पांच मई को कोतवाली थानाक्षेत्र के पकड़ी जंगल में लूटी गई बाइक व मोबाइल फोन को पुलिस ने रविवार को बरामद कर लिया। साथ ही लूट में शामिल दो आरोपियोंको कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर सीओ अजय सिंह चौहान ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि थाना कोतवाली के बोकड़ा मंदिर के पास से पांच मई को प्रेम सागर साहनी की मोटरसाइकिल तीन बदमाशों ने लूट ली थी। रविवार को सुबह पौने छह बजे बरवा फहीम नाले के पास चोरी की मोटरसाइकिल पर बैठे दो बदमाश को घेराबन्दी कर पकड़ लिया।पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ में बाइक चोरी की निकली। पुलिस द्वारा पूछताछ मे एक नेअपना नाम ने अपना नाम हरिकेश मिश्रा व दूसरे ने हरिकेश साहनी बताया। हरिकेश साहनी के जामा तलाशी से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा हरिकेश मिश्रा के पास से लूट की बाईक व मोबाइल बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकडे गये आरोपियों का चालान न्यायालय कर दिया ।



खुलासा करते सीओसदर व गिरफ्तार आरोपी फोटो : एसएनबी

# एसडीएम की छापेमारी में एक दुकान सील

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र में खाद तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक सक्रियता बढ़ गई है। फरेंदा एसडीएम रामसजीवन मौर्य ने खाद तस्करी की सूचना पर छापेमारी अभियान शुरू किया है। रविवार को एसडीएम ने सोनपिपरी गांव के पास नेपाल भेजे जा रहे आटो पर लदी 15 बोरी यूरिया व पांच बोरी डीएपी खाद बरामद की। तस्कर भागने में सफल रहा। वहीं एक दुकान को सील कर दिया। कोल्हुई के बार्डर क्षेत्र में इस समय खाद की तस्करी की खूब शिकायतें मिल रही हैं। रविवार को सोनपिपरी में खाद बरामद करने के बाद एसडीएम ने उसे कोल्हुई थाने में सुपुर्द कर दिया।

# मारपीट के मामले में पांच पर केस

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के ग्राम पिपराकाजी में एक वर्ष पहले दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ बलबा का मुकदमा दर्ज किया है। इस गॉव के संजय साहनी की तरफ से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया था कि इनके गॉव के पांच लोगों ने इनके बेटे को बुरी तरह से मारा पीटा था, इसका उलाहना देने जाने पर इन लोगों मारने को दौड़ा दिया। पुलिस ने इस मामले में रमेश व दुर्गेश समेत पांच सभी निवासी ग्राम पिपराकाजी के खिलाफ बलबा व मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# जमीन के विवाद में मारपीट आधा दर्जन लोग घायल

कोल्हुई, हिन्दुस्तान संवाद। कोल्हुई क्षेत्र के पिपरा परसौनी गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पिपरा परसौनी गांव में एक पक्ष राजेन्द्र सैनी व दूसरे पक्ष अर्जुन गुप्ता में जमीनी विवाद चला आ रहा है। इसको लेकर रविवार को कहासुनी शुरू हुई तो देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गयी। दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे। इस मारपीट में दोनों पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए भेजकर चार लोगों को पकड़कर थाने लाई। एसओ अभिषेक सिंह ने बताया कि चार लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर पिपरा परसौनी में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। रही है।

## जमीन कब्जा करने को लेकर मारपीट

**नौतनवां**। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धोतिहवां मे शनिवार की देर शाम सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची अड्डा चौकी की पुलिस ने मामले में एनसीआर दर्ज कर मेडिकल के लिए घायलों को रतनपुर सीएचसी ले गई।

ग्राम पंचायत धोतिहवां मे स्थित पीडब्ल्यूडी की जमीन से सटे एक पक्ष का खेत है। इसके सामने दूसरे पक्ष के लोग कब्जा करने लगे। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गयी। मामले की जानकारी किसी ने अड्डा चौकी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में ले लिया। मामले में एनसीआर दर्ज की गई है।

# जंगल में बाइक व मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश दबोचे गए

- सदर कोतवाली क्षेत्र के बोकड़ा देवी मंदिर के समीप पांच मई को हुई थी लूट
- तीन बदमाशों ने घटना को दिया था अंजाम, तीसरे बदमाश को गिरफ्तार करने में जुटी पुलिस

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सोहगीबरवा सेंक्चुरी के पकड़ी रेंज में पांच मई को तमंचा व डंडा के बल पर लूटी गई बाइक व मोबाइल को कोतवाली पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में तीन बदमाशों में से दो को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया। दोनों बदमाश गोरखपुर जिले के रहने वाले हैं। तीसरा बदमाश फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली में सीओ अजय सिंह चौहान ने खुलासा करते हुए बताया कि बीते पांच मई को बोकड़ा मंदिर जाने वाले रास्ता पर तीन बदमाशों ने बागापार निवासी प्रेम सागर साहनी को तमंचा के बल पर रोका। डंडा से पीट बाइक व मोबाइल लूट लिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस तहरीर के आधार पर पहले चोरी का केस दर्ज की। बाद में पता चला कि मामला चोरी का नहीं बल्कि लूट का है। फिर पुलिस लूट का केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। सर्विलांस सेल भी जांच में लगाई गई। रविवार की सुबह पौने छह बजे पकड़ी चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार, चौकी प्रभारी आईटीएम रोहित यादव, कांस्टेबल प्रभात रंजन सिंह, अंशुम यादव व प्रवेश यादव वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए बरवा फहीम नाला से 50 मीटर पहले खुटहा रोड मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम हरिकेश मिश्रा(22) बताया। वह भौराबारी पश्चिम टोला थाना कैम्पियरगंज का रहने वाला है। दूसरा आरोपित हरिकेश साहनी मोहम्मदपुर हगना टोला केवटलिया थाना कैम्पियरगंज जिला गोरखपुर का निवासी है। तलाशी में हरिकेश के पास से एक तमंचा व कारतूस, हरिकेश मिश्रा के पास से लूट की मोबाइल व बाइक मिली। पूछताछ में दोनों ने बताया कि पांच मई 2022 को बोकड़ा देवी मंदिर रास्ता पर बाइक व मोबाइल को लूटा गया था। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार रॉय ने बताया कि तीन में दो आरोपित बदमाश पकड़ कर जेल भेज दिए गए। तीसरा बदमाश फरार है। जांच में उसका नाम सामने आ गया है।

# अग्निपथ के विरोध पर चौकसी, पांच गिरफ्तार

## कार्रवाई

महराजगंज, निज संवाददाता। अग्निपथ स्कीम के प्रदेश व्यापी विरोध को देख जिले का पुलिस महकमें ने शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए चौकसी बढ़ा दी है। रात में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही है। फरेंदा पुलिस ने शनिवार की रात रेलवे स्टेशन के पास पांच संदिग्धों को देख उनसे पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनको गिरफ्तार कर लिया। पांच संदिग्धों को गिरफ्तार करने वाले फरेंदा थाने के दो पुलिस कर्मी राजेश पासवान व बृजेश यादव को एडीजी जोन निखिल कुमार ने दस-दस हजार रुपया पुरस्कार देने का घोषणा की है।

अग्निपथ योजना को लेकर रविवार को जिले में कहीं भी विरोध देखने को नहीं मिला। लेकिन एहतियातन पुलिस ने गांव-गांव तक निगरानी बढ़ा दी है। बीट पुलिस अधिकारी घर-घर पहुंच परिजनों व युवाओं को समझा रहे हैं। साथ में यह हिदायत दी जा रही है कि जिले में धारा 144 लागू है। ऐसे में विरोध प्रदर्शन की भीड़ में शामिल होने पर कार्रवाई हो सकती है। एहतियात के मौत पर सभी सार्वजनिक स्थानों के अलावा माननीयों के मकान के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। पुलिस कार्यालय के सोशल मीडिया सेल के मुताबिक फरेंदा पुलिस रात्रि गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन पर कुछ संदिग्धों को देख संदेह के आधार पर उनसे पूछताछ की।

संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर दिलीप यादव (22)निवासी फूलपुर थाना जोगिया जिला सिद्धार्थनगर, अनिल यादव व गोला चौरसिया निवासी नवदरी थाना मेंहदावल संतकबीर नगर, आनंद पांडेय निवासी भरवलिया थाना मेंहदावल संतकबीर नगर, बृजमोहन यादव निवासी भटवलिया को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत चालान किया गया। कार्रवाई करने वाले फरेंदा थाना के दो पुलिस कर्मी राजेश पासवान व बृजेश यादव को एडीजी जोन निखिल कुमार ने ड्यूटी के प्रति सजगता, सतर्कता, व सुरक्षा के प्रति गंभीरता को देख दस-दस हजार रुपये का पुरस्कार देने का घोषणा की है।



लक्ष्मीपुर रेलवे स्टेशन पर सीओ कोमल मिश्रा व थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने गश्त की। • हिन्दुस्तान

## पुलिस चौकन्नी, रेलवे स्टेशनों की चौकसी बढ़ी

**लक्ष्मीपुर**। अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर लक्ष्मीपुर रेलवे स्टेशन पर पुरन्दरपुर पुलिस काफी चौकस रही। रविवार को सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र, थानाध्यक्ष सत्येन्द्र राय, चौकी प्रभारी लक्ष्मीपुर अंकित सिंह के नेतृत्व पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान चौकी प्रभारी अंकित सिंह, अवधेश सिंह, दुर्गेश यादव, जयप्रकाश, अनूप पाल, नीरज, सूरज मौर्य, रोशन व आरपीएफ आनन्दनगर की टीम मुस्तैद रही।

# असलहा व लूट की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



सदर कोतवाली में जानकारी देते सीओ अजय सिंह चौहान ● जागरण

**जासं, महराजगंज:** सदर कोतवाली के बरगदवा राजा निवासी प्रेमसागर साहनी से बाइक व मोबाइल लूटने वाले गिरोह के दो। सदस्य गोरखपुर के थाना कैंपियरगंज भौराबारी के हरिकेश मिश्र और मोहम्मदपुर हगना टोला केवटलिया के हरिकेश साहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूट की बाइक के अलावा, मोबाइल और असलहा भी बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान घटना में एक और आरोपित के शामिल होने की बात सामने आई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

रविवार को कोतवाली में प्रेसवार्ता कर मामले के पर्दाफाश की जानकारी देते हुए सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने बताया कि पांच मई को प्रेमसागर ने पुलिस को तीन लोगों द्वारा मिलकर बोकड़ा मंदिर के पास मारपीट कर बाइक व मोबाइल छीन लेने की तहरीर दी थी।

# महिला ने मारने-पीटने का लगाया आरोप

**आनंदनगर:** पुरंदरपुर थाना के सिंहपुर थरौली निवासी किरन ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। तहरीर में लिखा है कि भूमि विवाद को लेकर कहासुनी के दौरान उसकी पिटाई कर दी गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। (जासं)

# वारंटी महिला गिरफ्तार

**नौतनवा:** थाना पुलिस ने रविवार को दहेज उत्पीड़न के मामले में वारंटी महिला हमुद्दीन निवासी महुअवा अड्डा बाजार नौतनवा थाना को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट प्रस्तुत किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 246 वाहनों का चालान

**महराजगंज:** यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में पुलिस ने रविवार को कुल 246 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 11 वाहन चालकों से 10500 रुपये जुर्माना भी वसूल किया। (जासं)

## शांतिभंग के मामले में 26 लोग पाबंद किए गए

**महराजगंज:** रविवार को जनपदीय पुलिस ने मारपीट सहित अन्य मामलों को लेकर शांतिभंग में 26 लोगों को पाबंद किया। (जासं)

## 195 शीशी नेपाली शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**महराजगंज:** निचलौल थाने की पुलिस ने रेंगहियां क्षेत्र से 180 शीशी नेपाली शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह नेपाल से तस्करी कर भारतीय सीमा क्षेत्र में लाई जा रही 15 शीशी नेपाली शराब के साथ बरगदवा पुलिस ने सेमरहवा निवासी नंदलाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (जासं)

# चेयरमैन समेत 11 पर लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** सरकारी केंद्र पर धान की बिक्री कराने के लिए सरकारी भूमि का प्रयोग करना निचलौल के चेयरमैन विश्वनाथ मद्धेशिया समेत 11 लोगों को महंगा पड़ गया। जिलाधिकारी से शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल अवधेश सिंह ने चेयरमैन समेत 11 लोगों पर कूटरचना और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वादी लेखपाल अवधेश सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार वर्ष 2020-21 में कोरोना काल के दौरान निचलौल नगर पंचायत की एक सरकारी भूमि का प्रयोग कर 550 क्विंटल धान की बिक्री की गई थी। इस मामले में जिलाधिकारी को शिकायत के बाद की गई जांच में निचलौल नगर पंचायत के अध्यक्ष समेत कुल 11 लोग दोषी पाए गए।

निचलौल थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर के आधार पर चेयरमैन विश्वनाथ मद्धेशिया,गायत्री, अनूप, ममता, सचिन, बृजेश, कन्हैयालाल, भोलाराम केंद्र प्रभारी यूपी स्टेट, एग्रो इंडस्ट्रियल कारपोरेशन शाखा निचलौल तथा दो अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। जल्द ही मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रा को ब्लैकमेल करने का आरोप, मुकदमा

**जासं, महराजगंज:** कोचिंग क्लास में साथ पढ़ने वाले आरोपित छात्र ने युवती के साथ न सिर्फ छेड़छाड़ की बल्कि उसकी अश्लील तस्वीरें भी प्राप्त कर ली। बाद में तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर आरोपित छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि तस्वीरों को डिलीट करने के नाम पर छात्रा से 40 हजार रुपये की वसूली भी की।इस मामले में शिकायत के बाद पनियरा पुलिस ने आरोपित अवनीश सिंह के विरुद्ध छेड़छाड़, ब्लैकमेल करने के साथ आइटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुट गई है।

# आज आएंगे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, तैयारी में जुटा प्रशासन

- एडीएम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर दिए निर्देश
- विभिन्न योजना के पात्रों को लाभान्वित करेंगे उप मुख्यमंत्री

**जासं, महराजगंज:** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक 20 जून को जिले में आएंगे। इस दौरान वह गरीब कल्याण मेले के माध्यम से लाभार्थियों को लाभान्वित करेंगे और विकास कार्यों की समीक्षा कर हकीकत जानेंगे। उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा है। रविवार को अवकाश का दिन होने के बावजूद सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी जहां कार्यों के आंकड़े ठीक करने में जुटे रहे, वहीं पात्र लाभार्थियों को बुलाने के लिए जरिये मोबाइल से संपर्क साध सूची भी बनाते रहे।

उप मुख्यमंत्री पूर्वाह्न 11:50 पर पुलिस लाइन में हेलीकाप्टर से उतरेंगे। इसके बाद दोपहर 12:00 बजे महालक्ष्मी लान में आयोजित गरीब कल्याण मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, टेलरिंग शॉप योजना, स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न योजनाओं के तीन-तीन लाभार्थियों को प्रतीकात्मक तौर पर लाभान्वित करेंगे। इसके बाद वह लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं व किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। रविवार को अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

# जिला पंचायत की भूमि से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**जासं, निघलौल :** नगर पंचायत के महाशय वार्ड स्थित जिला पंचायत की भूमि पर हुए अतिक्रमण को प्रशासन ने जेसीबी मशीन से हटवा दिया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

अपर मुख्य अधिकारी जिलापंचायत रमेश सिंह ने बताया कि जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा किया गया था, जिसकी शिकायत लोगों ने जिलाधिकारी से की थी। उनके निर्देश पर लेखपाल अवधेश सिंह से सीमांकन कराने के बाद जिला पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों, राजस्व टीम व पुलिस प्रशासन द्वारा जेसीबी लगाकर अवैध रूप से बनवायी गई चहारदीवारी को ध्वस्त करा दिया गया।

# अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर पुलिस सतर्क

**जासं, आनंदनगर :** अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर चल रहे हंगामे व बवाल को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। इसी क्रम में रविवार को नागरिक पुलिस, आरपीएफ व जीआरपी पुलिस रेलवे स्टेशन पर सतर्क रही। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीम ने पूरे स्टेशन परिसर में गश्त किया।

थानाध्यक्ष ने कहा कि स्टेशन पर परिसर व खड़ी कोच की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ से चर्चा की गई। स्टेशन पर आने वाले सभी रास्तों पर पुलिस की तैनाती की गई है। रेलवे परिसर में किसी भी तरह कोई अराजक तत्व न प्रवेश कर पाए, इसलिए पैनी नजर रखी जा रही है। चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश, उप निरीक्षक राम शब्द, मोहन कुमार, सियाराम चौधरी मौजूद रहे।

# बाइक लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के बोकड़ा देवी मंदिर के पास से पांच मई को प्रेमसागर साहनी से मारपीट कर उनका मोबाइल व बाइक लूट के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने मामले का पर्दाफाश करते हुए कहा कि दोनों आरोपियों के पास से लूट की एक बाइक, एक तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। सीओ सदर ने बताया कि पुलिस टीम रविवार सुबह भी बरवा फहीम पुलिया पकड़ी खुटहा रोड के पास



सदर कोतवाली में खुलासा करते सीओ अजय सिंह चौहान। *संवाद*

जांच पड़ताल में जुटी थी। तभी एक तरफ बाइक पर बैठे दो युवक नजर आए। संदिग्ध होने पर उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 315 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। साथ में मौजूद बाइक भी लूट की मिली। पूछताछ की गई तो उन्होंने डेढ़ माह पूर्व क्षेत्र के बोकड़ा देवी मंदिर के पास से प्रेमसागर साहनी को मारपीट कर उनकी मोबाइल व बाइक लूट लेने की बात कही।। सीओ ने बताया कि इस घटना में सदर कोतवाली में लूट की धारा के तहत मुकदमा भी पंजीकृत हैं। गिरफ्तार आरोपी हरिकेश मिश्रा निवासी ग्राम भौराबारी पश्चिम टोला थाना कैंपियरगंज व हरिकेश साहनी निवासी मोहम्मद हगना टोला, केवटलिया थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर को लूट एवं आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया गया।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** कोल्हुई क्षेत्र के पिपरा परसौनी गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी लाया गया, जहां से चार लोगों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

पिपरा गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से बेचन गुप्ता (48), राहुल गुप्ता (23), अर्जुन गुप्ता (45) व माया गुप्ता (37) गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष से विनय (23), रुक्मिणी (45), राजेंद्र (48) व शिवशंकर (26) भी घायल हुए हैं।

परिजन, सभी घायलों को सीएचसी ले गए, जहां पर एक पक्ष के चार लोगों को रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कोल्हुई अभिषेक सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

**कोल्हुई क्षेत्र के पिपरा परसौनी गांव में हुई घटना**

## भूमि विवाद में मारपीट के मामले में पांच लोग पाबंद

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के गांव धोतिहवां में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों मे कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। अड्डा पुलिस चौकी ने पांच लोगों को पाबंद किया है। जानकारी के मुताबिक, नौतनवां थाना क्षेत्र के धोतिहवां में सड़क से सटी जमीन के पास पंचम यादव का खेत है। आरोप है कि उसके सामने दूसरे पक्ष के अजय आदि लोग कब्जा करने लगे, जिससे प्रथम पक्ष के लोगों का रास्ता अवरुद्ध होने लगा। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। चौकी इंचार्ज हरिकिशोर मिश्रा ने बताया कि एक पक्ष के पंकज, विजय तथा दूसरे पक्ष के अजय, राजेश तथा शिवमूरत को शांति भंग की धारा में पाबंद किया गया है। संवाद

# पांच संदिग्ध युवक गिरफ्तार

फरेंदा। आनंदनगर रेलवे स्टेशन ने पुलिस ने शनिवार रात पांच संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

युवकों को गिरफ्तार करने वाले दोनों पुलिसकर्मियों को एडीजी जोन अखिल कुमार ने पुरस्कार देने की घोषणा की है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शनिवार रात आनंदनगर रेलवे स्टेशन पर पांच संदिग्ध युवक दिखाई दिए। इनसे कांस्टेबल राजेश पासवान व बृजेश यादव ने पूछताछ की। युवक टाल मटोल करने लगे और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर दोनों पुलिसकर्मियों ने दिलीप यादव (22) निवासी जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर, अनिल यादव (19), आनंद पांडेय (22), बृजमोहन (19) व गोला चौरसिया (18) निवासी मेंहदावल को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-06-2022

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या में तीन पर मुकदमा

**घघौवा (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** छावनी पुलिस ने चपिलांव में संदिग्ध हाल में विवाहिता की मौत के मामले में तीन ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका प्रियंका यादव (24) के पिता दुखराम निवासी मूड़ाडीहा थाना महाराजगंज जिला अयोध्या की तहरीर पर पति मोनू यादव, ससुर बालेश्वर और सास जगपता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। चपिलांव निवासी मोनू यादव की शादी करीब चार वर्ष पूर्व रामारती उर्फ प्रियंका यादव (24) के साथ हुई थी। दोनों का एक तीन वर्ष का बेटा श्रेयांश है। इसी माह रामारती उर्फ प्रियंका अपने मायके से ससुराल आयी थी। पंद्रह जून की शाम पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था।

# नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये हड़पे

लखनऊ। सचिवालय में समीक्षा अधिकारी की नौकरी दिलाने के नाम पर चार लोगों ने बेरोजगारों से लाखों रुपये हड़प लिये। फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया। पीड़ति जब विधानभवन पहुंचे तो नियुक्ति पत्र के फर्जी होने का पता चला था।

पीड़ितों ने रुपये लौटाने को कहा तो आरोपितयों ने धमकी दी और उनकी गाड़ी व रुपये छीन लिये। पीड़ित ने हजरतगंज कोतवाली में विनीत पाण्डेय, बस्ती निवासी श्यामदेव पाण्डेय, मऊ निवासी दुर्गेश राय, सपा नेता बताने वाले ओम सहाय, फैजाबाद निवासी भोला नाथ शुक्ला व अन्य को नामजद कराया है।

# नौ आरोपियों का शांतिभंग में चालान

घघौवा। क्षेत्र के संग्रामपुर और बांसगांव में तीन अलग-अलग भूमि विवाद और पुरानी रंजिश में हुए विवाद में नौ लोगों को चालान कर दिया। संग्रामपुर निवासी तिलक राम, अभिषेक, बबलू, विनोद, अतुल व बांसगांव के बहादुर, विनय, जितेंद्र, अभिषेक का चालान किया।

परसरामपुर थाना क्षेत्र में 14 जून को कुसमौर-जटौलिया के पास हुई थी वारदात, दो और बदमाश दबोचे

# होमगार्ड के बेटे ने की थी लूट, गिरफ्तार

**खुलासा**

- असलहे के दम पर नगदी, जेवरात लूट भाग निकले थे बदमाश
- पुलिस ने लूट के सामान संग बाइक व तमंचा किया बरामद



पुलिस कार्यालय में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने दंपति से लूट का खुलासा किया।

परसरामपुर/बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। पसरामपुर थाना क्षेत्र के कुसमौर-जटौलिया के पास दंपती से हुई लूटपाट का रविवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। एंटी नॉरकोटिक्स व परसरामपुर थाने की संयुक्त टीम ने लूट में शामिल तीन बदमाशों को कस्बे के पशु अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से लूट गया 14 हजार, लूट में इस्तेमाल बाइक, दो कट्टा व कारतूस बरामद किया है।

एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने रविवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए बताया कि वारदात को अंजाम देने में एक होमगार्ड का बेटा सौरभ सिंह निवासी सिरसहवा थाना परसरामपुर भी शामिल था। उसके साथ हरिनारायन सिंह निवासी सिरसहवा थाना परसरामपुर और प्रिंस सिंह निवासी कोहराये थाना परसरामपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि परसरामपुर थाना क्षेत्र के गन्नीपुर निवासी जयप्रकाश वर्मा की पत्नी स्वास्थ्य विभाग में एएनएम हैं।

18 जून को थाने पर जयप्रकाश ने तहरीर देकर बताया कि 14 जून को वह अपनी पत्नी को साथ लेकर बाइक से नन्दनगर चौरी जा रहे थे। देर शाम कुसमौर व जटवलिया गांव के पास पीछे से बाइक सवार दो लोग आए और रास्ता पूछने के बहाने रोक लिया। रुकते ही बाइक की चाभी निकालकर असलहा जयप्रकाश को सटा दिया। उनसे 26 सौ रुपये व उनकी पत्नी के पास रखे 12 हजार रुपया, दोनों कान का झुमका, गले में पहना सोने का मंगलसूत्र सोने लूट लिया था। तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने नगदी व जेवरात बरामद कर लिया है।

## इस टीम ने की धरपकड़

लूट का खुलासा करने वाली टीम में थानाध्यक्ष परसरामपुर अरविन्द कुमार शाही, प्रभारी एंटी नार्कोटिक्स टीम रोहित उपाध्याय, प्रभारी चौकी सिकंदरपुर पवन मिश्रा, एसआई सुरेश कुमार, अजय सिंह थाना परसरामपुर, एसआई शशिकान्त, कांस्टेबल सतेन्द्र सर्विलांस टीम, हेड कांस्टेबल महेन्द्र यादव, कुलदीप यादव, कांस्टेबल शिवचरन चौहान, रवि प्रताप सिंह एंटी नार्कोटिक्स टीम, गुलशन कुमार, राजकुमार, सुनील कुमार थाना परशुरामपुर शामिल रहे।

**बाइक की नंबर प्लेट से हाथ लगा अहम सुराग:** पुलिस के अनुसार 14 जून को लूट की वारदात को अंजाम देकर भागते वक्त बदमाशों की बाइक एक बिजली के पोल से टकरा गई। इस पर सवार दोनों बदमाशों को चोट आई थी। लेकिन दोनों बाइक लेकर भाग निकले थे। लूट में बाइक का प्रयोग करने से पहले इन लोगों ने बाइक का नंबर प्लेट निकालकर डिग्गी में रख लिया था, जो पोल से टकराने के दौरान वहीं गिर गया था। वारदात के बाद घटनास्थल की छानबीन में जुटी पुलिस के हाथ यह नंबर प्लेट लग गया था। इसी नंबर के आधार पर पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। बाइक नंबर लक्ष्मी नारायण के नाम पर रजिस्टर्ड था। पुलिस लक्ष्मीनारायण के पास पहुंची तो पता चला कि एक साल पहले उसने दरोगा पांडेय नाम के व्यक्ति को बेच दी थी। दरोगा पांडेय से पूछताछ हुई तो पता चला कि उन्होंने छह महीने पहले झिनकान पाठक को बेच दी। झिनकान पाठक ने इस बाइक को राजेश सिंह को बेची, जो होमगार्ड है। पुलिस ने होमगार्ड राजेश सिंह से जानकारी ली तो पता चला कि बाइक उसका बेटा सौरभ ही प्रयोग करता है। इसके बाद पुलिस ने सौरभ को गिरफ्त में ले लिया। सौरभ से पूछताछ के आधार पर दूसरे आरोपी हरिनारायण सिंह तक पहुंची। इन दोनों ने बताया कि लूट का सारा माल तीसरे साथी प्रिंस सिंह के पास है।

# कार की ठोकर से घायल की मौत, केस

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मानिकचंद के पास हुए सड़क हादसे में घायल की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसी थाने की मझौवा खजुरी निवासी आशा ने बताया है कि 14 जून को मानिकचंद के पास उनके पति रम्पत (50) को कार चालक ने ठोकर मार दी थी। गंभीर चोट आने के कारण उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया है।

# योग दिवस कार्यक्रम के नोडल बने सीडीओ

बस्ती। डीएम प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर 21 जून को शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई।

डीएम ने कहा कि 21 जून को प्रातः 5.30 बजे से शहीद सत्यवान सिह स्पोर्टस स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने सीडीओ को नोडल अधिकारी नामित किया। सीएमओ, ईओ नगरपालिका, अपर पुलिस अधीक्षक, बीएसए व जिला क्रीड़ाधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया। सीआरओ, डीडीओ, क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी, डीपीआरओ, सीओ पुलिस लाइन आदि मौजूद रहे।

# एक वरासत में दो पत्नियों का नाम चढ़ाने वाला कानूनगो सस्पेंड

- हर्रैया तहसील के कानूनगो महादेव शुक्ल पर डीएम ने की कार्रवाई
- बट्टूपुर निवासी परमात्मा प्रसाद की शिकायत पर हुआ निलंबन

**बस्ती, निज संवाददाता।** अपने कारनामों को लेकर इन दिनों चर्चा में चल रही हर्रैया तहसील के एक और कानूनगो पर रविवार को गाज गिर गई। शिकायत के बाद मामले में चल रही लीपापोती को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए आरोपी राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जांच एसडीएम सदर को सौंपी गई है। अभी शुक्रवार को ही एंटी करप्शन टीम ने हर्रैया तहसील के एक कानूनगो को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था।

हर्रैया तहसील के तिलकपुर बतौर राजस्व निरीक्षक तैनात रहे कानूनगो महादेव शुक्ल मौजूदा समय तहसील के महाराजगंज क्षेत्र में तैनात हैं। पूर्व में तिलकपुर में तैनाती के दौरान तहसील के ग्राम बड्डूपुर के खातेदार परमात्मा प्रसाद के वरासत में नियम विरुद्ध दो पत्नियों का नाम अंकित कर दिया गया था। जिसकी शिकायत हुई थी लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। इस मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम प्रियंका निरंजन ने रविवार को प्रथम दृष्टया इस कृत्य के लिए कानूनगो महादेवा शुक्ला को दोषी मानते हुए उसे निलंबित कर दिया। एसडीएम सदर को मामले की विभागीय जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

**अधिकारियों का कारखास था कानूनगो घनश्याम चौधरी:** जमीन की पैमाइश के नाम पर एक साल से दौड़ाने और फिर काम करने के लिए 10 हजार रुपए घूस लेते हुए रंगेहाथ एंटी करप्शन टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया प्रभारी कानूनगो घनश्याम चौधरी तहसील के अधिकारियों के का कारखास था। चर्चा है कि अधिकारियों की शह पर वह इतना प्रभावशाली हो गया था कि कोई उससे पंगा नहीं लेता था। वर्षों और महीनों का काम सुविधा शुल्क लेकर चंद मिनटों में कर देता था। और नजराना देने से इनकार करने पर चंद मिनटों में होने वाला काम वर्षों तक लटका देता था।

सूत्रों के मुताबिक चार वर्ष पूर्व बतौर लेखपाल रहते हुए घनश्याम को एक अधिकारी ने घूस लेते हुए पकड़ा था लेकिन आपसी मामला होने के चलते दबा दिया गया। चर्चा में घनश्याम वर्मा तब आया था जब उसने थान्हा खास गांव में छह लोगों का अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र जारी करने के आवेदन पर रिपोर्ट लगाकर अधिकारियों को भेज दी थी। अधिकारियों के चहेते इस लेखपाल की रिपोर्ट पर जिम्मेदार कानूनगो, नायब तहसीलदार व तत्कालीन तहसीलदार ने भी आंख मूंदकर संस्तुति दे दी थी। सभी का अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र भी जारी हो गया। मामला तब सुर्खियों में आया जब एक व्यक्ति ने आरटीआई सूचना मांगी। खुलासा होने पर अधीनस्थों को बचाने के लिए तत्कालीन एसडीएम ने कार्रवाई की बजाए जारी प्रमाणपत्रों को निरस्त कर दिया।

# अग्निपथ को लेकर चौकसी, पूर्व सैनिकों का समर्थन

बस्ती, निज संवाददाता। अग्निपथ को लेकर जिले में अभी तक कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। बावजूद सुरक्षा व्यवस्था सख्त है। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और हाइवे पर अधिकारी से लगायत सिपाही तक गश्त कर रहे हैं। किसी भी घटना से निपटने के लिए पूरी तैयारी है। जिले में धारा 144 लागू कर दिया गया है। वहीं पूर्व सैनिकों ने अग्निपथ भर्ती प्रक्रिया का समर्थन किया है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड बस्ती ने डीएम प्रियंका निरंजन को समर्थन संबंधी ज्ञापन सौंपा।

अग्निपथ के विरोध में प्रदेश के विभिन्न जिलों में उभरे आक्रोश को देखते हुए रविवार को जीआरपी रेलवे स्टेशन बस्ती, आरपीएफ और पुरानी बस्ती पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर गश्त किया। इस दौरान परिसर में आग लगने की स्थिति में उससे निपटने का रिहर्सल किया गया। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी विजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक पुरानी बस्ती थाना आलोक कुमार श्रीवास्तव ने मातहतों को चौबीस घंटे अलर्ट रहने का निर्देश दिया।



रविवार को रेलवे स्टेशन बस्ती पर गश्त करती जीआरपी और पुरानी बस्ती पुलिस।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड बस्ती द्वारा भारत सरकार की अग्निपथ योजना का समर्थन करते हुए रविवार को ज्ञापन डीएम प्रियंका निरंजन को सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष ने कहा कि भारत सरकार की इस नई महत्वाकांक्षी योजना से देश की गौरवशाली सेना में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। भूतपूर्व सैनिकों ने युवाओं से अपील किया है कि वह इस योजना के विरोध में शामिल न हो। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास ने भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों से अपील किया है कि वह पाल्य को, अपने पड़ोसियों व परिचितों को इस हिंसात्मक आंदोलन से दूर रखने के लिए प्रेरित करें।

# आबकारी अधिनियम का वांछित आरोपित गिरफ्तार

**परशुराम्पुर बस्ती** : परशुराम्पुर पुलिस ने रविवार को बहपुर पांडेय गांव निवासी झिनकू सोनकर पुत्र गनेशी को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ पूर्व में आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। थानाध्यक्ष परशुराम्पुर अरविंद कुमार शाही ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया गया है। (जासं)

# वरासत को लेकर कानूनगो निलंबित

## डीएम प्रकरण को लेकर गंभीर, एसडीएम सदर को सौंपी जांच

- मृतक परमात्मा प्रसाद की जमीन के वरासत को लेकर छिड़ा विवाद
- हरैया तहसील क्षेत्र के बट्टूपुर गांव का है मामला

**जागरण संवाददाता,बस्ती** : वरासत में खेल करना कानूनगो को महंगा पड़ गया। यह मामला जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के पास पहुंचा तो वह काफी नाराज हुईं। राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) महादेव शुक्ल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर प्रकरण की जांच के लिए एसडीएम सदर सूरज यादव को जांच अधिकारी नामित किया है। राजस्व निरीक्षक पहले तिलकपुर में तैनात थे। वर्तमान में वे महराजगंज क्षेत्र में हैं। यह प्रकरण उनके पूर्व तैनाती से जुड़ा हुआ है।

यह मामला हरैया तहसील क्षेत्र के बट्टूपुर गांव का है। खातेदार परमात्मा प्रसाद की दो पत्नियां हैं सावित्री और कमलावती। पहली पत्नी सावित्री से कोई संतान नहीं हुए तो उन्होंने कमलावती से विवाह कर लिया। लेकिन दूसरी पत्नी से भी कोई संतान नहीं हुए। परमात्मा प्रसाद की मृत्यु के पश्चात लेखपाल आनंद चौबे की संस्तुति पर कानूनगो ने मृतक की दोनों पत्नियों के नाम 27 सितंबर 2021 को जमीन का वरासत कर दिया। 22 अप्रैल 2022 में सावित्री की मृत्यु हो गई लेकिन कमलावती अभी जीवित हैं। सावित्री की जमीन कमलावती के नाम होनी चाहिए थी। लेकिन लेखपाल से मिलकर परमात्मा के भाई के छह पुत्रों ने अपने नाम करा लिया। इस तरह संपत्ति को लेकर विवाद छिड़ गया। प्रकरण की जानकारी होने पर राजस्व निरीक्षक ने इससे जुड़े 27 मई को अपने नौ मई 2022 वाले आदेश को वापस ले लिया।

### राजस्व निरीक्षक ने पेश की सफाई

राजस्व निरीक्षक महादेव शुक्ल ने सफाई दी। कहा कि लेखपाल की रिपोर्ट पर उन्हें आगे की कार्यवाही करनी होती है। इस मामले में भी ऐसा ही हुआ है। बताया कि परिवार रजिस्टर में मृतक परमात्मा की दोनों पत्नियों के नाम दर्ज है।

वरासत में खेल रचने वाले लेखपाल आनंद पहले ही निलंबित हो चुके हैं। बताया कि राजस्व संहिता के अनुच्छेद 112 में यह व्यवस्था दी गई है कि यदि किसी मृतक की दो पत्नियां हैं तो संपत्ति में वह बराबर की हकदार होंगी।

# एएनएम दंपती को लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**परशुरामपुर लूटकांड**

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** एंटी नारकोटिक्स टीम और परशुरामपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से दंपती से हुई लूट की घटना का पर्दाफाश करते हुए इसमें शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपितों के पास से लूट के 14 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त बाइक, दो तमंचा बरामद किया है।

घटना को अंजाम देने में यूपी-112 में तैनात होमगार्ड के बेटा भी शामिल रहा। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में हरिनारायन सिंह निवासी सिरसहवा, सौरभ सिंह निवासी सिरसहवा थाना परशुरामपुर और प्रिंस सिंह निवासी कोहराये थाना परशुरामपुर शामिल हैं। घटना के बारे में एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि परशुरामपुर थाना क्षेत्र के गन्नीपुर निवासी जयप्रकाश वर्मा की पत्नी एएनएम हैं। 18 जून को दी गई तहरीर में बताया कि 14 जून को वह अपनी पत्नी को साथ लेकर बाइक से नन्दनगर चौरी जा रहे थे। शाम 7.30 बजे रास्ते में कुसमौर व जटवलिया गांव के पास पीछे से बाइक सवार दो व्यक्ति पहुंचे और रास्ता पूछने के बहाने रोक लिया। रुकते ही बाइक की चाभी निकालकर तमंचा दिखाने लगे। जय प्रकाश वर्मा के पास रखे 12 सौ रुपये व उनकी पत्नी के पास रखे 12 हजार रुपये नकदी व जेवर लूट कर बदमाश भाग निकले। सौरभ ने अपने दोस्त हरिनारायण की किडनी के इलाज के लिए लूट की इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसे तब पकड़ा जब वह हरिनारायण को लेकर अस्पताल गया था। घटना में शामिल प्रिंस, सौरभ और हरिनारायण तीनों ही आरोपी गरीब परिवार से हैं। हरिनारायण की किडनी खराब है। उसके पास इलाज कराने के पैसे नहीं हैं। दोस्तों ने लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।



लूट की घटना के बारे में जानकारी देते एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी व पुलिस टीम तथा गिरफ्तार आरोपित व बरामद सामान ● जागरण

**बदमाशों तक ऐसे पहुंची पुलिस:** एएसपी ने बताया कि लूट करके भागते समय बदमाशों की बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। बदमाशों ने बाइक का नंबर प्लेट डिग्गी में रख लिया था। टकराने के बाद वह वहीं पर गिर गया। यह पुलिस के हाथ लग गया। उस नंबर के आधार पर पुलिस टीम ने पता किया तो वह बाइक लक्ष्मी नारायण के नाम की निकली। पुलिस ने लक्ष्मीनारायण तक पहुंची तो उसने बताया कि एक वर्ष पहले दरोगा पांडेय को उसने बाइक बेच दी है। दरोगा पांडेय तक पुलिस पहुंची तो पता चला कि उसने झिनकान पाठक को बाइक बेच दी। झिनकान पाठक ने भी बाइक होमगार्ड राजेश सिंह ने खरीदी थी लेकिन उनका बेटा सौरभ उसे चलाता था। पुलिस ने सौरभ को गिरफ्त में लिया तो घटना खुल गई। इसमें हरिनारायण सिंह का नाम सामने आया।





टिनिच रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस व आरपीएफ ● जागरण

# विरोध प्रदर्शन को लेकर रेलवे स्टेशनों पर बढ़ी पुलिस चौकसी

**अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट, स्टेशन जाने वाले रास्तों पर पुलिस की निगहबानी तेज हुई**

**जागरण संवाददाता, टिनिच, बस्ती** : अग्निपथ योजना को लेकर देश के कई राज्यों में चल रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अलर्ट है। विरोध को दबाने के लिए शहर में पुलिस सक्रियता बढ़ाने के साथ ही रेलवे स्टेशनों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बस्ती रेलवे स्टेशन हो या फिर टिनिच और बभनान। हर जगह आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस गश्त कर रही है। स्टेशन जाने वाले मार्गों पर पुलिस की निगहबानी तेज हो गई है। संदिग्ध दिखने वाले लोगों से पूछताछ के साथ ही पांच या उससे अधिक लोगों को एक साथ खड़े होने पर पाबंदी लगाई गई है।

सेना में भर्ती को लेकर अग्निपथ योजना का देश के अलग-अलग राज्यों और जिलों में भी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कई जिलों में ट्रेन को निशाना बनाए जाने के बाद बस्ती जिले में रेलवे स्टेशनों और यात्रियों के साथ रेलवे संपत्ति की सुरक्षा प्रशासन और पुलिस की प्राथमिकता में है। जिले के बभनान, गौर, टिनिच, गोविंद नगर, मुंडेरवा स्टेशनों पर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। रेलवे की तरफ से सुरक्षाकर्मी लगे हैं, जो हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं। टिनिच रेलवे स्टेशन पर गौर और पैकोलिया थाने की पुलिस के साथ रेलवे पुलिस के जवान तैनात हैं। स्टेशन के सभी रास्तों से आने जाने वाले लोगों पर निगाह रखी जा रही है। डीएम प्रियंका निरंजन ने पहले ही जिले में धारा 144 लागू कर दिया है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, तीन पर मुकदमा

**जासं, बस्ती:** छावनी पुलिस ने चपिलांव गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत के मामले में तीन ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

चपिलांव निवासी मोनू यादव की शादी चार वर्ष पूर्व 24 वर्षीय रामरती उर्फ प्रियंका यादव के साथ हुई थी। दोनों का एक तीन वर्ष का बेटा श्रेयांश है। जून के पहले हफ्ते में प्रियंका मायके से ससुराल आयी थी। 15 जून की शाम पति और पत्नी में झगड़ा हुआ। इसके बाद प्रियंका की तबीयत खराब हो गई। पड़ोसी की बोलेरो से परिजन अयोध्या ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। मृतका के पिता दुखीराम यादव का आरोप है कि उनकी बेटी को उसके पति, ससुर और सास मिलकर दहेज कम मिलने के कारण प्रताड़ित किया करते थे। आरोप लगाया कि तीनों ने मिलकर गला कसकर बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद सर्पदंश का बहाना बनाकर हमें सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच में चोट के निशान मिलने की बात भी सामने आई है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए थे। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि मृतका प्रियंका यादव के पिता दुखीराम यादव निवासी मूड़ाडीहा जिला अयोध्या की तहरीर पर पति मोनू यादव, ससुर बालेश्वर यादव और सास जगपता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# सरकारी जमीन पर कब्जा होने से ग्रामीणों में आक्रोश

संवाद न्यूज एजेंसी




**बस्ती।** हर्रैया तहसील के श्रृंगीनारी मंदिर के पास सरकारी जमीन पर लोगों ने अवैध कब्जा जमा रखा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार जिला व तहसील प्रशासन से किया लेकिन कब्जा बरकरार है।

इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। गांव के केशव प्रसाद, मिलिंद, सौरभ, आशुतोष कुमार, अनिता व हीरालाल आदि ने डीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि राजस्व ग्राम श्रृंगीनारी में सरकारी अभिलेखों में दर्ज नवीन परती, बंजर, चारागाह व चकमार्ग पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा जमा रखा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कानूनगो व लेखपाल की संयुक्त टीम ने पैमाइश आख्या तहसील प्रशासन को सौंप दी है फिर भी कब्जा बरकरार है। इसे हटा कर सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित किया जाना जरूरी है।

## मारपीट में वांछित गिरफ्तार

**नगर बाजार (बस्ती)**। नगर थाना क्षेत्र के पाल नगर के पास हुई मार पीट के घटना में शामिल हैदरअली को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि पिछले महीने नगर थाना क्षेत्र के पालनगर के पास हुई मारपीट के घटना मेंशामिल अभियुक्त हैदर अली निवासी फुलवरिया पांडेय निवासी राजकोट तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। संवाद

## नौ लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई

**विक्रमजोत**। छावनी थाना क्षेत्र के संग्रामपुर और बांसगांव के अलग अलग तीन मामलों में हुए विवाद के मामले में छावनी पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के संग्रामपुर निवासी तिलक राम, अभिषेक , बबलू , विनोद , अतुल यादव पर यह कार्रवाई की गई है। वहीं बांसगांव निवासी बहादुर , विनय कुमार , जितेंद्र यादव , अभिषेक यादव शामिल रहे। एसएसआई श्याम मोहन त्रिपाठी ने बताया कि सभी को न्यायालय रवाना किया गया है। संवाद

# दहेज हत्या में पति सहित तीन ससुरालियों पर मुकदमा

## मृतका के पिता ने दर्ज कराया केस

बस्ती। छावनी थानाक्षेत्र के चपिलांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में मृतका प्रियंका यादव (24) के पिता दुखराम यादव निवासी मूड़ाडीहा थाना महाराजगंज जिला अयोध्या ने तहरीर दी है। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि पति मोनू यादव, ससुर बालेश्वर यादव और सास जगपता के खिलाफ आईपीसी और डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

करीब चार वर्ष पहले चपिलांव निवासी मोनू यादव की शादी रामारती उर्फ प्रियंका यादव (24) के साथ हुई थी। दोनों का एक तीन वर्ष का बेटा श्रेयांश है। कुछ दिन पहले ही रामारती उर्फ प्रियंका अपने मायके से आई थी। गांव वालों ने बताया कि पंद्रह जून शाम पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। ससुराल के लोगों का कहना है कि रामारती की तबीयत बिगड़ने पर पड़ोसी की लग्जरी वाहन से अयोध्या ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता दुखीराम यादव का आरोप है कि दहेज कम मिलने के कारण पति, सास और ससुर ने मिलकर गला कसकर उसकी बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद सर्पदंश का बहाना बनाकर सूचित किए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में चोट के निशान मिलने की बात भी सामने आई थी। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। संवाद

योग

सीडीओ बने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नोडल अधिकारी, डीएम ने अधिकारियों समेत स्टेडियम का लिया जायजा

# कल के वृहद योगाभ्यास की हुई तैयारी, सौंपी गई जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती**। डीएम प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में रविवार को कैंप कार्यालय में 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हुई और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। डीएम ने सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति को नोडल अधिकारी नामित किया।

शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि कहा कि 21 जून को प्रातः 5.30 बजे से योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस दौरान आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए सीएमओ और साफ-सफाई व स्वच्छ पेयजल के लिए नगर पालिका के ईओ को निर्देशित किया। उन्होंने वाहन पार्किंग, यातायात व सुरक्षा के लिए अपर पुलिस अधीक्षक और छात्र-छात्राओं की सहभागिता के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी। डीएम ने कहा कि जिले के पांच सौ अध्यापक व कर्मचारियों को छात्र-छात्राओं को पंजीकृत करने के लिए बीएसए को निर्देश दिए ताकि वह कार्यक्रम में समय से पहुंच सकें। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि योग दिवस को भव्य व आकर्षक ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं, जो समय से पूरी हो जाएंगी।

डीएम ने कार्यक्रम स्थल का भी मुआयना किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर, सीआरओ नीता यादव, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, क्षेत्रीय एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीके श्रीवास्तव, डीपीआरओ एसएस सिंह, सीओ पुलिस लाइन प्रीति, बीएसए जगदीश शुक्ला, उदय प्रकाश पासवान, इन्द्रमणि तिवारी, संजय शर्मा, नीलम सिंह, मयंक श्रीवास्तव और राजेश सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी : नगर थाने में योग मुद्रा में पुलिस कर्मी। संवाद

## अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

बस्ती। अमृत योग सप्ताह के तहत रविवार को मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस के नेतृत्व में अधिकारियों व आमजनों ने फल अनुसंधान केंद्र परिसर में योग प्रोटोकाल का अभ्यास किया। इस दौरान 21 जून को मानवता के लिए आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में लोगों को जानकारी भी दी गई। इस दौरान एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, योग शिक्षक आदित्य गिरी, डॉ. प्रवेश कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

## नगर में पुलिस के जवानों ने किया योगाभ्यास

**नगर बाजार** । रविवार को नगर थाना परिसर में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी पुलिस के जवानों ने योगाभ्यास किया। थाना प्रभारी नगर धर्मेन्द्र कुमार तिवारी योगाभ्यास का महत्व बताते हुए कहा कि योग करने से वजन में कमी आती है और इससे शरीर मजबूत होता है। योग को केवल कुछ आसनों के जरिए आंशिक रूप से समझा जा सकता है। एसआई शशि शेखर सिंह, मैनेजर यादव, हरि राय, त्रिभुवन यादव, मनोज यादव, ऋषिकेश पाठक, राम सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, वीर सिंह व इक्ष्वाकु सिंह समेत तमाम पुलिस कर्मियों ने योगासन सीखा।

# आग में झुलसी ढाई वर्ष की मासूम बच्ची की मौत

**गौर।** थाना क्षेत्र के करमा गांव में बृहस्पतिवार दोपहर में अज्ञात कारणों से लगी आग में झुलसी ढाई वर्षीय मासूम की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

घटना में दस लोगों की रिहायशी झोपड़ी जलकर राख हो गई थी। उसी दौरान गांव के मनोज कुमार की ढाई वर्षीय बेटी श्रद्धा आग की चपेट में आकर झुलस गई थी। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। इस घटना से परिवार सदमे में है। अग्नि पीड़ितों ने बताया कि अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई सहायता राशि नहीं मिली है। करमा गांव के दिलेश के घर से आग का कहर शुरू हुआ। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते की तब तक गांव के मुरता देवी, रेशमा, राम कुमार, दिनेश कुमार, राजेश, मनोज कुमार, तुलसीराम, ओम प्रकाश, अजय का रिहायशी झोपड़ी जलकर राख हो गया। जबकि हल्का लेखपाल रविंदर यादव घटना की जानकारी तहसील के उच्च अधिकारियों को दी है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्रैया अमृतपाल कौर ने बताया कि अग्नि पीड़ितों के खाने पीने के लिए गांव के कोटेदार और प्रधान को निर्देशित किया गया है। संवाद

## कार की टक्कर से घायल की मौत, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के मानिकचंद के पास हुए सड़क हादसे में घायल की मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसी थाने की मझौवा खजुरी निवासी आशा देवी ने तहरीर देकर बताया है कि चौदह जून को मानिकचंद के पास उनके पति रम्पत (50) को कार चालक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर चोट आने के कारण उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर केस

**बस्ती।** पैकोलिया थाने के कांस्टेबल मनोज कुमार का आरोप है कि इसी थाने के बरगदवा निवासी राहुल सिंह ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट व वीडियो को वायरल कर दिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय ने बताया कि आरोपी राहुल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

## शिव मंदिर के पास से टुल्लू पंप चोरी, आरोपी धराया

**बस्ती।** नगर थानांतर्गत महादेवा के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर से टुल्लू पंप चोरी हो गया। महादेवा निवासी अम्बिका प्रसाद तिवारी का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले सत्यप्रकाश ने सत्रह जून को मंदिर से टुल्लू पंप चुरा लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## छेड़खानी कर युवती को धमकाया

**बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी 18 वर्षीय बेटी के साथ गांव के सुरेन्द्र व रामसेवक ने 31 मई को छेड़खानी की। बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ कर खींचा। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## वरासत में दो पत्नियों का नाम दर्ज करने पर कानूनगो सस्पेंड

**बस्ती।** वरासत में दो पत्नियों का नाम दर्ज करने पर डीएम प्रियंका निरंजन ने कानूनगो को निलंबित कर दिया है। इससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। हर्रैया तहसील के बट्टूपुर ग्राम में खातेदार परमात्मा प्रसाद की मृत्यु के बाद वरासत करते समय तिलकपुर के कानूनगो महादेव शुक्ल ने दो पत्नियों का नाम दर्ज कर दिया था। इसकी शिकायत मिलने पर डीएम ने तिलकपुर क्षेत्र के तत्कालीन कानूनगो के खिलाफ यह कार्रवाई की है। इस समय यह कानूनगो इसी तहसील क्षेत्र के महराजगंज में तैनात हैं। इसके लिए डीएम ने एसडीएम सदर को जांच अधिकारी नामित किया है। संवाद

# दंपती से लूट में होमगार्ड के पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**लूट के 14 हजार रुपये जेवरात, बाइक व तमंचा बरामद**

**14 जून को परशुरामपुर के कुसमौर-जटौलिया गांव के पास हुई थी घटना**

**बस्ती।** एंटी नारकोटिक्स टीम के सहयोग से परशुरामपुर पुलिस ने दंपती से हुई लूटपाट का पर्दाफाश करते हुए तीन बदमाशों को कस्बे के पशु अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूट के 14 हजार रुपये, लूट में इस्तेमाल बाइक, दो तमंचा कारतूस बरामद किया। घटना को अंजाम देने में यूपी-112 पर तैनात होमगार्ड के बेटे सहित तीन बदमाश गिरफ्तार किए गए। जिनमें हरिनारायन सिंह निवासी सिरसहवा थाना परशुरामपुर, सौरभ सिंह निवासी सिरसहवा थाना परशुरामपुर और प्रिंस सिंह निवासी कोहराये थाना परशुरामपुर शामिल हैं। एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय की इस खुलासे में सबसे अहम भूमिका रही।

परशुरामपुर थानाक्षेत्र के गन्नीपुर निवासी जयप्रकाश वर्मा की पत्नी एएनएम हैं। 18 जून को दी गई तहरीर में बताया कि 14 जून को वह अपनी पत्नी को साथ लेकर बाइक से नन्दनगर चौरी जा रहे थे। शाम समय करीब 07.30 बजे रास्ते में कुसमौर व जटवलिया गांव के पास पीछे से बाइक सवार दो व्यक्ति पहुंचे और रास्ता पूछने के बहाने रोका। रुकते ही बाइक की चाबी निकालकर तमंचा दिखाने लगे। जय प्रकाश वर्मा के पास रखे 12 सौ रुपये व उनकी पत्नी के पास रखे 12 हजार रुपये नकदी व जेवरात लूट कर भाग गए।

**इस तरह हुआ खुलासा :** पुलिस की मानें तो लूट करके भागते समय बदमाशों की बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। जिसमें दोनों चोटिल हुए। मगर दोनों फिर बाइक उठाकर दोनों भाग गए।

लूट से पहले इन लोगों ने बाइक का नंबर प्लेट निकालकर डिकी में रख लिया था। जो खंभे में बाइक टकराने के दौरान वहीं गिर गया था। जो संयोग से पुलिस के हाथ लग गया। उस नंबर के आधार पर पुलिस टीम ने पता किया तो वह बाइक लक्ष्मी नारायण के नाम की निकली। पुलिस ने लक्ष्मीनारायण से संपर्क किया तो उसने बताया कि साल भर पहले दरोगा पांडेय को बेच दिया है। दरोगा पांडेय से जानकारी लेने पर पता चला कि उसने छह महीने पहले झिनकान पाठक को बेच दिया था। झिनकान पाठक ने बताया कि उसने बाइक राजेश सिंह को बेच दी है जो होमगार्ड है। पुलिस ने होमगार्ड राजेश सिंह से पूछा तो उसने बताया कि वह बाइक उसका बेटा सौरभ प्रयोग करता है। इस तरह पुलिस ने सौरभ को गिरफ्त में लिया। सौरभ के जरिए हरिनारायण सिंह का नाम सामने आया। दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो पता चला कि लूट का सारा माल प्रिंस सिंह के पास दोनों ने रखा है। लूट का माल रखने के आरोप में प्रिंस सिंह को गिरफ्तार कर लूट के 14 हजार रुपये व अन्य सामान बरामद किया।

**इस टीम को मिली कामयाबी :** थानाध्यक्ष परशुरामपुर अरविन्द कुमार शाही, प्रभारी एंटी नारकोटिक्स टीम रोहित उपाध्याय, प्रभारी चौकी सिकंदरपुर पवन मिश्रा, एसआई सुरेश कुमार, अजय सिंह थाना परशुरामपुर, एसआई शशिकान्त, कांस्टेबल सतेन्द्र सर्विलांस टीम, हेड कांस्टेबल महेन्द्र यादव, कुलदीप यादव, कांस्टेबल शिवचरन चौहान, रवि प्रताप सिंह एंटी नारकोटिक्स टीम, गुलशन कुमार, राजकुमार, सुनील कुमार थाना परशुरामपुर शामिल रहे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

# अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ रविवार को नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर के सिद्धार्थ तिराहा से लेकर डिग्री कालेज तक प्रशासन का बुलडोजर चला,इस दौरान अवैध अतिक्रमण को तोड़ कर हटा दिया गया।

उप जिला अधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में रविवार को प्रातः आठ बजे से तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन राजस्व व पुलिस के टीम के सिद्धार्थ तिराहा पर पहुँचे वहाँ पाँच बुलजोजर खड़ी थी ,नगर पालिका परिषद के कर्मचारी द्वारा सैकड़ो अतिक्रमणकारियो का बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव,प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह, उप निरीक्षक चंदन कुमार सहित पर्याप्त फोर्स उपस्थित रहा। राजस्व टीम में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल राहुल त्रिपाठी,अब्दुल गफ्फार,गणेश त्रिपाठी,अनूप यादव,रामकरन गुप्ता,राजेश मिश्रा,कमलेश पाण्डेय, पंकज मिश्रा, अजय वर्मा, कृष्णा नन्द चौधरी,देवेन्द्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

**अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः कब्जा किया तो दर्ज होगा मुकदमा : एसडीएम**



जेसबी से अतिक्रमण हटवाते एसडीएम। फोटो : एसएनबी

उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि कोई भी अवैध अतिक्रमण किया तो उसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी, अवैध अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाएगा।अवैध अतिक्रमण हटवाना शासन प्रथमिकता में है।

# ढाई माह पूर्व दफनाई गई महिला का शव निकलवाकर पीएम के लिए भेजा

**शोहरतगढ़(एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहिया नानकार के टोला कोमर निवासी गणेश कुमार की पत्नी अंजली (20) की मौत ढाई माह पहले 06 अप्रैल 2022 को नगर क्षेत्र के एक अस्पताल में अपरेशन के बाद दूसरे अस्पताल पर ले जाते समय रास्ते में हो गई थी। पीड़ित परिवार ने अपरेशन करने वाले अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर जनसुनवाई के तहत शिकायत दर्ज कराया था। साथ ही पीड़ित परिवार द्वारा थाना शोहरतगढ़ पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा निष्पक्ष न्याय न करते हुए मामले को गंभीरता से नहीं लिया। प्रकरण थाना मोहाना पुलिस के विवेचनाधीन पहुंच गया। मृतका के परिवार सदस्य जेठ रमेश ने थानाध्यक्ष मोहाना को शपथ पत्र देते हुए मृतका अंजली पत्नी गणेश कुमार निवासी ग्राम पंचायत परसोहिया नानकार के टोला कोमर के शव का पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग की। रविवार को तहसील शोहरतगढ़ उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र, थानाध्यक्ष मोहाना संतोष सिंह , शोहरतगढ़ थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी, हेड कांस्टेबल दिनेश चंद यादव, कांस्टेबल विनय कुमार मौर्या, गुलाब चंद्र यादव,आनंद चौरसिया, संजू यादव व उपनिरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव आदि की मौजूी में मृतका अंजली के कब्र को खुदवा कर शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा की मृतका के परिवार के सदस्यों द्वारा पोस्टमार्टम कराये जाने के अनुरोध और जिलाधिकारी की अनुमति के पश्चात मृतका अंजली के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पीएम रिपोर्ट आने पर जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**महिला की मौत के लिए चिकित्सक पर लापारवाही का लगा है आरोप**



कब्र से मृतका अंजली का शव निकलवाते एसडीएम,सीओ व अन्य।

### एसडीएम-सीओ की अगुवाई में सिद्धार्थ तिराहे से स्टेशन तक हुई कार्रवाई, दोबारा अतिक्रमण पर दर्ज होगा केस

# अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

**अभियान**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े तेवर को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चला रखा है। शहर के हर मार्ग पर अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई हो रही है। रविवार को नगर के सिद्धार्थ तिराहा से बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज तक मार्ग पर बुलडोजर चला। जहां अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

शहर के सिद्धार्थ तिराहा से बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज तक जाने वाले मार्ग पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर खूब गरजा। लगभग तीन घंटे तक चली प्रशासनिक कार्रवाई में अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में सुबह आठ बजे से तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन राजस्व व पुलिस की टीम सिद्धार्थ तिराहे पर पहुंची। वहां पांच बुलजोजर पहले से खड़ी थी। नगर निकाय के कर्मियों ने सैकड़ों नागिरकों की ओर से किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटवाने की कार्रवाई की। इस मौके पर सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, लेखपाल राहुल त्रिपाठी, अनूप यादव, रामकरन गुप्त आदि मौजूद रहे।

> शहर समेत तहसील क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही है। स्वेच्छा से कोई हटा लें तो बेहतर, अन्यथा प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाएगी। अवैध अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाएगा। शासन की प्रथमिकता में है। पुन: अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।
>
> – **प्रदीप यादव**, एसडीएम



शहर के सिद्धार्थ तिराहे से स्टेशन रोड के बीच रविवार को अतिक्रमण हटाया गया। • हिन्दुस्तान

### इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार रात हुई थी घटना

# बड़ा पिता निकला बच्ची से रेप करने वाला दरिंदा




**24 घंटे के अंदर आरोपित को पकड़ भेज दिया जेल**

- **मां और बहन के साथ घर के बाहर सोई थी मासूम**

**इटवा, हिन्दुस्तान संवाद।** इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की आधी रात घर पर सोई साढ़े पांच साल की मासूम बच्ची को अगवा कर रेप करने की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। मासूम बच्ची से रेप करने वाला दरिंदा कोई और नहीं बल्कि उसका बड़ा पिता ही निकला है। पुलिस ने आरोपित हैवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इटवा थाने पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए इंस्पेक्टर बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में साढ़े पांच साल की मासूम बच्ची शुक्रवार की रात अपनी मां और बहनों के साथ घर के बाहर सोई हुई थी। आधी रात में किसी व्यक्ति ने सोते समय उसे अगवा कर लिया था और गांव के उत्तर तरफ सीवान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद वहां से लाकर घर के बगल बाग में छोड़कर फरार हो गया। मामले में मासूम बच्ची के पिता ने थाने पर तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर केस दर्जकर हैवान की तलाश में मुकामी पुलिस के साथ एसओजी, सर्विलांस और फॉरेंसिक टीमें लगी हुई थीं। जिस अंदाज में मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी हुई थी। उससे एक बात तो पहले ही साफ हो गई थी कि हैवान कोई भी हो परिवार का करीबी है। इसी को आधार मानकर पुलिस की टीमें गांव में ही डेरा डालकर हैवान को ढूंढ़ने में लगी हुई थीं। इस दौरान मासूम बच्ची के घर के ईद गिर्द घूम रहे उसके बड़े पिता इकबाल अहमद के शर्ट पर खून के छींटे देखकर पुलिस टीम उसे पकड़कर खून लगने के बाबात पूछताछ की तो पहले उसने बच्ची को अस्पताल ले जाने के दौरान खून लगने की बात बताकर बचने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने जब कड़ी से कड़ी जोड़ी तो पता चला कि मासूम बच्ची को अस्पताल उसका चाचा ले गया था।

इकबाल अहमद झूठ बोल रहा है। इसके बाद शक गहराने पर पुलिस ने इकबाल अहमद के साथ कड़ाई की तो वह टूट गया और दुष्कर्म करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल नीरज खरवार, विनोद यादव शामिल रहे।

# ढाई माह बाद कब्र से निकाल पीएम को भेजा शव

- महिला की छह अप्रैल को इलाज के दौरान हो गई थी मौत
- परिवारीजनों ने लगाया था डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में रविवार को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के परसोहिया नानकार गांव के कोमर टोला के श्मशान घाट के पास से ढाई माह बाद महिला का कब्र खोद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के परसोहिया नानकार गांव के कोमर टोला निवासी गणेश कुमार की पत्नी अंजलि (20) व उसके नवजात शिशु की मौत ढाई माह पहले छह अप्रैल को कस्बे के डॉक्टर सुनीता जायसवाल मेमोरियल हास्पिटल में ऑपरेशन के बाद दूसरे अस्पताल पर ले जाते समय हो गई थी। पीड़ित परिवार ने ऑपरेशन करने वाले अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही शोहरतगढ़ पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। इसके बाद पीड़ित ने आरोप लगाया कि शोहरतगढ़ पुलिस निष्पक्ष न्याय नहीं कर रही है न ही मामले को गंभीरता से ले रही है। इसके बाद मामला मोहाना पुलिस को सौंप दिया गया।



रविवार को बानगंगा नदी के किनारे कोमर स्थित कब्रिस्तान से ढाई माह पहले दफन किए गए अंजलि के शव को पोस्टमार्टम के लिए बाहर निकलवाते हुए एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ हरिश्चंद्र पुलिस टीम के साथ। ● हिन्दुस्तान

मृतका के जेठ रमेश ने थानाध्यक्ष मोहाना को शपथ पत्र देते हुए मांग की कि जो भी विधिक औपचारिकता हो उसे पूर्ण कर मृतका अंजलि पत्नी गणेश के शव का पोस्टमार्टम कराया जाए। रविवार को एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ हरिश्चंद्र, थानाध्यक्ष मोहाना संतोष सिंह, शोहरतगढ़ जय प्रकाश दुबे, एसआई ओम प्रकाश तिवारी, हेड कांस्टेबल दिनेश चंद यादव, कांस्टेबल विनय कुमार मौर्य, गुलाब चंद्र यादव, आनंद चौरसिया, संजू यादव व एसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव आदि की मौजूदगी में बानगंगा नदी के किनारे कोमर स्थित श्मशान घाट से अंजली के कब्र को खुदवा कर शव को बाहर निकलवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा की मृतका के परिवार के सदस्यों की ओर से पोस्टमार्टम कराने की मांग पर डीएम से अनुमति लेकर अंजलि के शव को कब्र से निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बालश्रम न कराने को किया जागरूक

सिद्धार्थनगर। एएचटीयू सिद्धार्थनगर की ओर से रविवार को शोहरतगढ़ क्षेत्र में बाल श्रम व भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए अभियान चलाया गया। इसमें ढाबा, होटल, मॉल, दुकानों आदि की जांच की गई। यहां चार नाबालिग बच्चे बालश्रम व भिक्षावृत्ति करते पाए गए।

पुलिस टीम ने सभी दुकानदारों को बालश्रम न कराने के लिए जागरूक किया। चेकिंग के दौरान रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया और बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया । इस दौरान एएचटीयू प्रभारी बृजेश सिंह मौजूद रहे।

# संदिग्ध हाल में घर के पीछे लटकता मिला युवक का शव

भवानीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। भवानीगंज थाना क्षेत्र के भिठौरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव उसके घर की पीछे निर्माणाधीन मकान के आरसीसी पिलर की सरिया में रस्सी से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

भवानीगंज क्षेत्र के बिथरिया गांव निवासी अर्जुन दो साल पहले क्षेत्र के भिठौरा गांव में घर बनवाकर परिवार के साथ रहने लगा था। शनिवार की रात बेटा प्रदीप (25) प्रतिदिन की तरह भोजन कर छत पर सोने चला गया। रविवार की सुबह जब परिवारीजन सो कर उठे तो देखा कि प्रदीप छत पर नहीं है। उन्होंने खोजबीन की तो प्रदीप का शव घर के पीछे एक निर्माणाधीन मकान के पिलर की सरिया से लटकता मिला। यह देख उनके होश उड़ गए। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 10 जून को हुई थी शादी

प्रदीप की शादी 10 जून को शिवनगर डिड़ई क्षेत्र के छितौनी गांव निवासी सरिता के साथ हुई थी। 13 जून को सरिता ससुराल आई थी, 17 जून को वह मायके चली गई। परिवारीजनों ने बताया कि 18 जून की रात में घर पर प्रदीप के साथ उसके दो भाई संदीप व अमर, दो बहनें अंजली व काजल थीं। भाइयों ने बताया कि प्रदीप शनिवार की रात भोजन करने के बाद छत पर सोने चला गया और यह घटना कब हुई पता नहीं चला। सुबह सोकर उठे तो प्रदीप का शव घर के पीछे लटकता मिला।

# गोष्ठी में महिलाओं को जागरूक किया

सिद्धार्थनगर। कठेला पुलिस ने रविवार को मटेहना गांव के जामिया अहले सुन्नत इमदादुल उलम स्कूल में गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक किया। महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं, बच्चों के साथ महिला संबंधी अपराध, महिलाओं की सुरक्षा, हक व कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

महिला आरक्षी निधि सिंह व मनीषा शुक्ला ने महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जारी हेल्पलाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी।

# 12 बोरी यूरिया के साथ पुलिस ने पकड़ा

लोटन। लोटन कोतवाली के बड़हरा गांव के पास से पुलिस ने रविवार को 12 बोरी यूरिया के साथ एक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान बड़हरा गांव निवासी राम अवतार के रूप में हुई।

# अतिक्रमण के विरुद्ध चला बुलडोजर

## सिद्धार्थ तिराहे पर अभियान चलाकर खाली कराई गई स्टेशन रोड की जमीन

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगरः रविवार को शहरमें साप्ताहिक बंदी के बीच मुख्य चौराहा व स्टेशन रोड पर अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर पूरे दिन गरजा। इस दौरान कहीं पर स्थाई तो कहीं पर अस्थाई तरीके के लिए गए अतिक्रमण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। इससे मुख्य चौराहा के साथ स्टेशन रोड भी चौड़ा दिखने लगा है।

नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत मुख्य चौराहा व स्टेशन रोड पर कायम अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन का बुलडोजर सुबह आठ बजते ही चौराहे पर एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, तहसीलदार राम ऋषि रमन व सीओ सदर प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में चौराहे पर पहुंचा तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान मुख्य चौराहे पर स्थित 18 दुकानों के स्थाई निर्माण को बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा चौराहा के उत्तरी पश्चिम तरफ स्थित दुकानों के स्थाई निर्माण व शेड आदि को तोड़ दिया गया।



सिद्धार्थ तिराहे के पास अतिक्रमण हटाता बुलडोजर ● जागरण

इसके बाद बुलडोजर स्टेशन रोड पर गरजा जो स्टेशन रोड के उत्तरी तरफ कायम अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए डिग्री कालेज तक कायम 60 से अधिक दुकानदारों के अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। इस दौरान प्रशासन की पूरी टीम भी बुलडोजर के साथ मौके पर ही पुलिस टीम के साथ जमी रही।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव,प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह, उप निरीक्षक चंदन कुमार सहित पर्याप्त फोर्स उपस्थित रहें। राजस्व टीम में नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल राहुल त्रिपाठी, अब्दुल गफ्फार, गणेश त्रिपाठी, अनूप यादव, रामकरन गुप्ता, राजेश मिश्रा, कमलेश पाण्डेय, पंकज मिश्रा, अजय वर्मा, कृष्णा नन्द चौधरी, देवेन्द्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि कोई भी अवैध अतिक्रमण किया तो उसके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। अवैध अतिक्रमण हर हाल में हटाया जाएगा।

## एक नजर में

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, इटवा : थानांतर्गत एक गांव में शुक्रवार की रात मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना का 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश हो गया है। पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

दुष्कर्म की घटना उस समय हुई, जब बच्ची अपनी मां के साथ सो रही थी। मध्य रात्रि में आरोपित ने बच्ची को सोते समय उठाया और करीब 500 मीटर दूरी पर खेत के करीब ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पांच वर्षीय मासूम की स्थिति बिगड़ी तो उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। इधर घटना के बाद पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले के बारे में जानकारी ली और शीघ्र पर्दाफाश करने संबंधित निर्देश दिए। स्थानीय पुलिस के अलावा एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम लगाई गई। टीम ने कई लोगों से पूछताछ की, जिसके बाद पुलिस के हाथ कुछ सुराग लगे, जिसके सहारे पुलिस आरोपित तक पहुंची। पुलिस ने 45 वर्षीय आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की, उसके कपड़े पर खून के निशान भी मिले। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

# 12 बोरी यूरिया के साथ एक आरोपित धराया

**लोटन :** प्रशासनिक पाबंदियों के बाद भी भारत-नेपाल सीमा पर खाद की तस्करी नहीं रुक रही है। रविवार को भारत से नेपाल ले जाते समय 12 बोरी यूरिया खाद के साथ एक व्यक्ति को पकड़ने में पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। हरिवंशपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार चौहान को सूचना मिली कि सीमा से सटे बड़हरा गांव के पास बगीचे में एक व्यक्ति यूरिया ले जाकर रखा है। मौके पर पहुंचने पर देखा कि खाद को बाइक पर लाद रहा था, जो नेपाल में ले जाने के फिराक में था। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रामऔतार निवासी बड़हरा थाना लोटन बताया। पुलिस ने कस्टम एक्ट तहत बाइक व खाद सहित आरोपित का चालान कर दिया। (जासं)

# पाक्सो एक्ट के आरोपित को भेजा गया जेल

**जोगिया :** रविवार को कोतवाली पुलिस ने एक गांव की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के आरोपित प्रभुदयाल को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपित पर आपीसी की धारा 363, 366 व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

# हाईस्कूल में फेल हुई छात्रा ने की आत्महत्या

**जागरण संवाददाता, बांसी:** हाईस्कूल में फेल हुई 16 वर्षीय एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार देर शाम की है। वह क्षेत्र के ही एक में स्कूल की छात्रा थी। मृतका का नाम ममता है। उसे पढ़ाई के लिए स्वजन हमेशा प्रेरित भी करते थे। ठीकठाक परिवार की होने के कारण उसे किसी भी तरह की कोई दिक्कत भी नहीं थी पर वह घर वालों को हमेशा बेहतर अंक का विश्वास दिलाती रही। साथ में पढ़ने वाले छात्रों की माने तो वह दो वर्ष तक पढ़ाई में ठीक थी। थानाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह का कहना है कि मौके पर मैं गया था। मृतका के पिता संदीप ने कहा कि मेरी पुत्री हाईस्कूल में फेल हो जाने के अवसाद में आई थी, जिससे वह घर की दूसरी मंजिल पर लगे पंखे से दुपट्टा का फंदा लगा कर झूल गई। इसमें हम कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

# चार बच्चों को बालश्रम से कराया गया मुक्त

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: बचपन बचाओ अभियान के तहत रविवार को इटवा पुलिस टीम ने होटल, ढाबा व दुकानों की जांच की। इस दौरान चार बाल श्रमिकों को श्रम कार्य से मुक्त कराया गया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी की गई कि किसी भी दशा में बालश्रम न कराएं अन्यथा उनके खिलाफ बालश्रम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में रविवार को चलाए गए बचपन बचाओ अभियान के तहत शोहरतगढ़ कस्बा में स्थित सभी दुकानों व ढाबों में बालश्रम, भिक्षावृत्ति रोकने के अभियान के तहत जांच की गई।

जिसमें चार नाबालिग बच्चे बालश्रम व भिक्षावृत्ति करते पाए गए। चेकिंग के दौरान सभी दुकानदारों को बालश्रम न कराने हेतु प्रेरित किया गया। क्षेत्र में संचालित ढाबा, होटल, माल, दुकानों आदि की जांच के दौरान मालिकों को हिदायत दी गई कि बालश्रम न कराएं। जांच के दौरान पाए गए चार बच्चों को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया, जिसके बाद बच्चों को उनके स्वजन को सौंप दिया गया।

अभियान में प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र यादव, आरक्षी पंकज भारती आदि शामिल रहे।

# मुस्लिम महिलाओं को दी अधिकार व सुरक्षा की जानकारी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: महिला सशक्तीकरण के तहत मदरसे में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह की पहल पर सीओ शोहरतगढ़ हरीशचंद्र की अगुवाई में मटेहना स्थित जामिया अहले सुन्नत इमदादुल उलूम में कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से बताया।



मटेहना मदरसा में महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व महिलाएं ● सौजन्य पुलिस विभाग

पुलिस टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक सौदागर राय, महिला आरक्षी निधि सिंह, मनीषा शुक्ला ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही उनकी सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा किए इंतजाम, बनाए गए कानून के बारे में जानकारी दी। महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को बताया कि महिलाओं के उत्पीडन संबंधी मामलों में पुलिस हमेशा साथ है, अगर महिला चाहेगी तो उसका नाम भी सामने नहीं आएगा और आरोपित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान महिलाओं व छात्राओं को अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जारी हेल्पलाइन 1090, वुमेन पावर लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, पुलिस हेल्प लाइन 112, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्प लाइन 1930 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हेल्प लाइन कैसे काम करता है, किस तरह से उनकी समस्याओं का निस्तारण करता है के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय की हमीदा खातून, अजीजा खातून, जुबेरिया इरम, गुलअफसां आदि बालिकाओं ने पुलिस टीम से सवाल भी किया। पुलिस टीम के सदस्यों ने बालिकाओं व महिलाओं ने सभी महिलाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों के बारे में जानकारी देने को प्रेरित किया।

# 12 बोरी यूरिया व चार साइकिल के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार

**जासं, सिद्धार्थनगर:** भारत-नेपाल सीमा पर हो रही खाद की तस्करी रोकने के लिए तत्पर कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने रविवार को 12 बोरी यूरिया के साथ तीन तस्करों को चार साइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। सभी पर कस्टम एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए खुनुवा कस्टम को सौंप दिया गया है।

कपिलवस्तु थानाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने भारत-नेपाल पर स्थित गौरी गांव के रास्ते साइकिल पर लादकर कर यूरिया नेपाल ले जा रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस के हत्थे चढे. रामजीत, अमरनाथ, अजय सभी कोतवाली क्षेत्र के भरवलिया गांव के निवासी है, जो यूरिया खाद नेपाल ले जा रहे थे। पुलिस टीम में बजहा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार गुप्ता, इंदेश यादव, सुरेश सिंह शामिल रहे। एक अन्य समाचार के अनुसार लोटन कोतवाली पुलिस ने पगडंडी रास्ते से नेपाल ले जा रहे 12बोरी यूरिया खाद के साथ एक पुरानी बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मामले को कस्टम को सौंप दिया है। पुलिस टीम ने प्रभारी निरीक्षक लोटन देवनन्दन उपाध्याय, हरिवंशपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार चौहान व अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## कब्र से निकाला गया शव

**शोहरतगढ़,** रविवार को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के परसोहिया नानकार टोला तोमर में एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव व सीओ हरिश्चंद्र के नेतृत्व में दो महीने पहले का शव कब्र से निकाला गया। गांव के गणेश की 20 वर्षीय महिला अंजलि का छह अप्रैल को शोहरतगढ़ के निजी अस्पताल में डिलीवरी आपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा दोनों की मृत्यु हो गई थी। महिला के स्वजन अस्पताल के डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र दिया। उच्चाधिकारियों ने इसकी जांच मोहना थाना के एसआइ संतोष कुमार सिंह को सौंपी थी। डीएम के आदेश पर शोहरतगढ़ एसडीएम, सीओ व थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे व एसआइ संतोष कुमार सिंह ने कब्र से शव निकलवाया।

## एक नजर में

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

बढ़या : मिश्रौलिया पुलिस ने रविवार को अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि बहोरवा घाट निवासी ओम प्रकाश को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया गया। (जासं)

# बालश्रम पर रोक के लिए लोगों को किया जागरूक



गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में मौजूद अतिथि और विद्यार्थी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बढ़नी। गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को प्लान इंडिया और एएचटीयू के सहयोग से विश्व बालश्रम निषेध सप्ताह के तहत एनसीसी कैडेट्स, भारत-नेपाल की संस्थाओं, शिक्षकों व पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बालश्रम उन्मूलन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

एएचटीयू के प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बालश्रम की समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि समाज के लिए यह किसी अभिशाप से कम नहीं है। युवाओं को नशे की लत से दूर रहना चाहिए।

## गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों के बाल अधिकार को संरक्षित करें। प्लान इंडिया के जिला समन्वयक प्रसून शुक्ल ने बताया कि प्लान इंडिया प्रोजेक्ट के तहत भारत-नेपाल बॉर्डर पर मानव तस्करी व बाल संरक्षण के लिए काम किया जा रहा है। इस दौरन प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा, ढेबरुआ के थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा, एनसीसी इंचार्ज शंभूनाथ गुप्ता, चंदा कुमारी, विजयशंकर यादव, शत्रु विजय सिंह, रूपा उमर, काजल श्रीवास्तव, हरिकेश दुबे, दयाशंकर, अजय, अमन, उमेश, सौरभ आदि मौजूद रहे।

# मासूम को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

इटवा। मां के बगल सो रही छह वर्षीय मासूम को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को रविवार सुबह पुलिस ने उसके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसओ इटवा विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय बच्ची मां के साथ शुक्रवार रात सो रही थी। इसी दौरान मुंह को गमछे से ढककर गांव का ही 45 वर्षीय युवक मासूम को चारपाई से उठा ले गया और 100 मीटर दूर आम के पेड़ के नीचे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके रोने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और इटवा पुलिस को सूचना दी। परिवार की ओर से मिले तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की खोजबीन में जुट गई। इस काम में इटवा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया था। रविवार सुबह आरोपी को गांव के पास से दबोच लिया गया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में एसओजी प्रभारी जीवन तिवारी, सर्विलांस प्रभारी शेषनाथ सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। संवाद

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** स्टेशन रोड की रेलवे भूमि को खाली कराने के लिए रविवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। सिद्धार्थ तिराहे से शुरू हुआ अभियान बुद्ध विद्या पीठ डिग्री कॉलेज तक चला। सवा सौ से अधिक दुकानों एवं मकानों के सामने से अतिक्रमण हटाया गया।

### स्टेशन रोड पर सवा सौ दुकानदारों के कब्जे हटाए गए

रेलवे स्टेशन, रोडवेज एवं डिग्री कॉलेज समेत सोहांस और लोटन तक जाने वाला स्टेशन रोड अतिक्रमण से सकरा हो गया है। यह मार्ग रेलवे की भूमि में है, जिसके उत्तर तरफ लोगों के मकान एवं दुकान हैं। आरोप है कि लोगों ने दुकान एवं मकान के सामने अतिक्रमण कर रखा था। इस मार्ग पर अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सुबह एवं शाम को लोग जाम में बहुत देर तक फंसे रहते थे।

रविवार सुबह से सिद्धार्थ तिराहे से शुरू हुए अभियान में तीन बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया गया। इसमें दुकानों के सामने लगे टीनशेड, फर्श व सीढ़ी आदि तोड़कर ध्वस्त कर दिया गया। स्थानीय निवासी रामशंकर, जयप्रकाश और राहुल का कहना है कि शहर में अतिक्रमण हटाने से जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

# कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सिद्धार्थनगर।** थानाक्षेत्र परसोहिया नानकार टोला तोमर निवासी अंजलि (20) की कब्र से शव निकलवर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उसकी छह अप्रैल को निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। साथ ही नवजात की भी मौत हो गई थी। इस मामले में परिजन ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर एसपी व उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र दिया था।

क्षेत्र के परसोहिया नानकार टोला तोमर निवासी गणेश ने पत्नी अंजली की छह अप्रैल को एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव करवाया था। अंजली व नवजात का इलाज चल रहा था। उसी दौरान दोनों की हालत नाजुक होने लगी। उसके बाद अस्पताल के डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जब तक जिला अस्पताल पहुंचते तब तक अंजली और नवजात की मौत हो चुकी थी। इस मामले में पति गणेश ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसपी डॉ. यशवीर सिंह व शोहरतगढ़ पुलिस सहित उच्चाधिकारियों को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-06-2022

# शरारती तत्वों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के दृष्टिगत पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन खलीलाबाद का भ्रमण-निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सतर्क दृष्टि रखते हुए विभिन्न स्थानों पर पैदल मयफोर्स भ्रमण किया गया। अग्निपथ योजना के अंतर्गत सेना में भर्ती हेतु जारी नये निर्देशों के विरोध में कई राज्यों/स्थानों पर छात्रों द्वारा किए गए उग्र प्रदर्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में जनपद में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश व क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में रेलवे पुलिस बल व जीआरपी के साथ रेलवे स्टेशन खलीलाबाद पर किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु माक ड्रिल किया गया व संपूर्ण स्टेशन परिसर का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। जीआरपी एवं आरपीएफ के संबंधित अधिकारीगण से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। छात्रों के रुप में छिपे अराजक/शरारती तत्वों पर अराजकता फैलाने या ऐसी कोशिश करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नारायण प्रसाद, निरीक्षक अपराध खलीलाबाद दीपक दूबे, रेलवे स्टेशन खलीलाबाद के आरपीएफ चौकी प्रभारी, जीआरपी चौकी प्रभारी सहित रेलवे व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चोरी के जेवरात बरामद आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। बीती रात्रि थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत बरदहिया बाजार के पोस्ट ऑफिस के बगल स्थित मकान में हुए चोरी की घटना में शामिल अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी की 01 मोबाइल, 01 अदद मंगलसूत्र, 01 अदद झूमका, 01 अदद कील ( सभी जेवरात पीली धातु), 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु) को बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके न्यायालय/जेल रवाना किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नरायण प्रसाद ने बताया कि दिनांक 19.06.2022 की रात्रि को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत बरदहिया बाजार के पोस्ट ऑफिस के बगल स्थित मकान में चोरी की घटना कारित हुई जिस घटना पर सनोज गौड़ निवासी बरदहिया बाजार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर की लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 338/2022 धारा 457/380 भदावि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोपी के पास से 01 मोबाइल, 01 अदद मंगलसूत्र, 01 अदद झूमका, 01 अदद कील (सभी जेवरात पीली धातु), 01 जोड़ी पायल (सफेद धातु) बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया।

# अग्निपथ आंदोलन : पुलिस ने की प्रधानों के साथ बैठक

**नाथनगर (एसएनबी)।** अग्निपथ योजना के विरोध में संभावित आंदोलन को लेकर रविवार की शाम थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ महुली थाना परिसर में पुलिस ने बैठक की। बैठक के दौरान प्रधानों को अग्निपथ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही प्रधानों से गांव के युवाओं के बीच अग्निपथ योजना के फायदे के बारे में जानकारी देने की अपील भी की गई। विदित हो कि अग्निपथ योजना के विरोध में 20 जून को क्षेत्र में आंदोलन प्रस्तावित है। प्रस्तावित आंदोलन को लेकर रविवार की शाम महुली थाने में प्रधानों के साथ बैठक हुई।

**अग्निपथ योजना के बारे में प्रधानों को दी गई विस्तार से जानकारी**

बैठक में प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह ने प्रधानों से प्रस्तावित आंदोलन के बारे में संवाद कर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी भी गांव में अग्निपथ योजना के विरोध में अगर आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है तो प्रधान उसके बारे में पुलिस को अवश्य तत्काल सूचित करें। बैठक में प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि नहीं होनी चाहिए। अगर आंदोलन के नाम पर कहीं भी हिंसा हुई तो हिंसा में शामिल लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार बैठी हुई है। क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में प्रधानों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने प्रधानों को अग्निपथ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए योजना की खूबियां गिनाई साथ ही कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं के लिए बेरोजगारी दूर करने का एक सुनहरा अवसर है। प्रभारी निरीक्षक ने सभी प्रधानों से गांव में युवाओं के बीच पहुंच कर अग्निपथ योजना के फायदों के बारे में युवाओं को जानकारी देने का अपील भी किया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक के अलावा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयानाथ राम, उपनिरीक्षक नत्थू प्रसाद के अलावा क्षेत्र के अधिकांश ग्राम प्रधान व थाने के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# चाकू व चोरी की बाइक के साथ तीन चोर गिरफ्तार

नाथनगर (एसएनबी)। महुली पुलिस ने रविवार को तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना क्षेत्र से चुराई गई एक चोरी की बाइक, मोबाइल फोन और उनके कब्जे से एक अदद चाकू भी बरामद किया है।

गिरफ्तार चोरों की मदद से पुलिस ने थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई दो चोरी की घटनाओं का भी पर्दाफांस किया है। विदित हो कि महुली थाना क्षेत्र के कलेन हरदो गांव निवासी घरभरन पुत्र स्व. पूर्णवासी के घर में चोरी की नियति से बीते 17 जून की आधी रात को एक चोर उनके घर में घुस गया था। घर में खटर-पटर की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए और शोर मचाने लगे। शोर सुनकर चोर भागने लगा तो इस बीच पहुंचे ग्रामीणों ने चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया और घरभरन के घर से चुराई गई मोबाइल भी उसके कब्जे से बरामद कर लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में पकड़े गए चोर ने थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं में खुद के साथ ही शामिल अपने तीन अन्य साथी चोरों का भी नाम बताया।

**महुली थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई दो चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया पर्दाफाश**

जिसके आधार पर पुलिस ने महुली थाना क्षेत्र के मोहरैया गांव निवासी विवेक पुत्र रामकेश चौहान, महुली थाना क्षेत्र के धवरेपार गांव निवासी दुर्गेश पुत्र रामप्रताप तथा विशाल पुत्र विजयी को रविवार को थाना क्षेत्र में महुली-नाथनगर मार्ग पर कठिनईयां पुल के समीप घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने गोरखपुर जिने के सहजनवां थाना क्षेत्र से पूर्व में चुराई गई एक बाइक भी बरामद कर लिया। पकड़े गए चोर विशाल पुत्र विजयी के कब्जे से पुलिस ने एक अदद चाकू भी बरामद किया है। इतना ही नहीं पुलिस ने थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर पूर्व में हुई दो चोरी की वारदातों के सम्बन्ध में थाने में दर्ज किए गए मुकदमें अपराध संख्या 180/2022 धारा 379 आईपीसी तथा अपराध संख्या 188/2022 धारा 380 /411 आईपीसी का पर्दाफांस कर दिया है। गिरफ्तार किए गए चोर ही उक्त दोनों चोरी की वारदातों में भी शामिल रहे। उक्त चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह के अलावा उपनिरीक्षक रमजान अली, उपनिरीक्षक लालविहारी निषाद, कां. शरद कुमार राय, कां. प्रशान्त त्रिपाठी तथा कां. संजय प्रसाद शामिल रहे।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सेमरियावां (एसएनबी)।** दुधारा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ बलात्कार के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया है। यह घटना बीते आठ जून को हुई थी। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव चोरहा निवासिनी कमलावती पत्नी रामजीत चौधरी ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के महफूज अहमद पुत्र मसूद अहमद उर्फ नसीर अहमद उर्फ कल्लू के विरुद्ध दिनांक आठ जून की रात में ग्राम चोरहा गुलहरिया में वादिनी की 19 वर्षीया लड़की को गांव के बागीचे में ले जाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को अपने हमराही सिपाही हे.कां. मोतीलाल यादव, कां. अमित कुमार, म.कां. रीमा गौड़, म.कां. निहारिका पाण्डेय के साथ सेमरियावां अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर मु.अ.सं. 177/22 धारा 376, 354(क), 504, 506 भादवि के तहत संबंधित न्यायालय भेज दिया।

# तीन परिवार राजी-खुशी रहने को राजी

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के आयोजन में परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता की गई। जिसमें कुल तीन प्रस्तुत हुए और सभी मामलों में सुलह समझौता करवाया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा ने बताया कि नीलम यादव पत्नी जगन्नाथ यादव निवासी बखरिया थाना दुधारा व द्वितीय पक्ष जगन्नाथ यादव पुत्र स्व. रामा यादव निवासी बखरिया थाना दुधारा, कृष्णमती पत्नी सदावृक्ष निवासी बेलदारीपुरब थाना दुधारा व द्वितीय पक्ष सदाबृक्ष पुत्र स्व. सिद्धू निवासी बेलदारीपुरब थाना दुधारा तथा कुसुम पत्नी हरिश्चन्द्र निवासी कोल्हुवा लकड़ा पोस्ट उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष हरिश्चन्द्र पुत्र नन्दलाल निवासी कोल्हुवा लकड़ा पोस्ट उतरावल थाना कोतवाली खलीलाबाद के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी खुशी रहने को तैयार है। दोनों पक्ष में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

रेलवे स्टेशनों पर फोर्स के साथ मुस्तैद रहे मजिस्ट्रेट, दूसरे राज्यों में हुई घटनाओं से बढ़ी सतर्कता

# अग्निपथ के विरोध पर प्रशासन अलर्ट

## सतर्कता

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। अग्निपथ योजना को लेकर विभिन्न प्रान्तों और प्रदेश के कई जनपदों में हो रहे आन्दोलन को देखते हुए जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। डीएम दिव्या मित्तल ने जहां हर प्रमुख स्थानों पर अलग से मजिस्ट्रेट की तैनाती किया है, वहीं पुलिस टीमें भी पूरी तरह से सक्रिय हो गई हैं। जनपद की सीमा में पड़ने वाले सभी स्टेशनों के साथ ही प्रमुख स्थानों पर मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे। पुलिस ने फ्लैग मार्च करते हुए कड़ी चेतावनी दी। पुलिस और प्रशासन की नजर विशेषकर युवाओं पर है। पांच से अधिक युवा कहीं इकट्ठा न होने पाए इसको लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। डीएम ने 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई है।

जिले में रविवार को खलीलाबाद रेलवे स्टेशन, मगहर और चुरेब स्टेशन पर मजिस्ट्रेट फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। रेलवे लाइन की भी निगरानी की गई। इसके अलावा बस स्टैंड, शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों के साथ ही पूरे जनपद में चौकसी बढ़ा दी गई। पुलिस की सक्रियता और चौकसी के कारण कहीं पर किसी तरह का कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हो सका।

सीओ धनघटा राम प्रकाश के नेतृत्व में रेलवे पुलिस बल व जीआरपी के साथ रेलवे स्टेशन खलीलाबाद पर किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु मॉक ड्रिल किया गया व संपूर्ण स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया गया। जीआरपी एवं आरपीएफ की टीम से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की गई। कन्ट्रोल रूम से पूरे स्टेशन परिसर की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही है।

**शरारती तत्वों से सख्ती से निपटें:** अग्निपथ योजना के विरोध के चलते जनपद में सभी महत्वपूर्ण स्थानों, प्रत्येक चौराहों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों आदि पर पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। एसपी सोमन कुमार ने सभी पुलिस टीमों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी शरारती/अराजकतत्वों के साथ कठोरता से निपटा जाए तथा शांति पूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले को सुना जाए और उसकी बात को उचित माध्यम से सम्बन्धित तक पहुंचाया जाए। यदि कोई छात्र या उनका कोई समूह हमसे अथवा किसी अन्य अधिकारी से मिलकर अपनी बातें कहना चाहता है तो उससे हम या सम्बन्धित अधिकारी अवश्य बात कर उसकी समस्या को सुनेंगे और हर सम्भव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। लेकिन छात्रों के रूप में छिपे अराजक व शरारती तत्वों पर अराजकता फ़ैलाने या ऐसी कोशिश करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद विजय नारायण प्रसाद, निरीक्षक अपराध खलीलाबाद दीपक दूबे आदि मौजूद रहे।



खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर रविवार को गश्त कर जायजा लेते पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान



रविवार को पुलिस टीमों व मजिस्ट्रेट के साथ बैठक करते एडीएम मनोज सिंह। • हिन्दुस्तान

### एडीएम ने पुलिस टीमों और मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक

एडीएम मनोज कुमार सिंह ने रविवार को कलक्ट्रेट सभागार में पुलिस टीमों और मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक-एक गांव पर नजर रखी जाए। कोई भी अशांति फैलाने का प्रयास करे तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। यदि कोई शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना चाहता है तो उसकी बात को सुनें और उसके पत्रक को लेकर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के बारे में तमाम लोगों द्वारा भ्रामक खबर फैलाई जा रही है, इस पर भी नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर ऐसी खबर फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस के हत्थे रविवार को एक चोर चढ़ गया। उसके पास से चोरी किया गया सामान भी पुलिस ने बरामद किया है। पूछताछ के बाद चोर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शनिवार की रात्रि को कोतवाली के बरदहिया बाजार के पोस्ट ऑफिस के बगल स्थित मकान में चोरी की घटना हुई। जिस घटना में सनोज गौड़ की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। चोर की तलाश में पुलिस को लगा दिया। रविवार को मुहम्मद वकील पुत्र मुहम्मद नसीम को गिरफ्तार कर लिया गया।

# महुली पुलिस ने छापेमारी कर तीन चोरों को किया गिरफ्तार

- पुलिस कर रही थी तलाश कठिनईया पुल के पास से पकड़ा
- चोरी की बाइक, मोबाइल, सिम कार्ड व चाकू बरामद

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के काली जगदीशपुर चौकी प्रभारी रमजान अली ने अली नगर पुल पर छापेमारी करके चोरी की वारदात के शामिल तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की बाइक, मोबाइल, सिमकार्ड और चाकू बरामद किया है।

महुली थाना क्षेत्र के ग्राम कलेन्द्र हरदो निवासी घरभरन पुत्र स्व. पूर्णवासी ने पुलिस को सूचना दिया था कि 17 जून को रात लगभग साढ़े 11 बजे एक चोर घर में चोरी करने की नीयत से घुसा था। आहट सुनकर परिवार के लोग जाग गए तो चोर भागने लगा गांव वालों की मदद से एक चोर को पकड़ लिया गया। उसने बताया था कि उसके साथ विवेक पुत्र रामकेश चौहान निवासीगण मोहरैया व विशाल पुत्र विजयी तथा दुर्गेश पुत्र रामप्रताप निवासीगण धवरेपार बढ़या थाना महुली घटना में सम्मिलित थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त तीनों फरार चल रहे अभियुक्तों को पुलिस टीम ने कठिनईया पुल ग्राम अलीनगर से छापेमारी करके गिरफ्तार किया। जिसमें से अभियुक्त विशाल के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। पकड़े चोर के पास से चोरी गया मोबाईल व सिम तथा थाना सहजनवा से चोरी की गई बाईक बरामद की गई थी। पुलिस के अनुसार तीनों के विरुद्ध थाना महुली पर मुकदमा दर्ज है। तीनों को संबंधित न्यायालय भेजा गया।

# शांति भंग की आशंका में 24 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में रविवार को 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, धनघटा पुलिस ने 14 व बखिरा पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। (जासं)

# अग्निपथ के आक्रोश को ठंडा करने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट

## 19 जून से अग्रिम आदेश तक सुबह 10 बजे से शाम के पांच बजे तक लगाई गई ड्यूटी

- मगहर, खलीलाबाद, चुरेब रेलवे स्टेशन और खलीलाबाद बाईपास पर अधिकारियों की लगी ड्यूटी
- प्रत्येक थानाक्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दी गई जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: अग्निपथ के आक्रोश को ठंडा करने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस महकमा अलर्ट है। धारा 144 लागू होने के बीच अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। इंटरनेट मीडिया पर मैसेज पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसकी नियमित रूप से मानीटरिंग की जा रही है। छात्र-छात्राओं और सेवानिवृत्त जवानों के सहयोग से आम जनमानस को समझाने-बुझाने का प्रयास जारी है।

केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई अग्निपथ योजना को लेकर विभिन्न प्रांतों व जनपदों में विरोध हो रहा है। सेना में भर्ती के लिए तैयारी कर रहे युवकों द्वारा जगह-जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसको देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस अलर्ट है। 19 जून 2022 से अग्रिम आदेश तक सुबह 10 बजे से शाम के पांच बजे तक मगहर, खलीलाबाद व चुरेब स्थित रेलवे स्टेशन, खलीलाबाद बाईपास आदि स्थानों पर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर व सब सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी गई है। जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए। खलीलाबाद के एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी के दिशा-निर्देशन में सात सेक्टर मजिस्ट्रेट व सात सब सेक्टर मजिस्ट्रेट रेलवे स्टेशन मगहर, खलीलाबाद व चुरेब, खलीलाबाद बाईपास स्थित ओवरब्रिज के अलावा बखिरा, दुधारा व खलीलाबाद थानाक्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सामान्य बनाए रखेंगे। इसी तरह जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए मेंहदावल के एसडीएम योगेश्वर सिंह के दिशा-निर्देश पर तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सब सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मेंहदावल, धर्मसिंहवा व बेलहरकला थानाक्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। जबकि जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए धनघटा के एसडीएम रवींद्र कुमार के दिशा-निर्देश पर धनघटा व महुली थानाक्षेत्र में स्थिति सामान्य बनाए रखेंगे।



> नामित किए गए अधिकारी धारा-144 का अक्षरश: पालन कराएंगे। अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पूरी तन्मयता के साथ उपस्थित रहकर दायित्वों का सही से निर्वहन कर शांति-व्यवस्था बनाए रखेंगे। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
> दिव्या मित्तल, डीएम



खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिसकर्मी • जागरण

## खलीलाबाद रेलवे स्टेशन में पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास

- रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर काफी संख्या में पुलिस कर्मी रहे तैनात
- रेलवे स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म के अलावा परिसर का किया निरीक्षण
- स्टेशन परिसर की कंट्रोल रूम के सीसी कैमरे से की जा रही निगरानी

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: केंद्र सरकार के "अग्निपथ योजना" को लेकर विभिन्न प्रांतों व जनपदों में हो रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर जनपद की पुलिस सतर्क है। खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर रविवार को पहुंची पुलिस ने पूर्वाभ्यास किया। इस रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर काफी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात रहे। प्रत्येक प्लेटफार्म के अलावा परिसर का निरीक्षण किया गया। इस रेलवे स्टेशन के परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के जरिए कंट्रोल रूम से की जा रही है।

धनघटा के सीओ रामप्रकाश व पुलिस लाइन के सीओ राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षणाधीन सीओ दीपांशी राठौर, कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद, निरीक्षक अपराध दीपक दुबे आदि के साथ रविवार को रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) व जीआरपी के साथ रेलवे स्टेशन खलीलाबाद में टीम पहुंची। किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास (माक ड्रिल) किया गया। इस रेलवे स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म के अलावा परिसर का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जीआरपी एवं आरपीएफ के अधिकारियों से वार्ता की गई। पूरे स्टेशन परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के जरिए कंट्रोल रूम से की जा रही है। "अग्निपथ योजना" को लेकर विभिन्न प्रांतों व जनपदों में हो रहे विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए जनपद के सभी महत्वपूर्ण स्थानों व प्रतिष्ठानों, प्रत्येक चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात हैं। एसपी सोनम कुमार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अराजकतत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि कोई छात्र या उनका कोई समूह उनसे अथवा किसी अन्य अधिकारी से मिलकर अपनी बात कहना चाहता है तो उनकी बातें-सुनी जाएंगी।

CH. CHARAN SINGH

# चोरी की दो मोटरसाइकिल और एक चाकू के साथ तीन गिरफ्तार

**जासं, संतकबीर नगर:** महुली पुलिस ने रविवार को चोरी की दो मोटरसाइकिल और एक चाकू के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद इन्हें जेल भेज दिया। महुली थाना के कलेन हरदो गांव निवासी घरभरन पुत्र स्वर्गीय पूर्णमासी के घर में 17 जून 2022 की रात करीब 11.30 बजे इसी थाना के धौरेपार-बढ़या गांव निवासी विशाल पुत्र विजयी, विवेक पुत्र रामकेश व दुर्गेश पुत्र रामप्रसाद घुस गए थे। घर के लोगों के जागने पर ये तीनों लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे लेकिन इसी थाने के काली जगदीशपुर निवासी इनका एक साथी अजय कुमार चौहान पुत्र अंबिका को लोगों ने घेर कर पकड़ लिया था। इनके पास से दो एंड्रायड मोबाइल व एक मोटर साइकिल बरामद हुई थी। पुलिस मुकदमा दर्ज करके विशाल, विवेक व दुर्गेश की गिरफ्तारी में जुटी थी। सूचना मिलने पर दबिश डालकर इन्हें गांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दुष्कर्म के आरोपित युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**जासं, संतकबीर नगर**: दुधारा पुलिस ने रविवार को दुष्कर्म के आरोपित युवक कोतवाली खलीलाबाद के जूरी गांव निवासी महफूज अहमद पुत्र मशूद अहमद को सीएचसी सेमरियावां के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। एक गांव की पीड़ित महिला ने दुधारा थाना में दी गई तहरीर में यह उल्लेख किया है कि आरोपित महफूज अहमद ने उसके साथ कुछ दिन पूर्व जबरन दुष्कर्म किया था। पुलिस आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। थानाध्यक्ष-दुधारा सर्वेश राय ने यह जानकारी दी है।

# खलीलाबाद रेलवे स्टेशन में पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास

- रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर काफी संख्या में पुलिस कर्मी रहे तैनात
- रेलवे स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म के अलावा परिसर का किया निरीक्षण
- स्टेशन परिसर की कंट्रोल रूम के सीसी कैमरे से की जा रही निगरानी

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर**: केंद्र सरकार के "अग्निपथ योजना" को लेकर विभिन्न प्रांतों व जनपदों में हो रहे विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर जनपद की पुलिस सतर्क है। खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर रविवार को पहुंची पुलिस ने पूर्वाभ्यास किया। इस रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर काफी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात रहे। प्रत्येक प्लेटफार्म के अलावा परिसर का निरीक्षण किया गया। इस रेलवे स्टेशन के परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के जरिए कंट्रोल रूम से की जा रही है।

धनघटा के सीओ रामप्रकाश व पुलिस लाइन के सीओ राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षणाधीन सीओ दीपांशी राठौर, कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद, निरीक्षक अपराध दीपक दूबे आदि के साथ रविवार को रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) व जीआरपी के साथ रेलवे स्टेशन खलीलाबाद में टीम पहुंची। किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास (माक ड्रिल) किया गया। इस रेलवे स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म के अलावा परिसर का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जीआरपी एवं आरपीएफ के अधिकारियों से वार्ता की गई। पूरे स्टेशन परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के जरिए कंट्रोल रूम से की जा रही है। "अग्निपथ योजना" को लेकर विभिन्न प्रांतों व जनपदों में हो रहे विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए जनपद के सभी महत्वपूर्ण स्थानों व प्रतिष्ठानों, प्रत्येक चौराहों पर पुलिस कर्मी तैनात हैं। एसपी सोनम कुमार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अराजकतत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि कोई छात्र या उनका कोई समूह उनसे अथवा किसी अन्य अधिकारी से मिलकर अपनी बात कहना चाहता है तो उनकी बातें सुनी जाएंगी।

# घायल मां-बेटा को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर रविवार को कोतवाली खलीलाबाद के गरथवलिया गांव में पहुंचे। विवाद के बाद हुए मारपीट में घायल हुए इस गांव की महिला शांति पत्नी नौरंगी व इनके बेटे रानू प्रसाद को तुरंत उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल में दाखिल कराया। (जासं)

# तीन चोर गिरफ्तार भेजे गए जेल

**धनघटा।** महुली पुलिस ने रविवार को अलीनगर कठनईया पुल से तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। इसमें से एक के पास से एक चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया।

एसओ रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक रमजान अली अंसारी, उपनिरीक्षक लाल बिहारी निषाद, कांस्टेबल शरद कुमार राय, कांस्टेबल प्रशांत त्रिपाठी और कांस्टेबल संजय प्रसाद ने रविवार को अलीनगर कठनईया पुल से कालीजगदीशपुर के मोहरैया पुरवा निवासी विवेक, धवरेपार बढ़या गांव निवासी विशाल और दुर्गेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार विशाल के पास से एक चाकू बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि चोरों के पास से दो बाइक भी बरामद की गई हैं। सभी को जेल भेज दिया गया। संवाद

# चेकिंग अभियान में 38 वाहन स्वामियों से 28,500 रुपये की राजस्व वसूली

**संतकबीरनगर।** रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान 38 वाहनों के कागजात में कमी मिलने पर 28,500 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल, बखिरा, धर्मसिंहवा, बेलहर, दुधारा, धनघटा और महुली थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 38 वाहनों के कागजात में कमी मिलने पर वाहन स्वामियों से 28,500 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी ने बताया कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाएं। संवाद

# चोर गिरफ्तार, सामान बरामद किया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के बरदहिया बाजार में शनिवार की रात हुई चोरी को कोतवाली पुलिस ने रविवार को पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।

कोतवाल विजयनारायण प्रसाद ने बताया कि बरदहिया बाजार के पोस्ट ऑफिस के बगल में शनिवार की रात चोरों ने सनोज गौड के मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

चोर सनोंज गौड़ के घर से मोबाइल, मंगलसूत्र समेत अन्य सामान उठा ले गए थे। चोरी के अनावरंण के लिए बरदहिया चौकी इंजार्ज विरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। रविवार को दोपहर में मुखबिर की सूचना पर बरदहिया बाजार स्थित मस्जिद के पास से मोहम्मद वकील पुत्र मुहम्मद नसीम निवासी बहृदहिया बाजार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी का एक मोबाइल, एक मंगलसूत्र, एक झुमका, एक कील, एक जोड़ी पायल बरामद हुई।

पूछताछ में मोहम्मद वकील ने बताया कि उसने मोबाइल व जेवरात शनिवार की रात में बरदहिया बाजार स्थित पोस्ट ऑफिस के बगल में बने मकान की आलमारी का ताला तोड़कर चुराया था। जेवरात को बेचने के लिए बाजार जा रहा था कि पकड़ लिया गया। कोतवाल ने बताया कि आरोपी मोहम्मद वकील को जेल भेज दिया गया।

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

# लूट के सहयोगी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इटियाथोक। इटियाथोक पुलिस ने लूट के सहयोगी व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि रमन सोनी निवासी कंधरातेजी लूट से संबंधित वांछित को मदद देने में पकड़ लिया गया है।

# शान्ति भंग में बीस लोगों पर कार्रवाई की गई

खोड़ारे। क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में बढ़े तनाव को लेकर पुलिस ने 20 लोगों पर शांतिभंग की कारवाई की है। रविवार को घारीघाट के असनहरा में दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लिया और शांतिभंग की कार्रवाई की। थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि तनाव बढ़ते देख कार्रवाई की गई है।

# 28 पाउच देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

खोड़ारे। पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मरैला नहर पुलिया से दो सौ एमएल की 28 पाउच अवैध देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पन्नू पुत्र स्व. रामदुलारे निवासी नरहरपुर गोबिनापुर थाना खोड़ारे के रूप में हुई है। एसओ सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

# तमंचे के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया

करनैलगंज। पुलिस ने तमंचे के साथ फकीरपुरवा भोंका निवासी मोहर्रम अली उर्फ मल्ही पुत्र निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। जामातलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 12 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उपनिरीक्षक नीरज सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# हादसे से बची शव ले जा रही बस

धानेपुर। बगुलही-मोतीगंज मार्ग से शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए जा रही बस बाल-बाल बच गई। शव के साथ में कुछ लोग बस के ऊपर सवार थे, बाकी अंदर बैठे हुए थे। सीरबनकट गांव के पास पहुंचने पर लटक रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आता, तभी भ्रमण पर निकले धानेपुर थाने के हेड कांस्टेबल अशोक कुमार यादव, दयानंद यादव व चेतन पांडेय मौके पर पहुंच गए। आवाज देकर बस को रुकवाया और लोगों को उतारकर बिजली कटवाने के बाद तार के नीचे से बस पार कराया। इससे बड़ी दुर्घटना टल गई। एसओ ने कार्य को सराहा।

# गायब हुआ बालक बरामद किया

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगवा निवासी रमेश डुमरियाडीह चौराहे पर भुट्टे की दुकान करता था। शुक्रवार को भुट्टे की दुकान पर अपने बेटे को बैठाकर भुट्टे का खरीदारी करने चला गया था। वापस आया देखा कि उसका बेटा गायब है। पीड़ित पिता ने डुमरियाडीह कस्बे पर घुमंतू दो महिलाओं द्वारा उसका बेटा गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में तहरीर दी थी। चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह ने डुमरियाडीह के निकट एक चौराहे से 24 घंटे के भीतर बच्चे को बरामद कर लिया और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# अवैध शराब बनाने वाले को दबोचा

वजीरगंज। डुमरियाडीह चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पेडराही के नटपुरवा निवासी नन्हकने उर्फ राजकुमार को अवैध शराब बनाते हुए पुलिस ने दबोच लिया।

चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि शौचालय के बगल विश्राम के बाग में अवैध शराब बनाई जा रही है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शराब बनाने वाले उपकरणों के साथ आरोपी गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि भट्ठी के पास एक टब, पाइप, नौसादगर, यूरिया व गैलन बरामद हुआ है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# मोतीगंज, कहोबा चौराहे पर आज से हटेगा अतिक्रमण

- लोक निर्माण विभाग की ओर से अतिक्रमण कार्यों को थमाई गई नोटिस
- अतिक्रमण हटाने के लिए सात जुलाई तक किया खाका तैयार

मनकापुर, संवाददाता। तहसील क्षेत्र के कई स्थानीय बाजारों में लोक निर्माण विभाग व पुलिस बल की मौजूदगी में नायब तहसीलदार के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। अभियान आगामी 7 जुलाई तक निर्धारित कर दिया गया है। इधर तब तक लोक निर्माण विभाग अतिक्रमण को चिन्हित व अतिक्रमण कारी को नोटिस देने का काम पूरा करेगा।

एसडीएम कीर्ति प्रकाश भारती ने बताया कि सोमवार 20 जून को मोतीगंज, कहोबा चौराहे पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा जिसके लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को पूरी टीम के साथ मौजूद रहने के आदेश जारी किए गए हैं। नायब तहसीलदार अतिक्रमण विरोधी अभियान का नेतृत्व करेंगे। इस बीच मोतीगंज और कहोबा चौराहे पर अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है। मंगलवार को अंधियारी बाजार में जबकि 27 जून को मसकनवा बाजार में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। एसडीएम कीर्ति प्रकाश भारती के अनुसार 28 जून को फुटहिया बाजार व चांदनी चौक में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलेगा।

# महिलाओं को किया जागरूक

आर्यनगर : कौड़िया बाजार में मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरक्षी प्रीती देवी व पीआरडी नीलम तिवारी ने कस्बे की महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। उनको हेल्प लाइन नंबर्स की जानकारी दी। आत्मरक्षा का तरीका बताया। (संसू)

# दबंगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

धानेपुर : ग्राम जानकीनगर निवासिनी सावित्री देवी ने मुकदमा किया है कि उनके खेत में लगे बोरिग में कुछ लोग जबरन अपना इंजन लगा रहे थे। मना करने पर उन्हें व उनके पुत्र मनीष तिवारी को मारा पीटा। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि अरविंद, रोहित तिवारी, राधेश्याम, विकास के विरूद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# अपहरण का मुकदमा

आर्यनगर : कौड़िया के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बालिका के अपहरण का अभियोग दर्ज कराया है । थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने कहा कि मामले की विवेचना पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह को सौंपी गई है। (संसू)

# तोड़फोड़ में प्रधान समेत दस पर मुकदमा

संसू, तरबगंज(गोंडा): जमीन विवाद में घर में तोड़फोड़ के मामले में प्रधान समेत दस के खिलाफ मुकदमा किया गया है। प्रधान ने चुनावी रंजिश में फंसाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौहानी गांव की नीलम का कहना है कि उनके घर के बगल पूर्व प्रधान ने समझौते के आधार पर उनकी जमीन में सड़क निर्माण करने के लिए खंड़जा लगवाया था। वर्तमान प्रधान अब रास्ते को और अधिक चौड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर विवाद चल रहा था। विरोध करने पर शनिवार की रात दबंगों ने घर पर धावा बोल कर दीवार तोड़ दिया। उसकी पिटाई भी की। इस मामले में प्रधान समेत दस के खिलाफ मुकदमा किया गया है। प्रधान दिग्विजय यादव का कहना है कि प्रधानी के विवाद में यह आरोप लगाया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम को पत्र लिखा गया है। इसको लेकर उन्हें फंसाया जा रहा है। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि मुकदमा किया गया है।

# बसों से अवैध वसूली करने में एक गिरफ्तार

संसू, गोंडा : बसों को रोककर अवैध वसूली करने के आरोप में एक को गिरफ्तार किया है। साथ ही अन्य मामलों में पुलिस ने पांच अन्य को पकड़ा है।

तरबगंज पुलिस से सुरेंद्र कुमार सिंह ने शिकायत की थी कि बसों को रोककर अवैध वसूली की जा रही है। इसकी जानकारी एसपी संतोष कुमार मिश्र को दी गई। इसके बाद पुलिस को आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया गया। पुलिस ने वजीरगंज के दुर्जनपुर निवासी पदमाकर सिंह को अवैध वसूली के आरोप में तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। कर्नलगंज पुलिस ने फकीरपुरवा के मोहर्रम अली को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। अपहरण के आरोप में कटरा बाजार पुलिस ने शाहजोत निवासी अजय सिंह को पकड़ा है। साथ ही अवैध शराब के मामले में तीन अन्य को गिरफ्तार किया गया है।

**दो युवतियां हुई लापता: वजीरगंज:** एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि उसकी बेटी को आरोपित बहला फुसलाकर भगा ले गया है। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चल रहा है। उधर पीड़िता की मां ने कहा कि उसकी बेटी मानसिक रूप से बीमार है।

# निकाह करने के बाद ससुराल न ले जाने पर दूल्हा समेत आठ नामजद

- एसपी के आदेश पर धानेपुर में दर्ज हुआ मुकदमा

संवादसूत्र, धानेपुर (गोंडा) : निकाह करने के बाद ससुराल न ले जाने के मामले में एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर दूल्हा समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक गांव निवासिनी युवती ने दी गई तहरीर में कहा कि एक व्यक्ति शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब उसने निकाह करने के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने निकाह कर ससुराल विदा कराकर नहीं ले गया।

आरोपित निकाह के बाद सऊदी चला गया। कई वर्षों बाद घर आया तो ससुराल ले जाने की बात कहने पर आरोपित नाराज हो गया। आरोपित व उसके स्वजन ने तलाक देने की बात कही। विरोध करने पर आरोपित के भाई अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई की। ननद, सास ने धमकी दी कि विदा कराकर लाए तो जलाकर मार दूंगी। एक माह तक मुकदमा करने के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगाती रही। पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद थाने में मुकदमा किया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपित मुहम्मद मुकीम, मुहम्मद मोइन, इमरान, हनीफ, सास हंसारी, ननद सन्नो बानो व नगमा के विरूद्ध मुकदमा किया गया है।

# सरकारी जमीनों पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने के लिए चलेगा अभियान

संसू, मनकापुर (गोंडा) : सरकारी जमीनों पर हुए अवैध कब्जे हटवाने के लिए तहसील प्रशासन,लोक निर्माण विभाग व पुलिस बल के साथ मिलकर अभियान चलाएगा। इसके लिए सात जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। इस दौरान लोक निर्माण विभाग अतिक्रमण स्थल को चिह्नित कर ऐसे लोगों को नोटिस जारी करेगा। ताकि वह अपना कब्जा स्वयं हटा लें।

उप जिलाधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती ने कहा कि 20 जून को मोतीगंज व कहोबा कस्बा व चौराहों पर हुए अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को पूरी टीम के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान की अगुवाई नायब तहसीलदार करेंगे। मोतीगंज और कहोवा चौराहे पर अतिक्रमणकारियों को नोटिस दी जा चुकी है। 21 जून को अंधियारी बाजार व 27 जून को मसकनवा बाजार में अभियान चलाया जाएगा। 28 जून को फुटहिया बाजार व चांदनी चौक में अभियान चलेगा। जबकि चार जुलाई को खोड़ारे बाजार, बगदार बाजार, गिन्नी बाजार में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलेगा।

# आज से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**मनकापुर (गोंडा)।** तहसील क्षेत्र के कई बाजारों में लोक निर्माण विभाग व पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। एसडीएम कीर्तिप्रकाश भारती ने कहा कि 20 जून को मोतीगंज व कहोबा चौराहे पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। 21 जून को अंधियारी बाजार, 27 जून को मसकनवा बाजार में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। 28 जून को फुटहिया बाजार व चांदनी चौक में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। चार जुलाई को खोड़ारे बाजार, बगदर, गिन्नी नगर व सात जुलाई को गौरा चौकी कस्बे में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर सड़क की दोनों पटरियों को खाली कराया जाएगा। संवाद

# दबंग से परेशान ग्रामीणों ने भेजा पत्र

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर पूरेचांदखां के ग्रामीणों ने डीजीपी को पत्र भेजकर एक दबंग पर कार्रवाई की मांग की है। गांव के अकील खान, मंजूर खां, साजिद, जान मोहम्मद, महबूब, खलील, शहरबानो, जमाल खां, अब्दुल अजीज, नौशाद, दिलावार आदि का कहना है कि गांव की ही एक महिला के घर पर दबंग का आना-जाना है। महिला आरोपी के साथ लोगों को बेवजह परेशान करती रहती है। यही नहीं, इसी कारण से आए दिन विवाद हो जाता है। दबंग अपने बाहरी साथियों को बुलाकर मारपीट की जाती है। सभी ग्रामीण परेशान हैं। दस दिन पूर्व इन्हीं सब बातों को लेकर गांव के कुछ लड़कों से दबंग का झगड़ा हो गया था। पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की थी। ग्रामीणों ने बताया कि थाने पर कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने नवाबगंज पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है। संवाद

# रंगदारी मांगने पर मुकदमा, गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** दिल्ली जाने वाली बसों के चालकों से रंगदारी वसूलने वाले युवक के विरुद्ध बस मालिक ने मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वजीरगंज और तरबगंज थाने की सीमा पर स्थित दुर्जनपुर घाट पुल के पास अवैध स्टैंड बनाकर दिल्ली जाने वाली बसों से कई वर्षों से अवैध वसूली हो रही थी। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में उदवत नगर निवासी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि उनकी दो बसें दिल्ली के लिए चलती हैं। चार जून को वजीरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर घाट निवासी पद्माकर सिंह उर्फ बिक्कू ने अवैध रंगदारी मांगते हुए बसों को रुकवा लिया। पैसा न देने पर ड्राइवर और कंडक्टर से गाली-गलौज कर मारा पीटा। शनिवार को उच्चाधिकारियों की दखल के बाद तरबगंज थाने की पुलिस ने सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर पद्माकर उर्फ बिक्कू सिंह के विरुद्ध रंगदारी मांगने, मारपीट करने और धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत किया। थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने बताया कि आरोपी पद्माकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

# बालू अवैध खनन में ट्रैक्टर ट्राली सीज

ललिया। ललिया थाना की पुलिस ने बालू अवैध खनन कर रही एक ट्रैक्टर ट्राली को बरामद कर सीज करते हुए अभियुक्त चालक को जेल भेज दिया है।

थाना निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि कोतवाली देहात के मठहा कल्याणपुर गांव निवासी आरोपी राजेंद्र प्रसाद को बालू खनन कर टैक्ट्रर ट्राली से लाद कर ले जा रहे थे। मथुरा बाजार चौकी प्रभारी एसएन राय, हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश तिवारी, कांस्टेबल विजय कुमार पाण्डेय ने वाहन रोककर चालक से बालू से सम्बंधित कागजात मांगे, लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सका।

# मिट्टी खनन में लगी गाड़ी पकड़ी

गैसड़ी। क्षेत्र के बाधगढ़ पिपरी के पास मिट्टी खनन में लिप्त जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्राली का खनन संबंधित आदेश न दिख पाने पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि जिला खनन अधिकारी डा. अभय रंजन व नायब तहसीलदार शिवेन्द्र पटेल ने बिना नंबर जेसीबी, महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्राली चित्तौड़गढ़ जलाशय के पास पकड़ी गई है। जेसीबी चालक धर्मेंद्र, ट्रैक्टर चालक कागजात न दिख पाने पकड़ा गया है।

# जिले में 102 चोरी फोन बरामद

बलरामपुर। सर्विलांस सेल क्राइम ब्रांच पुलिस ने गुम हुए 102 अदद स्मार्टफोन को बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपा है। मोबाइल फोन की कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक ने सर्विलांस सेल क्राइम ब्रांच पुलिस को 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया है। जिनके फोन मिले वे लोग खुश हो गये।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पिछले चार महीने से लोगों के मोबाइल फोन खोने की सूचना लगातार मिल रही थी। मामला निस्तारण के लिए एडिशनल एएसपी नम्रता श्रीवास्तव व सीओ वरुण कुमार को लगाया गया था। सर्विलांस टीम व क्राइम ब्रांच के लोग मामले की निगरानी कर रहे थे। पुलिस ने 102 अदद स्मार्टफोन बरामद कर लिए थे। जिनकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए है। इन्हें इनके मालिकों को दे दिया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने शांति बनाए रखने की अपील की

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे आंदोलनों के संबंध में जनपदवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही समय-समय पर स्थानीय व राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सदैव संयम से अपनी बात रखकर गंगा-जमुनी तहजीब कायम रखने की सराहना की है।

एसपी ने कहा कि बलरामपुर जनपद आपसी सौहार्द की मिसाल रहा है। सभी जिलेवासी इसके लिए बधाई के पात्र हैं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हिंसक आंदोलन करने वालों के विरुद्ध शासन प्रशासन कड़ाई से निपट रहा है। मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे हैं। विशेष रूप नवयुवकों को हिंसक आंदोलन से दूर रहने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसे किसी प्रकरण में चिन्हित होने पर उन्हें सरकारी नौकरियों, पासपोर्ट व अन्य प्रमाण पत्र के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। यदि कोई अराजक तत्व शांतिभंग करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर की जाएगी।

# सुलह-समझौते से चार पारिवारिक मामले निस्तारित

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन हुआ। परामर्शदाताओं के प्रयास से चार पारिवारिक मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया।

परिवार परामर्श केंद्र पर सुनवाई के लिए कई पत्रावलियां प्रस्तुत हुईं। इसमें ललिया थाना के ठाकुर प्रसाद बनाम गीता देवी, शब्बीर अनाम आर्यन, महराजगंज तराई की रेनू बनाम सालिक राम व गौरा चौराहा की शाहीन बनाम अकरम के मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते से हुआ। मामलों के निस्तारण में मुख्य परामर्शदाता देवतादीन दुबे, महिला थाना प्रभारी निलोफर बानो, संजय पांडेय व महिला आरक्षी ज्योति का विशेष योगदान रहा।

# पहाड़ी नालों से चालू है अवैध बालू खनन, आंख मूंदे है प्रशासन

**संवादसूत्र, जरवा (बलरामपुर) :** क्षेत्र के पहाड़ी नालों से अवैध बालू खनन का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। धोबहा, नकटी, खबरी, सीरिया, बालापुर, रतनपुर व मदरहवा नालों से भोर व रात के अंधेरे में बैलगाड़ी व ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर धरती का सीना छलनी किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है खनन माफिया कोतवाली के सामने से बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली व डनलप लेकर निकलते हैं, लेकिन पुलिस उन पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है।

पहाड़ी नालों से अवैध बालू खनन कर गैंसड़ी, पचपेड़वा, तुलसीपुर, शिवपुरा, ललिया व हरैया बाजारों में ले जाकर महंगे दामों पर बेचा जाता है। एक ट्रैक्टर-ट्राली बालू करीब सात से नौ हजार रुपये तक बेचा जाता है। जीवतराम, बहादुर थापा, बिहारी ने बताया कि नाले से खनन के लिए एक व्यक्ति को एक डनलप पर 150 से 200 रुपये तक देना पड़ता है। हम लोग डनलप से बालू निकालकर गांव में बन रहे मकानों पर ले जाकर बेचकर अपना जीवन यापन करते हैं। पैसे कौन ले रहा है, इसकी जानकारी वह नहीं दे सके। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया ने बताया कि पहाड़ी नालों का निरीक्षण किया जाएगा। अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



जरवा क्षेत्र में धोबहा पहाड़ी नाले से बालू खनन कर डनलप से लेकर जाते लोग ● जागरण

# पुलिस ने बरामद किए चोरी के 102 मोबाइल फोन



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बरामद मोबाइल के साथ पुलिस टीम व जानकारी देते एसपी राजेश कुमार सक्सेना ● फोटो पुलिस मीडिया सेल

**संसू, बलरामपुर :** पुलिस की स्पेशल वेपंस एंड टैक्टिस व सर्विलांस टीम ने 102 स्मार्ट फोन बरामद कर लिए हैं। इनकी कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में बरामद स्मार्टफोन शिकायतकर्ताओं को सिपुर्द किए गए।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि मोबाइल चोरी व गुमशुदगी की शिकायतें बढ़ती जा रहीं थीं। संबंधित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में सर्विलांस सेल प्रभारी गुरुसेन सिह व स्वाट टीम प्रभारी श्याम लाल यादव ने गहनता से छानबीन करते हुए 102 स्मार्ट फोन बरामद कर लिए। इन स्मार्ट फोन की कीमत करीब 15 लाख रुपये है। एसपी ने बताया कि बरामदगी करने वाली टीम को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है। मोबाइल बरामदगी में सर्विलांस सेल के कांस्टेबल श्याम नारायण, अखिलेश कुमार, रोहित कुमार, शिवसागर, बिरजू कुमार, देवेंद्र सिंह व कांस्टेबल सुशील सिंह शामिल रहे।

# जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**संवादसूत्र, गैंसड़ी (बलरामपुर) :** क्षेत्र के बांधगढ़ पिपरी गांव के पास मिट्टी खनन में लिप्त जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्राली का खनन संबंधित आदेश न दिखा पाने पर कोतवाली में दाखिल कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि जिला खनन अधिकारी डा अभय रंजन व नायब तहसीलदार शिवेंद्र पटेल ने बिना नंबर जेसीबी, तीन घन मीटर मिट्टी लदी महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्राली चित्तौड़गढ़ जलाशय के पास पकड़ी है। पकड़े गए जेसीबी चालक धर्मेंद्र पुत्र तिलकराम निवासी लालपुर दर्जीनिया, ट्रैक्टर चालक श्यामू निवासी सुगानगर डुमरी खनन संबंधित कागजात नहीं दिखा सके। आवश्यक अभिलेख न मिलने पर खनन विभाग से जुर्माना किया जाएगा। वहीं पुलिस भी खनन माफिया के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाएगी।

# पिटाई से हुई थी युवक की मौत, चार पर हत्या का केस

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** नगर के पहलवारा मुहल्ला निवासी बिजली मिस्त्री 23 वर्षीय शिवम गुप्त को शुक्रवार की रात हरिहरगंज बाजार में कुछ लोगों ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पिटाई से उसकी मौत की पुष्टि होने पर देहात कोतवाली की पुलिस हरकत में आ गई है।

मृतक के पिता शिवकुमार गुप्त की तहरीर पर हरिहरगंज बाजार निवासी अनवर, रफीक, नफीस उर्फ काले व रामभवन उर्फ भवने यादव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

मृतक बिजली मिस्त्री का शुक्रवार की रात हरिहरगंज बाजार में कुछ लोगों से लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर चार लोगों पर बेटे को पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगाया था। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी।

रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की पिटाई किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद ही रविवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पूरे मामले में प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर चार अभियुक्तों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही अभियुक्त सलाखों के पीछे होंगे।

# महिला के साथ दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, ललिया (बलरामपुर) :** क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई महिला के साथ गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्त अशफाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

महिला शनिवार की शाम शौच के लिए गई थी। पहले से घात लगाए बैठे अशफाक ने उसे गन्ने के खेत में खींच लिया। महिला के साथ दुष्कर्म के बाद अशफाक फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गत दिनों ललिया थाने में दुष्कर्म के मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही थी। पुलिस अधीक्षक के सख्त तेवर के बाद मामलों की सुनवाई में तेजी आई है। पीड़ितों की रिपोर्ट भी जल्द दर्ज हो रही है और उस पर कार्रवाई भी की जा रही है।

# महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर देकर कराया शक्ति का बोध

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : मिशन शक्ति के तहत जिले के समस्त थानों में गठित एंटीरोमियो टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाया। महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए शक्ति का अहसास कराया।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में कोतवाली नगर, देहात, जरवा, रेहराबाजार की पुलिस ने मिशन शक्ति जागरुकता अभियान चलाया। एएसपी ने कहा कि महिलाएं व छात्राएं अपने साथ हो रहे किसी भी अपराध की जानकारी पुलिस को दें। उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इसलिए चुप्पी तोड़ते हुए विपरीत परिस्थितियों में पुलिस की सहायता लें।

महिला पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावरलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 व थानों पर स्थापित महिला हेल्पडेस्क के बारे में जानकारी दी।

# नगर पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण की जगाई अलख

**संसू, बलरामपुर :** अपने नित नए प्रयोगों को लेकर सुर्खियों में रहने वाली पुलिस कानून के साथ ही पर्यावरण की भी रखवाली में जुट गई है। नगर कोतवाली पुलिस ने परिसर में नीम व पीपल के पौधे रोपित कर ट्री-गार्ड से संरक्षित किया। आम जनमानस को पौधारोपण के प्रति जागरूक करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने कोतवाली परिसर में पौधारोपण व श्रमदान किया। समूचे परिसर में नीम व पीपल के पौधे रोपित किए गए। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पेड़ों को संरक्षित करने के लिए नियमित पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। वृक्ष पर्यावरण को प्रदूषण से दूर रखने में महती भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी को पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग करना चाहिए। क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्र ने कहा कि नगर कोतवाल की यह पहल सराहनीय है। सभी थानों के प्रभारी निरीक्षकों को इससे प्रेरणा लेकर पौधारोपण अभियान चलाना चाहिए। इससे थानों पर अपनी शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को भी पर्यावरण संतुलन में पेड़-पौधों के महत्व का बोध हो सकेगा।

# चार के खिलाफ हत्या का केस

बलरामपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज बाजार में शुक्रवार रात युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। ये कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पिटाई से मौत की पुष्टि के बाद की गई है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। नगर के पहलवारा निवासी बिजली मिस्त्री शिवम (23) को शुक्रवार रात हरिहरगंज बाजार में कुछ लोगों ने लेनदेन के विवाद में पीट-पीटकर मार डाला था। शिवम के पिता ने चार के खिलाफ तहरीर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पिटाई से मौत की पुष्टि हुई। संवाद

# कच्ची शराब के साथ दो को दबोचा

**बलरामपुर।** 32 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ जरवा कोतवाली की पुलिस ने दो अभियुक्तों को धर दबोचा है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जरवा कोतवाली पवन कुमार कनौजिया ने रविवार को बताया कि टीम ने लोहती मोड़ के पास से लौकी खुर्द निवासी डॉक्टर सोनी के पास 15 लीटर और दिलीप कुमार के पास से 17 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है। कच्ची शराब को नष्ट कर दिया गया है। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एएसपी राजेश कुमार सक्सेना, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व सीओ कुंवर प्रभात सिंह ने जरवा कोतवाली के पुलिस की सराहना की है। संवाद

# गांव में चौपाल में लगा जागरूक किया

**बलरामपुर।** नेपाल सीमा पर स्थित बघेलखंड गांव में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत चौपाल लगाई गई। ग्रामीणों को बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम सैजी कुरीतियों के दूर करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान मानव तस्करी पर रोकथाम के लिए सहयोग की अपील की गई। थाना एएचटीयू प्रभारी एसआई ममता सिंह यादव ने कहा कि मानव तस्करी के साथ बाल भिक्षावृति, बालश्रम व बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। पांच थानों से सटे गांवों में जागरुकता कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। बघेलखंड गांव के चौपाल में आने वाले सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की गई। संवाद

# हड्डी रोग विशेषज्ञ के खिलाफ जांच कमेटी गठित

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला चिकित्सालय के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एनके वाजपेई द्वारा कंधे की जगह हथेली का आपरेशन करने के मामले में जांच कमेटी गठित की गई है। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पीड़ित के परिजनों की शिकायत और समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए डीएम श्रुति ने जांच का निर्देश दिया था। इस पर जांच टीम गठित की गई है। इसमें सीएमओ, जिला संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. प्रवीण, जिला मेमोरियल अस्पताल के सीएमएस डॉ. अशोक कुमार व रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद यादव को शामिल किया गया है। संवाद

# गुम हुए मोबाइल पाकर खिले 102 लोगों के चेहरे



बरामद मोबाइल का खुलासा करते एसपी राजेश कुमार।

**बलरामपुर।** जिले के 102 लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन सर्विलांस सेल ने ढूंढ निकाले हैं। रविवार को एसपी ने अपने कार्यालय में इन लोगों को बुलाकर मोबाइल फोन दिए तो सभी के चेहरा खुशी से खिल गया। सर्विलांस सेल व स्वाट टीम की इस सफलता पर एसपी ने 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने रविवार को अपने कार्यालय के सभागार में बताया कि लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए सर्विलांस सेल को निर्देश दिया था। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण व सीओ सिटी वरुण मिश्र के मार्गदर्शन में सर्विलांस सेल प्रभारी गुरसेन सिंह व स्वाट टीम प्रभारी श्यामलाल यादव की टीम ने 102 लोगों के मोबाइल फोन बरामद कर लिए। इनकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है। रविवार को एसपी कार्यालय में इन सभी 102 लोगों को बुलाकर उनके मोबाइल फोन दे दिए गये। अपने मोबाइल पाकर लोगों का चेहरा खुशी से खिल गया। एसपी ने सर्विलांस व स्वाट टीम के पुलिसकर्मियों को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-06-2022

# धर्मान्तरण पर भड़के लोग, तीन को हिरासत में लिया

## विरोध

- पुलिस ने मौके पर दी दबिश, एक दिव्यांग के घर में लगी थी भीड़
- ईसाई धर्म की प्रार्थना का हो रहा था आयोजन

**बहराइच, टीम।** जरवलरोड के तप्पे सिपाह गांव में धर्मान्तरण की सूचना पर लोगों में उबाल आ गया। नाराज लोगों ने थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की। इससे प्रशासनिक मशीनरी में हड़कंप मच गया। धन के प्रलोभन के जरिए हिन्दू से ईसाई में धर्मान्तरण की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक टीम ने तप्पे सिपाह में दबिश देकर तीन लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

जरवल / जरवलरोड संवाद के अनुसार धर्मान्तरण की शिकायत पर चिन्हित गांवों में नायब तहसीलदार कैसरगंज विजय कुमार शुक्ला व एसएसआई रामदेव यादव ने पुलिस टीम के साथ मौके पर जांच के लिए पहुंचे, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। एक घर में ईसाई प्रार्थना सभा चल रही थी। जिसमें दर्जन भर से अधिक लोग मौजूद थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर केवल चर्च में प्रार्थना सभा लगाने को कहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक अटवां, तपेसिपाह व आदमपुर में पांच दर्जन से अधिक लोगों ने धर्मान्तरण किया है। ग्राम प्रधान उमेश कुमार गुप्ता जंगी ने बताया है कि ग्राम पंचायत में किसी भी प्रकार की प्रार्थना सभा से माहौल बिगड़ सकता है।

नायब तहसीलदार कैसरगंज विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि घर में प्रार्थना तो की जा सकती है, किन्तु धर्म परिवर्तन नहीं कराया जा सकता। इससे माहौल खराब हो सकता है, सामूहिक प्रार्थना सभा की जगह चर्च होती है। यदि धन या अन्य प्रलोभन के जरिए धर्मान्तरण किया गया है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



जरवलरोड के तप्पे सिपाह में पुलिस एक घर की तहकीकात करती पुलिस।

> "तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाने पर लाया गया है। दरगाह के जेठ मेला सुरक्षा ड्यूटी में होने की वजह से मौजूद वरिष्ठ उपनिरीक्षक को तहकीकात करने को कहा गया है।
>
> **राजेश कुमार सिंह,** एसएचओ, जरवलरोड

# महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। मोतीपुर थाने की पुलिस ने दलित महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

मोतीपुर एसएचओ मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि 21 मई को एक गांव निवासी दलित महिला से जोगनिया गांव निवासी युवक नीलू यादव ने छेड़छाड़ की थी। महिला के विरोध करने पर उससे गाली गलौज और मारपीट की गई। लोगों के आ जाने पर हमलावर फरार हो गया था। इसको लेकर परिवारीजन काफी परेशान थे।

तभी से उसका कोई सुराग नहीं लग रहा था। शनिवार शाम दरोगा आफाक खां, सिपाही आशुतोष कुमार, अभिषेक कुमार ने जोगनिया गांव के बाहर दबिश देकर नीलू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# रेलवे स्टेशनों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

## मुस्तैदी

**बहराइच, संवाददाता।** शहर स्थित रेलवे स्टेशन के साथ ही जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस की गई है।

शहर के रेलवे स्टेशन पर रविवार को भारी सुरक्षा बल को देखकर यात्रियों में किसी अनहोनी की आशंका हुई। बाद में यात्रियों को जानकारी हुई कि सेना के अग्नि पथ को लेकर हो रहे विरोध के मद्देनजर एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।

देश के विभिन्न राज्यों व प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अग्नि पथ के विरोध में प्रदर्शन के चलते रेल पर हमले हुए है। इसी के मद्देनजर एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। आरपीएफ स्टेशन इंचार्ज ने बताया कि शहर में स्थित सामान्य है। वह ड्यूटी पर बाहर है। देर रात तक शहर पहुंचेगे।



बहराइच रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद सुरक्षा बल।

# दोहरे हत्याकांड से गायब 5वें दिन घायल डागी मिली

बहराइच, संवाददाता। बहादुर पुरवा गांव में छह दिन पूर्व मुर्गीफार्म पर अब्दुल गनी व उनकी पत्नी चुनमुनियां की नृशंस हत्या कर दी गई थी। पुलिस अभी भी इस मामले में खाली हाथ है। ग्रामीणों ने तालाब के पास लावारिस हालत में शनिवार दोपहर में एक जोड़ी चप्पल पाई है, जो पुलिस के हवाले की गई है। यही नहीं शनिवार की शाम मृतक दम्पति की पालतू डागी घायल हालत में तालाब के विपरीत दिशा में गंभीर घायल हालत में मिली है, जिसे गांव ले आया गया है।

देहात कोतवाली के बहादुर पुरवा गांव से लगभग 500 मीटर दूर मुर्गी फार्म व आटा चक्की पर 14 जून की सुबह 65 वर्षीय अब्दुल गनी व उनकी 62 वर्षीय पत्नी चुनमुनियां की चारपाई पर क्षत- विक्षत लाशें मिली थीं। इस मामले में बेटे अशरफ ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की धारा में केस दर्ज कराया था। वारदात के बाद तहकीकात में मृतक अब्दुल गनी का मोबाइल कपड़े में मिला था। शायद किसी का भी ध्यान मृतक की पालतू डागी की ओर नहीं गया, जो मुर्गी फार्म से लापता थी।

## पश्चिम दिशा में गन्ने के खेत में मिली घायल डागी

बहराइच। घटनास्थल के पश्चिम दिशा में बहादुर पुरवा व सरदारपुरवा के बीच विद्यालय के समीप शनिवार शाम गन्ने के खेत में गंभीर रूप से घायल डागी मिली। जिसके चलते लोग चौंक उठे। दोहरे हत्याकांड के बाद डागी के गायब होने की दिशा में किसी का ध्यान ही नहीं था। डागी पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। जिससे वह गंभीर रूप से पेट पीठ पर घायल है।

# तीन तस्कर गिरफ्तार 40 ग्राम स्मैक बरामद

संसू, मुर्तिहा/मिहींपुरवा (बहराइच) : पुलिस ने तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से 40 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पकड़े गए तस्कर मोतीपुर इलाके के रहने वाले हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह को सूचना मिली कि कुछ तस्कर स्मैक लेकर कहीं जाने वाले हैं। एसओ ने पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ बस्थनवा मार्ग पर घेराबंदी की। इस दौरान घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। आरोपितों की पहचान अचकवा निवासी चांदबाबू, राजबाबू व बस्थनवा निवासी इमरान के रूप में हुई। आरोपितों के खिलाफ मादक द्रव्य पदार्थ तस्करी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई विपिन कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी जान मुहम्मद, आरक्षी मुकेश कुमार मौर्य, एसएसबी के अशोक कुमार शामिल रहे।



सेमरियावा में डा. भीमराव आंबेडकर के नाम से पड़ी भूमि पर बने मकान ● जागरण

# सेमरियावा में अंबेडकर पार्क की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**संसू, खुटेहना (बहराइच) :** सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार अभियान चला रही है। पयागपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरियावा में अंबेडकर पार्क तथा चारागाह की जमीन पर दबंगों का कब्जा है। दबंगों ने जमीन पर मकान तक बना लिया है।

गांव निवासी धर्मराज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर संबंधित विभाग को शिकायती पत्र भेजा, लेकिन इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया कि गांव में डा. भीमराव अंबेडकर पार्क तथा चारागाह के लिए पड़ी भूमि पर गांव के दबंगों ने पक्का आवास बना लिया है।

शिकायत के बावजूद लेखपाल ने मनमाी रिपोर्ट विभाग को प्रेषित कर कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी। उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने बताया मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# मिलावटी शराब बनाने का भंडाफोड़, दो दबोचे

**जासं, बहराइच :** पुलिस व आबकारी विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। मिलावटी शराब बनाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर 180 लीटर मिलावटी शराब बरामद किया। शराब बनाने के लिए धधक रही पांच भट्ठियों को नष्ट कराया। जमीन में छिपाकर रखी गई 700 लीटर लहन को बरामद कर नष्ट किया गया। पकड़े गए आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा गया।

जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि शनिवार देर शाम छापामारी की गई। इस दौरान करनईडीह में नदी के बीच में उगी झाड़ियों के बीच मिलावटी शराब बनाने का भंडाफोड़ हुआ। 120 लीटर तैयार मिलावटी शराब बरामद की गई। खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के बौंडी के पास गन्ने खेत में मिलावटी शराब बनाने का भंडाफोड़ किया गया। मौके से परशुराम उर्फ कनौजी निवासी बौंडी को गिरफ्तार किया गया।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बगल में संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड पर खड़ी गाड़ियां ● जागरण

# एसपी कार्यालय के बगल में ही चल रहा वाहन स्टैंड, अफसर बेखबर

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** शासन ने अवैध वाहन स्टैंड के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कुछ दिन तो पुलिस व प्रशासन ने रस्म अदायगी भी की। वाहन स्टैंड संचालक पर सीएम के निर्देशों का कोई फर्क नहीं पड़ा। एसपी कार्यालय के बगल चल रहा अवैध वाहन स्टैंड इस बात का गवाह भी है।

अवैध वाहन स्टैंड को हटाने के साथ संचालकों पर शिकंजा कसने की समयसीमा दो सप्ताह पूर्व समाप्त हो गई। इसके बावजूद अवैध वाहन स्टैंड दिन-प्रतिदिन फल-फूल रहे हैं। मुख्य सड़क से वाहनों को हटाकर इधर-उधर गलियों से संचालित किया जा रहा है। स्टैंड संचालकों के बेखौफ होने का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उन्होंने एसपी केशव कुमार चौधरी के कार्यालय के बगल ही अवैध वाहन स्टैंड का संचालन शुरू करा दिया। दो दिन पहले यहां सवारियों को बैठाने को लेकर दो गुटों में मारपीट भी हुई थी, लेकिन घटना की भनक किसी को नहीं लगी।

> मैं अवकाश पर हूं। शशिकांत कौल वहां यातायात व्यवस्था को देख रहे हैं। जल्द ही कार्रवाई कर स्टैंड को हटवाया जाएगा।
>
> – **अनेंद्र यादव**, यातायात प्रभारी

यहां से चंद कदम पर डीएम कार्यालय, नगर कोतवाली, पुलिस क्लब होने के बाद भी इस पर शिकंजा क्यों नहीं कसा गया? यह बात सवालों के घेरे में है।

# 117 लीटर अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## आबकारी महकमे ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान
## चार मुकदमे पंजीकृत

**बहराइच।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर रविवार को विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ एक साथ अभियान चलाया। अभियान के तहत विभाग की टीम ने 117 लीटर तैयार अवैध शराब व काफी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण बरामद कर दो धधकती हुई भट्ठी व सात क्विंटल लहन को मौके नष्ट कर दिया। टीम ने मामले में एक अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार कर थानों पर चार मुकदमे पंजीकृत कराये हैं।



जरवलरोड क्षेत्र में छापे के दौरान बरामद अवैध शराब। -संवाद

जिले के कैसरगंज, नानपारा व महसी तहसील के विभिन्न गांवों में तैयार हो रही अवैध कच्ची शराब की रोकथाम को लेकर आबकारी आयुक्त ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत डीएम ने जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया को विभाग की टीम गठित कर जिले में एक साथ छापा मारकर शराब माफिया पर शिकंजा कसने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश के बाद रविवार को विभाग की टीम ने आबकारी निरीक्षकों व स्थानीय पुलिस अधिकारियों की अगुवाई में तहसील क्षेत्र स्थित थाना जरवलरोड, हरदी, मोतीपुर के अंतर्गत ग्राम करनईडीह, भरथा, खनेहटा, पासियनपुरवा, फत्तेपुरवा, परवानी गौढ़ी व नैनिहा में औचक कार्रवाई की। विभाग की टीम ने पूरे गांव को खंगालना शुरू किया।

इस दौरान टीम को करनईडीह में नदी के किनारे झाड़ियों के बीच दो धधकती हुई भट्टी, शराब बनाने के उपकरण के साथ काफी मात्रा में लहन मिली। टीम ने झाड़ियों की कांबिंग कर 117 लीटर तैयार अवैध शराब को मौके पर बरामद किया। टीम ने लहन का तौल करते हुए सात सौ किलोग्राम लहन व दोनों धधकती हुई भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। टीम ने बरामद अवैध शराब को सीज करते हुए मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

डीईओ लवानिया ने बताया कि शासन व प्रशासन के निर्देश पर अवैध शराब के विक्रेताओं को चिह्नित कराने के लिए मुखबिरों को लगाया गया था। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर विभाग व स्थानीय थानों की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा। जिसके बाद एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। काफी मात्रा में अवैध शराब, लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। थानों पर चार मुकदमों को पंजीकृत कराया गया है। शेष अभियुक्तों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए शीघ्र जेल भेजा जाएगा।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-06-2022

# विवाद में महिलाओं के बीच हाथापाई

**जमुनहा (श्रावस्ती)**। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कथरामाफी निवासिनी जाकरून (32) का अपनी जेठानी हशरून निशा (40) से मामूली कहासुनी हो गई। जिसको लेकर दोनों में हाथापाई हुई। जिसमें दोनों महिलाओं को चोट आई। सूचना के बाद मल्हीपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

# अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी

**श्रावस्ती**। आबकारी विभाग की ओर से अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। टीम अलग अलग गांवों में छापेमारी की अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम मे रविवार को आबकारी निरीक्षक अब्दुल क़ैस की टीम की ओर से भिनगा कोतवाली के लोनियन पुरवा, मछरिहवा, खाले ककरा गांव में दबिश देकर प्लास्टिक की पिपियों व प्लास्टिक की बोतलों में 24 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया।

# 20 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती**। श्रावस्ती। अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से सभी थाना प्रभरियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते पुलिस की ओर से अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार शाम को सिरसिया थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी।

# पुलिस ने पिकअप पर लदा पांच बोटा साखू पकड़ा

श्रावस्ती। जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रविवार को साखू की लकड़ी लादकर जा रही एक पिकप को पकड़ लिया। बरामद लकड़ी को जब्त कर पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया। साथ ही एक व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया। रविवार को सिरसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

# 37 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।पुलिस ने आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 37 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर 48 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

# माफिया चीर रहे धरती का सीना



संग्राम गंज के पास अवैध खनन कर ट्रैक्टर-ट्राली से ढोई जा रही मिट्टी • जागरण

**संसू, सिरसिया( श्रावस्ती)** : प्रशासन भले ही अवैध बालू व मिट्टी खनन पर रोक लगाने का दावा कर रहा हो, लेकिन यहां ठीक इसके विपरीत खनन माफिया खुलेआम अवैध खनन कर धरती का सीन चीर रहे हैं। लक्ष्मनपुर क्षेत्र में अवैध खनन रोकना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। पूरे दिन सड़कों पर खनन की मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली दौड़ती रहती हैं।

भिनगा तहसील के लक्ष्मनपुर क्षेत्र के परसिया राजा, संग्रामगंज, पंडितपुरवा के पास अवैध मिट्टी खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खनन माफिया गढ़ी चौराहे के पास स्थित बाग में मिट्टी डंप करते हैं। यहीं से बिक्री करते हैं। मिट्टी ढोने के लिए छोटे-बड़े वाहनों का प्रयोग किया जाता है। बकवा नाले में बालू का भी अवैध खनन जोरों पर है। माफिया इस क्षेत्र में स्थित जंगली नालों व खेतों से अवैध खनन कर रहे हैं। रात हो या दिन सड़कों पर अवैध खनन के बालू व मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां फर्राटा भर रही हैं। अवैध खनन से राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन जिम्मेदारों के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। एसडीएम प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शांतिभंग में 11 पाबंद

**श्रावस्ती** : जिले की विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र के 11 व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायालय पर पेश किया गया।(वि.)

# 37 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : जिले की पुलिस की ओर से एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उलंघन करने पर पुलिस ने 37 वाहनों का ई-चालान किया।इस दौरान समन शुल्क के रूप में 48 हजार रुपए वसूले गए।(वि.)

# कच्ची शराब के साथ एक आरोपित गिरफ्तार

श्रावस्ती : सिरसिया पुलिस ने भरथा कला गांव निवासी अंगलू को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ घर दबोचा ।उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।आरोपी को बरामद शराब के साथ न्यायालय पर पेश किया गया।(वि.)

# पीड़ित की आवाज दबा रही भिनगा पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस शिकायतों पर एफआईआर न दर्ज करके अपराध का ग्राफ घटा रही है। यही कारण है कि एक माह पूर्व भिनगा में हुए वाहन चोरी का अब तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। जबकि पुलिस को पीड़ित ने सीसीटीवी सहित अन्य साक्ष्य भी दे दिए।

भिनगा नगर में बाइक व साइकिल चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। न्यायालय के आसपास से पीड़ितों के पलक झपकते ही उनकी साइकिल गायब हो जा रही है। ऐसे ही दिन हो या रात मोटर साइकिल गायब होना यहां आम बात है। यदि आंकड़ों पर गौर करें तो करीब 40 से अधिक बाइक भिनगा कोतवाली क्षेत्र से गायब हो चुकी हैं। लेकिन इन आंकड़ों के सापेक्ष भिनगा पुलिस के आंकड़े काफी कम हैं। इसका कारण है कि पुलिस वाहन चोरों की खोज करने के बजाए ऐसे मामलों को ही दबा देती है। ताकि कागजों में ऐसे मामले आए ही न।

ऐसा ही मामला भिनगा नगर के मोहल्ला केशव नगर में भी देखने को आया। एक ही रात केशव नगर मोहल्ले से दो बाइकें चोरी हो गईं। आरएसएस कार्यालय के बगल अशोक पाठक की बाइक गायब हुई तब उन्होंने एफआईआर के लिए कई दिन तक कोतवाली के चक्कर लगाये। तब जाकर उनके वाहन चोरी का मामला दर्ज हो सका। यहीं पर



## वाहन चोरी मामले में नहीं दर्ज की रिपोर्ट, सीसीटीवी साक्ष्य भी बेअसर

कुछ दूरी से बंधन बैंक के सामने बैंक के प्रबंधक अशोक यादव की मोटर साइकिल चोरी हो गई। चोरी का यह पूरा वाक्या उनके सीसीटीवी में कैद हो गया। इसकी लिखित शिकायत जब उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी तो पुलिस ने यह कहते हुए कि उनका शिकायती पत्र ले लिया, कि शिकायत दर्ज कर ली जाएगी। इसके बाद घटना स्थल पर पुलिस आई और सीसीटीवी कैमरे में कैद साक्ष्य भी अपने साथ ले गई। लेकिन मोटर साइकिल चोरी का मामला पंजीकृत नहीं किया।

इसके बाद प्रबंधक ने कई बार कस्बा पुलिस से संपर्क किया तो मामले में शिकायत दर्ज करने को कहा कि यदि मोटर साइकिल का कहीं कोई गलत उपयोग हो तो वह इसमें न फंसे और कहीं मोटर साइकिल बरामद हो तो उन्हें इसकी सूचना मिल सके। लेकिन कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज न करना ही उचित समझा। इस संबंध में कस्बा प्रभारी ने बताया कि केवल अशोक पाठक का मामला दर्ज है। दूसरी बाइक चोरी की जानकारी नहीं है।

# डीएम और एसपी ने युवाओं संग की बैठक, दूर की शंका

## अग्निपथ को लेकर युवाओं की चिंता को दूर करने के लिए गिनाईं योजना की खूबियां

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** अग्निपथ को लेकर देश के युवाओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। अग्निपथ योजना के बारे में अवगत कराने के लिए भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना भर्ती की तैयारी कर रहे नवयुवकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मौजूद एसपी ने भी पूर्व सैनिकों एवं सेना भर्ती की तैयारी कर रहे नवयुवकों को योजना के लाभ के बारे में बताया।

**पूर्व सैनिकों एवं सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के साथ की बैठक**

बैठक में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कहा कि सरकार द्वारा कोई भी योजना बनाई जाती है तो सभी के हित को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। समय बदल रहा है, नई टेक्नोलॉजी आ गई है। इसलिए सरकार द्वारा बहुत मंथन के बाद योजनाओं में भी लोगों को लाभ देने के लिए बदलाव किया जा रहा है। यहां तक की अब यूपीएससी एवं पुलिस का भी प्रशिक्षण समय कम किया गया है। इसलिए युवा भ्रमित न हों, अफवाहों और सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों पर कतई ध्यान न दें, अग्निपथ योजना के बारे में अध्ययन जरूर कर लें। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे जिले में अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। युवाओं को हमेशा सकारात्मक सोच लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इसी से उनका भविष्य उज्जवल होगा।

डीएम ने पूर्व सैनिकों से भी अपेक्षा की है कि उनके संपर्क में जो युवक सेना भर्ती की तैयारी कर रहे हैं, उनको इस योजना के बारे में बतायें और समझायें। एसपी अरविंद कुमर मौर्य ने कहा कि युवा भ्रमित न हों, वह अग्निपथ की योजना के बारे में अध्ययन कर लें। सरकार द्वारा यह योजना उनके प्रगति के लिए ही बनाई गई है। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई हो। एक बार विधिक कार्रवाई होने से उन्हें सरकारी सेवा में नहीं लिया जा सकता। इसलिए बहुत सूझ-बूझकर युवा कार्य करें। मेहनत से पढ़ें और आगे बढ़ें।

बैठक का संचालन एडीएम कमलेश चंद्र ने किया। इस दौरान एएसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एसडीएम भिनगा प्रवेंद्र कुमार, इकौना आरपी चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, आशुतोष, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार, अतुल कुमार चौबे, एमपी शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ईश्वर सिंह बिष्ठ सहित सेना भर्ती की तैयारी कर रहे नवयुवक मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में अग्निपथ की बैठक करतीं डीएम। बैठक में मौजूद पूर्व सैनिक व अन्य। -संवाद

# पांच बोटा साखू बरामद, एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार रात सचौली नाला के निकट एक पिकअप बरामद की। जिस पर साखू की लकड़ी लाद कर ले जाई जा रही थी। पुलिस द्वारा मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही लकड़ी सहित पिकअप को सीज कर दिया गया है। सिरसिया में तैनात प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह शनिवार रात गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग पिकअप से जंगल से काट कर साखू की लकड़ी लाद कर कहीं ले जा रहे हैं। जो थाना क्षेत्र के सचौली नाला पुल के पास से होकर गुजरेंगे। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक ने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर नाकेबंदी की। इस दौरान पिकअप सवार वाहन छोड़ कर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर केपी निवासी गुलाम मोहम्मद के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने पिकअप से पांच बोटा साखू बरामद की। मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। (संवाद)

# 37 वाहनों का किया ई-चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न चेकपोस्टों पर वाहनों की जांच कर 37 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 48,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)

# शांतिभंग के आरोप में 11 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात अभियान चला कर 11 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)